रांची एवं पटना से प्रकाशित
रांची • शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 • आश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 • पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 1, अंक : 186
आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

## दिव्य दर्शन
### पूजा पंडालों के खुले पट दर्शन को उमड़े भक्त


राजधानी के कोकर इलाके का भव्य पंडाल.


राजधानी रांची के दुर्गाबाटी में भक्तों को दर्शन देने प्रकट हो गई मां भवानी. (फोटो : रमीज)

### ॥ सप्तमी आज ॥


मां कालरात्रि की पूजा

## तूने मुझे बुलाया शेरावालिए

- नवरात्र की महाष्ठी पर राजधानी रांची के लगभग सभी पंडालों के पट खोल दिए गए. दुर्गाबाटी में मां का पट खुलते ही भीड़ उमड़ पड़ी. भक्तों ने मां का आशीर्वाद लिया.
- **पूजा पंडालों के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी. देर रात तक लोग परिवार के साथ मां का दर्शन करते रहे.**
- पुलिस और प्रशासन की चुस्त व्यवस्था के बीच शहर में लोग दुर्गोत्सव का आनंद ले रहे.

### योगेंद्र तिवारी नौकरशाहों व नेताओं के संरक्षण में कर रहा था

# शराब कारोबार कंट्रोल



विनीत आभा उपाध्याय ।रांची

झारखंड शराब घोटाला के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से ईडी आठ दिनों तक पूछताछ करेगी. कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है. योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किए जाने के बाद शुक्रवार को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया. योगेंद्र तिवारी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने बहस की. ईडी की ओर से योगेंद्र तिवारी से पूछताछ करने के लिए 14 दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी गई, जिसका योगेंद्र तिवारी के अधिवक्ता ने विरोध किया. इसके बाद अदालत ने 8 दिनों की रिमांड की अनुमति दी. कोर्ट से रिमांड की अनुमति मिलने के बाद अब ईडी योगेन्द्र तिवारी से 8 दिनों तक पूछताछ करेगी.

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया था. उन पर शराब घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है. मामले में ईडी ने बीते 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपास टाउन स्थित डॉ. राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथालपरगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तऔर सहित जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे.

## ईडी 8 दिनों तक पूछताछ करेगी

### अवैध कारोबार के लिए कर्मचारियों के नाम का इस्तेमाल किया

ईडी ने योगेंद्र को रिमांड के लिए जो वजहें बताई, उनमें यह जिक्र है कि वह अपने कई कर्मियों के नाम पर बैंक खाता खोलवाए और उसका संचालन खुद करते थे. यही नहीं योगेंद्र बालू और शराब का अवैध कारोबार करने के लिए अपने कर्मियों का इस्तेमाल करते थे. कर्मियों का नाम अपने पार्टनर के रूप में दिखाया, लेकिन उसका ही पूरा कंट्रोल था. अवैध खनन और लैंड स्कैम के आरोपी प्रेम प्रकाश के साथ योगेंद्र ने 2021 में नौकरशाहों और नेताओं की मदद से शराब व्यवसाय पर कंट्रोल कर लिया. ईडी ने मामले में कई थानों में दर्ज एक दर्जन से ज्यादा प्राथमिकी को एक साथ लेकर कांड संख्या ईसीआईआर/आएनजेडओ /09/2022 दर्ज किया है.

### देवघर टाउन थाना केस में हैं 25 आरोपी, ईडी ने टेकअप किया

ईडी ने देवघर के टाउन थाना में दर्ज जिस कांड संख्या 342/2022 को टेकअप किया है, उसमें कुल 25 आरोपी हैं. इनमें विवेक मिश्रा, संजय पांडे, लूटन सिंह, मुनाम संजय, योगेंद्र तिवारी, अभिषेक आनंद झा, रौशन सिंह, बृज मोहन सिंह, गोपाल प्रसाद, अभिनेष बरनवाल, अरुण शाह, अमरनाथ टेकरीवाल, आरती रॉय चौधरी, भास्वती कोनार , उर्मिला रॉय, सुभाष साहा, स्नेह चांदनी, अर्पणा, निवेदिता कुमारी, राजेश रंजन, सीमा देवी, ललन पांडेय, ज्ञानी मिश्रा, इंदु मिश्रा, महामाया देवी समेत अन्य लगभग आधा दर्जन लोगों का नाम शामिल है. इनके खिलाफ भादवि की धारा 419,420, 467,468, 471,379,427, 120 (बी) और 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### जसीडीह थाना में दर्ज केस भी ईडी ने टेकअप किया

ईडी ने देवघर के जसीडीह थाना में दर्ज कांड संख्या 50/2020 को भी टेकअप किया है, जिसमें तत्कालीन सीओ अमर प्रसाद, मार्गरेट एन रॉय, अरुण रॉय, रॉबिन रॉय, मित्रा लावण्याकर, भास्वती कोनार,आरती रॉय चौधरी, अनिरुद्ध कुमार सिंह, ज्ञानचंद्र शशि, कृष्णा सिंह, योगेंद्र तिवारी, सुदीप कुमार डे, शंकर सिंह, मुनम संजय, रोशन कुमार, बृजमोहन सिंह, गोपाल प्रसाद, अमरनाथ टेकरीवाल, विवेक मिश्रा, बिरजुनाथ हांसदा और राहुल कुमार चौबे का नाम शामिल है.

## गैंगरेप के दोषियों की फांसी की सजा को हाईकोर्ट ने पलटा

**रांची ।** हाईकोर्ट के जज जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने दुमका सिविल कोर्ट के एक फैसले को पलट दिया है. दोषियों की फांसी की सजा को पलट कर दोबारा ट्रायल का आदेश दिया है. दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने गैंगरेप के तीन आरोपियों को वर्ष 2020 में दोषी करार देते हुए फांसी की सजा दी थी. फैसले को बरकरार रखने के लिए हाईकोर्ट में डेथ रेफरेंस याचिका पेश की गयी. मामले में सरकार की ओर से लोक अभियोजक पंकज कुमार ने पक्ष रखा, वहीं हाईकोर्ट ने मामले के लिए अधिवक्ता कुमार वैभव को अमेकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया था. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार की डेथ रेफरेंस याचिका खारिज कर दी. साथ ही तीनों आरोपियों के खिलाफ फिर ट्रायल शुरू करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जिस कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया, उस कोर्ट में ट्रायल न हो, बल्कि दूसरे कोर्ट में ट्रायल किया जाए.

- दुमका कोर्ट ने तीन दोषियों को दी थी फांसी की सजा

### पेयजल विभाग से डिबार शिल्पी कंस्ट्रक्शन कंपनी अब ब्लैकलिस्टेड होगी

# 26 करोड़ की जलापूर्ति योजना लटकाई

अमित सिंह।रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने शिल्पी कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी शुरू कर दी है. कंपनी पर निर्धारित समय के अंदर जलापूर्ति योजना का काम पूरा नहीं करने का आरोप है. 2016 में कंपनी को रांची के टाटीसिलवे पंचायत में 26 करोड़ की जलापूर्ति योजना का काम स्वीकृत हुआ था. शिल्पी कंस्ट्रक्शन को इस योजना का काम 2019 में पेयजल-स्वच्छता विभाग पश्चिम प्रमंडल के तहत मिला था. योजना का काम ढाई साल में पूरा करना था. मगर कंपनी ने अबतक योजना का काम पूरा नहीं किया है.

विभाग की तरफ से कंपनी पर काम पूरा करने का दबाव बढ़ा, तो कंपनी ने नियम विरुद्ध एडवांस राशि मांगी. अब विभाग ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी शुरू कर दी है. विभागीय मत्री मिथलेश ठाकुर ने इस पर सहमित भी जता दी है.

**कंपनी को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू :** मंत्री की सहमति मिलते ही कंपनी को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. वहीं कंपनी को बचाने के लिए विभाग के इंजीनियर लगे हैं. कंपनी को कई स्थानों पर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था. मगर कंपनी की लापरवाही की वजह से चार साल गुजर जाने के बाद भी लोगों को करोड़ों की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है.

### कंपनी ने काम अधूरा छोड़ा, नहीं शुरू हो सकी जलापूर्ति



शिल्पी कंस्ट्रक्शन ने अनोखा काम किया है. टाटीसिलवे जलापूर्ति योजना के तहत स्वर्णरेखा नदी में शंप बनाने, दो ओवर हेड वाटर टैंक बनाने, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने सहित जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन भी बिछानी थी. लेकिन कंपनी ने आधा अधूरा काम किया. नदी में शंप बना कर, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछा तो दी, लेकिन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से ओवरहेड वाटर टैंक तक पाइप नहीं बिछायी, जिस वजह से शंप, ट्रीटमेंट प्लांट ओर ओवर हेड टैंक बनने के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी.

### विभाग कंपनी को पहले ही कर चुका है डिबार

पेयजल विभाग शिल्पी कंस्ट्रक्शन को पहले ही डिबार कर चुका है. कंपनी को बगोदर प्रखंड में बगोदरडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना का काम मिला था. पेयजल विभाग ने कंपनी को योजना का कार्य समय से पूर्ण नहीं करने के कारण विभागीय निविदाओं में भाग लेने से वंचित करते हुए एक वर्ष तक के लिए निलंबित (डिबार) कर दिया. इसकी जानकारी पेयजल विभाग में 22 मार्च 2022 को विधानसभा में दी थी.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,800 |
| चांदी (किलो) | 76,500 |

### ब्रीफ खबरें

#### चतरा सदर अस्पताल अब 300 बेड का होगा

**रांची।** चतरा जिले का सदर अस्पताल अभी 100 बेड का है, जिसे 300 बेड का बनाने की योजना है. स्वास्थ्य विभाग ने भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 59 लाख 72 हजार 868 रुपए का आवंटन किया है. राशि के व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार होंगे, जबकि नियंत्री अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे. राशि की निकासी रांची कोषागार से की जाएगी.

### झारखंड के 11 आईएएस किए जाएंगे प्रमोट, सरकार ने शुरू की तैयारी

# चौबे समेत 3 पीएस और एक्का बनेंगे मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता।रांची

झारखंड के तीन आईएएस जल्द ही प्रधान सचिव बनाए जाएंगे. इसके अतिरिक्त सात विशेष सचिव स्तर के आईएएस को सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाएगा. इसकी तैयारी राज्य सरकार ने शुरू कर दी है.

राज्य सरकार ने 1999 के बैच के अधिकारी रहे सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार एवं उच्च तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव के पद पर प्रमोशन के लिए केंद्र सरकार से सुपर टाइम स्केल में प्रोन्नति देने के लिए तीन रिक्तियां मांगी है. इसके अलावा प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को मुख्य सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाना है. इसके लिए भी सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी गयी है. सात अन्य आईएएस की भी रिक्तियां मांगी गयी हैं, जो अभी वर्तमान में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं. इन्हें सचिव के पद पर प्रमोशन दिया जाएगा. बतातें चलें कि सभी को एक जनवरी 2024 की तिथि से प्रमोशन दिया जाना है. इसको लेकर कार्मिक विभाग ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर 11 रिक्तियों की मांग की है. रिक्ति मिलने के बाद डीपीएस की बैठक में अफसरों के नामों पर विचार-विमर्श होगा और इसकी अनुशंसा केंद्र सरकार से की जाएगी. इसके बाद केंद्रीय कार्मिक विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा.

#### राज्य सरकार ने केंद्र से सुपरटाइम स्केल में प्रमोशन देने के लिए मांगी तीन रिक्तियां


राजीव अरुण एक्का | विनय चौबे | सुनील कुमार | राहुल पुरवार

### अच्छी पहल समाज कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने तैयारी शुरू की

# दिवाली बाद आंगनबाड़ी के बच्चों को मिल सकता है अंडा

कौशल आनंद।रांची

राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में दिवाली के बाद यानी दिसंबर से बच्चों को अंडा मिलने की संभावना बढ़ गई है. घोषणा के बावजूद अब तक वितरण न होने से सरकार की किरकिरी हो रही थी. इसी को देखते हुए सीएम ने विभागीय मंत्री एवं अफसरों को दिशा-निर्देश दिए हैं. सीएम के निर्देश के बाद इसमें आ रहे पेंच को सुलझा लेने का दावा किया गया है. विभाग अब दिसंबर से अंडा वितरण की तैयारी में जुट गया है.

बतातें चलें कि अप्रैल 2019 के बाद से ही आंगबाड़ी केंद्रों में अंडा बंद है. इस को लेकर स्वयं सीएम ने भी अंडा सप्ताह में पांच दिन देने की घोषणा की थी. इसमें हो रही देरी से सीएम खफा बताए जा रहे हैं. इसके बाद से विभाग हरकत में आ गया है. अब संभावना है कि दिसंबर से अंडा वितरण शुरू हो सकता है.

#### सीएम ने खुद लिया संज्ञान, विभागीय मंत्री व अफसरों को दिया निर्देश

##### ये है बड़ा पेंच, पेंच सुलझने के आसार



दरअसल सीएम ने घोषणा की थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए फूलो-झानो योजना के तहत एवं पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न स्कीमों के तहत ग्रामीणों द्वारा उत्पादित अंडे को लेकर इसका वितरण किया जाएगा. मगर इसमें पेंच यह थी कि जितने अंडे की जरूरत है. उतना मिलेगा नहीं. अब इस पेंच को दूर करते हुए रास्ता निकाला गया है कि जितने अंडे ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं, उन्हें पहले लिया जाए. इसके बाद अगर मांग पूरी नहीं होती, तो बाहर से व्यवस्था की जाए. अब यह आकलन किया जाएगा कि कितने अंडे झारखंड से उत्पादित मिल सकते हैं. इन अंडों को सरकार पहले लेगी, इसके बाद अन्य स्रोत से अंडे लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किया जाएगा. बतातें चलें कि झारखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 38 हजार से ऊपर है. जबकि इनमें पढ़न वाले बच्चों की संख्या करीब 15 लाख है. यानी की हर दिन कम से कम 15 लाख अंडे की जरूरत पड़ेगी.

- राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या : **38,400**
- बच्चों की संख्या : **15,36,000**
- कितने साल के बच्चे पढ़ते हैं : **3 से 6 साल**

एक दिन में वितरित होनेवाले अंडे की संख्या : **15,36,000**

अंडा वितरण में कुछ पेंच एवं समस्या आ गयी थी. जिसे दूर किया जा रहा है. संभावना है कि नवंबर या दिसंबर से आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा वितरण शुरू हो जाएगा. हमने जो घोषणा की है, उसे हर हाल में धरातल पर उतारेंगे. सरकार अपनी घोषणा को भूली नहीं है.
**-जोबा मांझी,** समाज कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण विभाग



शुभम संदेश में प्रकाशित खबर

SRISHTI HOSPITAL
(A Unit of Anju Health and Social Seervices Pvt. Ltd.)

FACILITIES AVAILABLE
- Laboratory
- Digital X-Ray
- OT with C-Arm IITV
- Accidental Services
- 24 Hrs Emergency Services
- Physiotherapy
- Pharmacy
- Ultrasound
- Colour Doppler
- Echo Cardiography
- ECG
- Colposcopy
- Sonomammography
- Dialysis
- ICU
- C. T. Scan
- Pathology
- Modular O. T.
- Ambulance 24 Hours Service
- Cafeteria

DOCTORS AVAILABLE
- Dr Sudhakar deo (Senior Orthopaedic Surgeon)
- Dr Kamlesh chandra (Orthopaedic Surgeon)
- Dr Jatin sethi (Neurosurgeon)
- Dr S Kumar(Neuro Physician)
- Dr Vijay kumar (Diabetologist)
- Dr Anil kumar (General Surgeon)
- Dr Priyanaka Kumari (General Surgeon)
- Dr Mukul Kumar (General Physicain)
- Dr Hrishikesh Jha (ICU & Anaesthesia)
- Dr Shubham Shekhar (General Physicain)
- Dr Nirmala Mundu (Gynaecologist)
- Dr Priyanaka verma (Gynaecologist)
- Dr D kumar (Duty Doctor)
- Dr K Kumari (Pathologist)
- Dr. Abhinav Mishra (Orthopaedic Sports Injury)

SPECIALITY AVAILABLE
- Orthopaedics
- General Medicine/ Cardiology
- Obs & Gynecology
- General/Labroscopic Surgery
- Paediatrics
- Urologist
- Plastic Surgeon
- Psychiatrist
- Consultant Physician
- Pulmonologist
- Diabetologist
- Dermatologist

All Major TPA & Insurance

24/7 Emergency Services



Main Road Hinoo, Ranchi, Jharkhand 834002
Mob : 9709709007

# ‘बीबीएमकेयू को समाज से जोड़ेंगे, आम लोगों का विवि बनाएंगे’

संवाददाता। धनबाद

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. पवन पोद्दार ने शुक्रवार को विवि के प्रभारी कुलपति का पदभार ग्रहण कर लिया. छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) डॉ. पुष्पा कुमारी, डीन साइंस डॉ. जेएन सिंह, सीसीडीसी डॉ. एके माजी, एफओ डॉ. मुनमुन शरण, पीजी शिक्षक संघ के सचिव डॉ बीएन सिंह, विकास पदाधिकारी आरपी सिंह, कुलपति के ओएसडी डॉ. सत्यम चटर्जी ने उनका स्वागत किया.

प्रभारी कुलपति ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देंगे. इसके लिए ब्लड डोनेशन कैंप, पौधरोपण, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य कर विश्वविद्यालय को समाज से जोड़ने का प्रयास करेंगे. खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा. विश्वविद्यालय को नैक और एबीसी से जोड़ा जाएगा. इसके अलावा सेंट्रल लाइब्रेरी और लैब फैसिलिटी को बेहतर बनाने का प्रयास किया करेंगे.

**रिसर्च, सेमिनार को देंगे बढ़ावा :** उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करेंगे, जिसमें रिसर्च, सेमिनार और वर्कशॉप जैसी गतिविधियों को गति मिल सके. इससे विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कॉलेजों का परसेप्शन ठीक होगा और उन्हें नैक में भी फायदा हो सकेगा.


प्रो. पवन कुमार पोद्दार का स्वागत करतीं डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी

### चार्ज लेते ही छुट्टी पर चले गए प्रभारी कुलपति

चार्ज लेने के साथ प्रभारी कुलपति 26 अक्टूबर तक की छुट्टी पर चले गए. इस दौरान डीएसडब्ल्यू भी छुट्टी पर धनबाद ज़िले से बाहर रहेंगी. इसे देखते हुए प्रो. पवन पोद्दार ने वरीय शिक्षक डीन साइंस सह आरएसपी कॉलेज बेलगड़िया के प्राचार्य डॉ. जेएन सिंह को अपना प्रभार सौंपा है.

### एक बार फिर प्रभारी कुलपति के भरोसे बीबीएमकेयू

**धनबाद।** राजभवन द्वारा 13 अक्टूबर को बीबीएमकेयू के स्थाई कुलपति प्रो. शुकदेव भोई को पदमुक्त किए जाने के बाद यह विवि एक बार फिर प्रभारी कुलपति के हाथों में आ गया है. बीबीएमकेयू की स्थापना से अब तक छह वर्ष की बात करें, तो दो बार स्थाई, जबकि चार बार प्रभारी कुलपति की नियुक्ति हुई है. विवि फिलहाल, रजिस्ट्रार का पद भी प्रभार में चल रहा है. रजिस्ट्रार डॉ विकास कुमार ने वर्ष 2022 में निजी कारणों से पद छोड़ दिया था. तब से यह पद भी प्रभार पर चल रहा है. विवि को छह साल में चार प्रभारी और दो स्थाई कुलपति मिले हैं. विवि की स्थापना के समय 11 नवंबर 2017 से 31 मई 2018 तक डॉ डीके सिंह प्रभारी कुलपति रहे. एक जून 2018 से 31 अगस्त 2021 तक डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने स्थाई कुलपति के रूप में काम किया.

### आजसू छात्र संघ ने किया प्रभारी कुलपति का स्वागत



**धनबाद।** बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार का आजसू छात्र संघ के नेताओं व सदस्यों ने शुक्रवार को जोरदार स्वागत किया. संघ के कोयलांचल प्रभारी हीरालाल महतो, अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधियों ने डॉ. पोद्दार से मिलकर उन्हें बधाई दी. दोनों छात्र नेताओं ने कहा कि आजसू छात्र संघ के लंबे संघर्ष के बाद विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचारी कुलपति से मुक्ति मिली है. उन्होंने प्रभारी कुलपति से बिना टेंडर के कैंटीन आवंटन, मैन पावर सप्लाई जैसे निर्णयों को रद्द करने की मांग की. इसके साथ अंगीभूत कॉलेजों में इंटर व पीजी की पढ़ाई शुरू करने की मांग की. इस अवसर पर विकास कुमार, विवेक महतो, विक्की कुमार, भोला पासवान, जैनुल अंसारी, उत्पल मंडल, शेखर महतो, अंशु पासवान, इंटरमीडिएट शिक्षक राकेश ठाकुर, त्रिपुरारी सिंह, अजय पांडेय, डीके झा आदि मौजूद थे.

## आपकी बात

> झारखंड में विलुप्त होते जतरा रिवाज को भी फिल्म के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया है. उनके साथ इस काम में 30 लोग साथ निभा रहे हैं.



**नाम : रंजु मिंज**
**निवास :** मोरहाबादी रांची
**पेशा :** फिल्म डायरेक्टर
**विशेषज्ञ :** ट्राइबल मूवी मेकिंग

रांची। रंजू मिंज को अपने पिताजी के लिखी कई किताबों को पढ़कर फिल्म बनाने की प्रेरणा मिली. झारखंड के सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए कई सालो से संघर्ष कर रहे हैं. बचपन से ही फिल्म बनाने का सपना था. इसे साकार करने के लिए 15 सालों से संघर्ष कर रहे हैं. फिल्म बनाने का काम 2008 से शुरू किये थे. झारखंड की विभिन्न भाषाओं में अब तक फिल्म बना चुके हैं, जिसमें नागपुरी, खोरठा, संथाली, मुंडारी भाषाओं में फिल्म बना चुके हैं. इनमें आशिक दीवाना, रोमियो रांची समेत कई फिल्म बना चुके हैं. फिल्म जगत में भविष्य संवारने की सपना देख रहे युवाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म देने का काम भी करते हैं. झारखंड में फिल्म बनाने के लिए कई बार सरकार को ध्यान आकर्षण कर चुके हैं. झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को फिल्म के माध्यम से दिखाने का प्रयास करते हैं. इसके अलावा समाज सेवा का काम भी करते हैं. आदिवासी समाज की समस्या को लेकर कई फिल्म बना चुके हैं. फिल्म डायरेक्टर रंजु मिंज ने बताया कि फिल्म बनाने के लिए मुंबई जैसे बड़े शहर से ऑफर छोड़ चुके हैं.

## ब्रीफ खबरें

### विद्यालय में हाई मास्ट लाइट महीनों से खराब

**चाकुलिया।** प्रखंड कार्यालय से सटे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में लगी हाई मास्ट लाइट पांच माह से खराब है. इसकी मरम्मत के लिए आवश्यक पहल नहीं हो रही है. विद्यालय की वार्डन सुमित्रा मांडी ने बताया कि हाई मास्ट लाइट खराब होने की सूचना जिला मुख्यालय को दी गई है. उन्होंने कहा कि हाई मास्ट लाइट की मरम्मत आवश्यक है. बता दें कि इस विद्यालय परिसर में स्थापित हाई मास्ट लाइट से विद्यालय के बाहर रोशनी रहती थी. ये हाई मास्ट लाइट सुरक्षा को लेकर लगायी गई थी लेकिन अब विद्यालय परिसर के बाहर अंधेरा पसरा रहता है.

### बच्चों व अभिभावकों के बीच वस्त्र वितरण

**जमशेदपुर।** विद्या भारती जमशेदपुर द्वारा संचालित संस्कार केंद्र बागबेड़ा के बाजार टोला पंचायत मंडप में केंद्र संचालक मंजू बास्के, सुमन सवैयां ने बच्चों व उनके अभिवावकों के बीच वस्त्र व भोजन पैकेट का वितरण किया. इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व आयुक्त कोल्हान सेवानिवृत्त आईएएस विजय कुमार सिंह उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि संस्कार केंद्र द्वारा सुदूर गांवों में जाकर बच्चों में पढ़ाई के साथ ही अच्छे संस्कारों का विस्तार हो, ताकि वे बड़े होकर देश, अपनी संस्कृति सभ्यता और धर्म के प्रति जागरूक हों. इसके लिए संस्कार केंद्र लगातार प्रयास कर रहा है.

### द हेरिटेज एकेडमी में दशहरा की धूम

**कोडरमा/डोमचांच।** द हेरिटेज एकेडमी स्कूल के प्रांगण में दशहरा की धूम देखने को मिली. इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, आदि के परिवेश में नन्हे मुन्ने सभी के मन को मोह लिया. बच्चों ने रघुपति राघव राजा राम, राम जी की निकली सवारी, कभी राम बन के, जय सीया राम आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा से सभी को आकर्षित किया. बच्चों ने रावण दहन कार्यक्रम के जरिये सभी को आकर्षित किया. मौके पर विद्यालय के उप निदेशक उमेश सिंह ने बच्चों को उत्साह पूर्वक ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए.

### सीपी समिति स्कूल में मना नवरात्र उत्सव, कई कार्यक्रम आयोजित

# नवदुर्गा की जीवंत प्रस्तुति


अतिथियों के साथ नवदुर्गा रूप में प्रतिभागी छात्राएं.

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के केबुल बस्ती स्थित सीपी समिति मध्य विद्यालय में नवरात्र महोत्सव मनाया. शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी पूजन दिवस के अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने नवदुर्गा का रूप धारण किया. बच्चों ने मां दुर्गा के नौ स्वरूप का दर्शन और चित्रण किया. इस दौरान दुर्गा स्तुति, महिषासुरमर्दिनी स्त्रोत पर नृत्य का मंचन हुआ. बच्चों के बीच डांडिया और गरबा नृत्य की धूम रही. गरबा नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की गई. इस प्रस्तुति ने मौजूद अतिथियों और लोगों का मन मोह लिया. इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित थे. उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति और शिक्षकों की पहल की सराहनी की.

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को कला संस्कृति से जोड़ते हैं. माता दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत एवं नारी शक्ति का प्रतीक हैं. सत्य को चाहे जितनी भी कठिनायों का सामना करना पड़े या दुख सहना पड़े. अंत में सत्य की जीत होती है. उन्होंने बच्चों को सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा दी. इस दौरान विद्यालय के महासचिव परमानंद कौशल, उपाध्यक्ष मोहन कुमार, सालिक देवांगन और प्रभारी प्रधानाध्यापक विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुमन सिंह और कार्यक्रम की रूपरेखा त्रिलोचन कौर ने रखी. कार्यक्रम में शिक्षक चांद सिंह, हीरा दास मानिकपुरी, कौशिक दत्ता, रेखा कुमारी, अनुसुइया कुमारी, सीमा, अर्चना सिंह, संगीतामेरी सुरेन, तारकेश्वरी देवी, रोशनी कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे.



### स्कूलों में बच्चों ने खेला गरबा

**धनबाद।** महाषष्ठी के दिन शुक्रवार को सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल धनबाद और हैप्पी चाइल्ड नर्सरी स्कूल में गरबा का आयोजन किया गया. विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने इसमें भाग लिया. सेंट जेवियर्स की कैंब्रिज एसेसमेंट को-ऑर्डिनेटर चांदनी त्रिगुणायत के दिशा निर्देशन में बच्चों ने खूब मस्ती की. विद्यालय के संयुक्त निदेशक अनूप सिंह ने कहा कि बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होना चाहिए. इस अवसर पर कृष्णा विश्वास, झुंपा सिंह, सत्यम राय, आरिफ खान, अजितेश कुमार, संतोष सिंह, अंतू चक्रवर्ती सहित समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे. वहीं दूसरी ओर हैप्पी चाइल्ड नर्सरी स्कूल में नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित गरबा डांस में छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया.

### सेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल में डांडिया नृत्य का हुआ आयोजन

**चक्रधरपुर।** शहर के पंप रोड स्थित सेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल में शारदीय नवरात्रि के छठवें दिन मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी को विद्यार्थियों द्वारा डांडिया नृत्य कर समर्पित किया. स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंजलिना फर्नांडो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण दुर्गा का नाम कात्यायनी रखा गया. कात्यायनी सफलता और यश का प्रतीक हैं. मांगलिक कार्यों में छठी शक्ति यानी आज की पूजा का बहुत महत्व होता है. इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने आकर्षक पोशाकों में गरबा व डांडिया नृत्य कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया.



### दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुआ डांडिया नृत्य

**गिरिडीह।** हरसिंहरायडीह स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में शारदीय नवरात्र के मौके पर डांडिया नृत्य का खास आयोजन किया गया. खास इसलिए की स्कूल की छात्राओं के साथ उनकी मां और स्कूल की शिक्षिकाएं भी डांडिया नृत्य में शामिल हुई. इस दौरान डांडिया नृत्य की शुरुआत स्कूल के चेयरमैन ऋषि सलूजा ने माता की तस्वीर के समीप दीप जलाकर किया. इसके बाद शारदीय नवरात्र के भजनों के बीच महिलाओं और शिक्षिकाएं एक साथ डांडिया खेलती नजर आयि झुमाने वाले कई भजनों में महिलाएं झूमीं, और जमकर डांडिया खेली. देर शाम हुए आयोजन को लेकर महिलाएं भी शारदीय नवरात्र के पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई. वही आयोजन के बाद स्कूल के चेयरमैन ऋषि सलूजा ने महिलाओ और फीमेल टीचर के बीच रैंप वॉक का आयोजन किया गया. जिसमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले महिलाओ और फीमेल टीचर को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया.

## बीएड कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को मिली जानकारी

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के लर्निंग सपोर्ट सेंटर में आयोजित इग्नू बीएड (2022-2023) की कार्यशाला-2 के दूसरे दिन शुक्रवार को बीएड प्रोग्राम को-आर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने सत्र की शुरुआत की. प्रार्थना सभा के संग को-ऑर्डिनेटर ने प्रथम दिवस के सभी सत्र का संक्षिप्त परिचय दिया एवं शिक्षार्थियों को प्रतिवेदन तैयार करने की सलाह देते हुए उन्होंने पाठ्यचर्या विश्लेषण के महत्वपूर्ण पक्ष को रेखांकित किया. आज के सत्र के पहले अंश एवं दूसरे अंश की रिसोर्स पर्सन कोल्हान विश्वविद्यालय एमएड विभाग की डॉ सुचित्रा बेहरा थीं. उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पाठ्यक्रम विश्लेषण पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया.

उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं वह किस हद तक हमारे देश समाज एवं व्यक्तित्व के लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं. एक शिक्षक के रूप में हमें अपने पाठ्यक्रम का अवलोकन कर उनमें निहित उद्देश्यों को पूरा करना चाहिए. कार्यशाला के तीसरे एवं चौथे अंश का संचालन जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी एमएड विभाग की सोनी कुमारी ने किया.


कार्यशाला को संबोधित करतीं को-ऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा.

## देवी-देवताओं के वेश में मन मोहा

संवाददाता। कोडरमा

दुर्गा पूजा को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. मौके पर बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया. अलग-अलग देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे बच्चे आकर्षण का विशेष केंद्र थे.

नर्सरी से क्लास 3 तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और वर्ग 4-5 के बच्चों के बीच श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें तनिष्का, अनुप्रिया, हर्षित, दिव्यांक, अपराजिता, श्रेयांश, सृष्टि, रागिनी, शिवांशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला. जबकि वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच आयोजित अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रामेबाज का किताब सौरव रंजन को मिला.

### अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ जेजे कॉलेज के प्राध्यापक रितेश कुमार माधव, रेल विभाग के लोको पायलट मोहन कुमार, मीडिया प्रभारी सह मानवाधिकार अपराध एवं नियंत्रण के ब्यूरो चीफ राम कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया.

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा, एडमिशन के लिए कोर कमेटी हुई गठित

संवाददाता। जमशेदपुर

पिछली पीएचडी प्रवेश परीक्षा (केयूपीटी-2022) को रद्द कर दिये जाने के बाद कोल्हान विश्वविद्यालय ने राजभवन के निर्देश फिर से इस परीक्षा का नया कैलेंडर जारी कर दिया है. यह परीक्षा आगामी 3 दिसंबर को होगी. इस घोषणा के साथ ही परीक्षा की निगरानी के लिए कुलपति की अध्यक्षता में एक कोर कमेटी का गठन कर दिया गया है. इसी कमेटी की देखरेख में एडमिशन भी संपन्न होगा. परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है. इसकी अंतिम तिथि 3 नवंबर है. परीक्षा व एडमिशन को लेकर गठित कोर कमेटी के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति होंगे. वहीं डीएसडब्ल्यू समेत अन्य पदाधिकारियों को कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. इसके साथ ही विश्वविद्यालय के नैक को-ऑर्डिनेटर मेंबर सेक्रेटरी होंगे. परीक्षा के आवेदन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है लेकिन परीक्षा की अधिसूचना उन परीक्षार्थियों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है, जो पिछले वर्ष आयोजित परीक्षा में शामिल हुए थे.



### आरयू : छात्रों ने किया विरोध

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का नोटिफिकेशन जारी किया है. नोटिफिकेशन जारी करते ही छात्र संगठन इसकी फीस को लेकर विरोध कर रहे हैं. विश्वविद्यालय सामान्य कोटि के छात्रों के लिए फार्म का शुल्क 300 रुपए और परीक्षा शुल्क 2500 रुपए तय किया था. छात्र फीस कम करने की मांग कर रहे हैं.

### डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल में नवरात्रि उत्सव

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 9 रानी पोखर स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नवरात्रि उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने मां दुर्गा की मनमोहक प्रस्तुति दी. बच्चियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों व उनकी शक्तियों से अवगत कराया. बच्चों ने माता दुर्गा, मां सरस्वती, मातालक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, महिषासुर का वेश धारण कर अपनी प्रस्तुति दी. इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत के लिए मनाई जाती है. मौके पर स्कूल के उप्राचार्य आलोक चतुर्वेदी, शिक्षिका बिंदु सिंह, स्निग्धा बोस, गीता कुमारी, साक्षी कुमारी, राखी कुमारी, अन्नू सिंह, प्रीति झा आदि मौजूद रहे.

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में डांडिया

संवाददाता। कोडरमा

चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में नवरात्र के शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें बच्चों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य कर पूजा को विशेष बना दिया. सभी ने मिलकर कई गुजराती, राजस्थानी गानों व भक्ति भजनों पर उत्साह पूर्वक एक साथ नृत्य किया. सभी ने मां दुर्गा को समर्पित भजनों व डांडिया पर नृत्य प्रस्तुत किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि नवरात्र जहां एक ओर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर लोगों के अंदर भक्ति व श्रद्धा का उमंग भर देता है. डांडिया और गरबा नृत्य मां दुर्गा को समर्पित किया जाता है. श्रद्धा व भक्ति में ये दोनों नृत्य की जाती है. इस अवसर पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, सह निदेशिका खुशबू गुप्ता, शिक्षक राहत अली, चंदन कुमार चौधरी, उत्तम कुमार, राजीव रंजन, अनुपम कुमार दास, शिक्षिका सुचित्रा सिन्हा, रानी देवी, निशा भारती, रिंकी कुमारी, सुनंदा पाठक, पूजा यादव, द्रक्षा आदि उपस्थित थे.




### गुरुनानक स्कूल की एनसीसी गर्ल्स ने निकाली रैली

**रांची।** गुरु नानक विद्यालय की एनसीसी गर्ल्स द्वारा शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान कैडेटों ने पर्यावरण बचाओ, पृथ्वी बचाओ के तहत लोगों को प्लास्टिक की जगह कागज और कपड़े के थैले का उपयोग करने की सलाह दी. साथ ही कचरे को एक जगह एकत्र कर जलाने की जगह नगर निगम को देने की बात कही गयी. जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर सुजाता चौक तक रैली निकाली गयी.

IN THE COURT OF
SMT SATYABALA SINHA
EXECUTIVE MAGISTRATE/
BERMO AT TENUGHAT

AFFIDAVIT

I, UMA CHARAN RAM S/O! BHARAT RAM resident of village Ganjhudih P.O.-Swang, P.S. Gomia, District Bokaro (Jharkhand) Pin-829128 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That my nationality is Indian.
2. That, my correct name is UMA CHARAN RAM.
3. That, I am known by two names i.e. UMA CHARAN RAM and UMA CHARAN RABIDAS.
4. That, according to my Aadhar card vide Aadhar No.6304 9139 4555 my name is UMA CHARAN RAM.WHERE AS in my Bank Passbook. Vide A/C No.489810100002147 (B.O.I. Branch Sawang colle.) my name has been mentioned as UMA CHARAN RABIDAS.
5. That, both “names are the name of same and only one person i.e. UMA CHARAN RAM (myself).
6. That, I am swearing this affidavit for the correction in my above mentioned Bank Passbook as UMA CHARAN RAM which is my correct name.

Aff. No. 2038/07.10.23

क्लासिफाइड







### कार्यक्रम | सरकारी स्कूलों में खादी महोत्सव का आयोजन, महत्व व उपयोग के फायदे बताये

# भारतीयों के आत्मनिर्भरता का प्रतीक है खादी: प्रमोद

संवाददाता। मैथन

सरकारी स्कूलों में शुक्रवार को खादी महोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को खादी के महत्व व उपयोग के फायदे बताये. एग्यारकुंड मध्य विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्राधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि खादी महोत्सव का उद्देश्य नागरिकों विशेष कर छात्रों एवं युवाओं को खादी के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है. आगे कहा कि भारतीयों की आत्मनिर्भरता और ब्रिटिश मिल में निर्मित कपड़ों के उपयोग के प्रतिरोध का प्रतीक है खादी.



यह भारत का वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाले हाथ से बने एवं हाथ से बुने हुए खादी के कपड़ों का जश्न मनाया जाता है. खादी आंदोलन का उद्देश्य कपास सहित विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना और भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देना था.


कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, प्रमोद राव, विदन मंडल, पंपी खा, कुमारी सोना दास, जमुना बाउरी, राजेश बाउरी, हेमलाल बाउरी, मारुती बाउरी, दुलाली बाउरी, चंदना बाउरी आदि उपस्थित रहे.



**खास बातें**

- स्कूल के बच्चों को खादी के फायगे की जानकारी दी
- कार्यक्रम में खादी पहनने के लिए प्रेरित किया गया

## शारदीय नवरात्र
### सप्तमं कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्ण पूरा नग्ना खरास्थिता लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी। वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।**

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के रूप में कालरात्रि के दर्शन पूजन का विधान है.

**विग्रह:** मां कालरात्रि का वर्ण रात्रि के समान काला है, परन्तु वे अंधकार का नाश करने वाली हैं. दुष्टों व राक्षसों का अंत करने वाला माँ दुर्गा का यह रूप देखने में अत्यंत भयंकर है, लेकिन शुभ फल देता है इसलिए मां ₹शुभंकरी₹ भी कहा जाता है. अपनी हर श्वास के साथ अपनी नासिका से अग्नि की ज्वालाएं निकलती रहती हैं. अपने चार हाथों में खड्ग, लोहे का अस्त्र, अभयमुद्रा और वरमुद्रा धारण की हुई मां कालरात्रि अपने वाहन गर्दभ पर सवार हैं.

**पूजा विधि:** सप्तमी पूजा के दिन तंत्र साधना करने वाले साधक आधी रात में देवी की तांत्रिक विधि से पूजा करते हैं तथा इस दिन मां की आंखें खुलती हैं. पूजा करने के बाद मां का ध्यान करना चाहिए. इनकी पूजा पूरी हो जाने के बाद शिव और ब्रह्मा जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए. फिर आरती कर प्रसाद ग्रहण करना चाहिए.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय



राजधानी रांची के त्रिकोण हवन कुंड पूजा पंडाल का शुक्रवार को उद्घाटन करने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो. साथ में हैं पूजा समिति के पदाधिकारीगण.

## आओ जानें
## जुगसलाई से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | झामुमो | दुलाल भुईंया |
| 2005 | झामुमो | दुलाल भुईंया |
| 2009 | आजसू | रामचंद्र सहिस |
| 2014 | आजसू | रामचंद्र सहिस |
| 2019 | झामुमो | मंगल कालिंदी |



### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार पर साधा निशाना, कहा
# घोषणाओं की झड़ी लगा कर जनता को भ्रमित कर रहे हेमंत

संवाददाता। रांची।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि हेमंत सोरेन घोषणावीर मुख्यमंत्री हैं. जब उनके कार्यकाल के अंतिम कुछ महीने ही बचे हैं तब वे घोषणाओं की झड़ी लगा कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं. कहा गया कि सीएम ने अबुआ आवास योजना की घोषणा 15 अगस्त को ही की थी, लेकिन आज तक इस योजना के लिए 15000 करोड रुपए के बजट के प्रावधान को लेकर स्पष्ट जिक्र नहीं किया है. योजना के लिए कहां आवेदन देना है यह भी स्पष्ट नहीं है.



**करोड़ों रुपए प्रचार पर खर्च :** प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसी तरह ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की और उसमें सब्सिडी देने की घोषणा की, लेकिन उसके डिलीवरी मेकैनिज्म को इतना पेंचीदा बना दिया कि लाभुकों को शायद ही इसका लाभ मिल पाए. इससे पहले मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए प्रचार पर खर्च करके गरीबों के लिए प्रति लीटर पेट्रोल में 25 रुपये सब्सिडी की घोषणा की थी. चंद महीनों में ये घोषणा हवा हवाई हो गई.

### रघुवर दास का भाजपाइयों ने किया अभिनंदन

**आदित्यपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल बनाए जाने पर शुक्रवार को भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली के नेतृत्व में स्वागत किया गया .स्वागत कार्यक्रम उनके जमशेदपुर स्थित आवास पर हुआ,जहां आदित्यपुर के भाजपा नेताओं ने उनका किया है. इस मौके पर भाजपा आदित्यपुर मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, देवेश महापात्रा, संजीव सिंह, गणेश कालिंदी, अशोक सिंह, गुरजीत सिंह आदि मौजूद थे.



## झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने रघुवर दास को दी बधाई

संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए रघुवर दास को शुभकामनाएं दी है. झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं कार्यसमिति सदस्य नीरज भट्ट व संजीव दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ओड़िशा के राज्यपाल बनाये गये हैं. रघुवर दास ने झारखंड में अपने दायित्व को बखूबी निभाया. अब उनका अनुभव का लाभ ओड़िशा की जनता एवं सरकार को मिलेगा. वे झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता की सेवा की है.



## पूर्व आईएएस ब्रजमोहन आजसू में शामिल

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. ब्रज मोहन बिहार अभियंत्रण सेवा में रहते हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता के पद पर काम कर चुके हैं. भारतीय प्रशासनिक सेवा में सचिव स्तर के अधिकारी रहते हुए एमडी झारखंड आवास बोर्ड, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, प्रशासक स्वर्णरेखा परियोजना, कमिश्नर कोल्हान रहे हैं. इनका स्वागत पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने किया. पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परिषद का गठन हो, यह राज्य के लिए आवश्यक है.

**ब्रज मोहन के अनुभव का लाभ राज्य और पार्टी को मिलेगा :** सुदेश महतो ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सिर्फ राजनीतिक अनुभव या राजनीति के माध्यम से जीत कर आने वाला व्यक्ति ही काम नहीं कर सकता है. इस अवधारणा को बदलना होगा. अलग अलग सेक्टर में योगदान देने वाले और अपने अनुभव से झारखंड के लिए बेहतर काम करने वाले लोग राज्य को नेतृत्व दें, इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है. नई सोच के साथ नए नेतृत्व को आगे आना होगा. सभी हकदार को भागीदार बनाना हमारा लक्ष्य है.



**खास बातें**
- सुदेश ने कहा- नयी सोच के साथ आगे आना होगा
- राजनीति से जुड़कर काम करना है : ब्रजमोहन

### सुदेश ही झारखंड के एक मात्र विकल्प : ब्रजमोहन

पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार ने पार्टी की सदस्यता लेते हुए कहा कि सुदेश महतो के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूं. मुझे शुरू से ही समाज के लिए कुछ बेहतर करने की इच्छा रही है. इसी के तहत रिटायरमेंट के बाद राजनीति से जुड़ कर लोगों के हित के लिए काम करने के लिए आजसू पार्टी से बेहतर कोई राजनीतिक विकल्प नहीं दिखा.

### जिप सदस्य ने दी शुभकामना

घाटशिला। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल मनोनीत किये जाने पर घाटशिला की जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने शुक्रवार को जमशेदपुर स्तिथ आवास पर जाकर शुभकामनाएं दी. जमशेदपुर स्थित आवास में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, कुसुम पूर्ती व पूर्व प्रमुख हीरामणि मुर्मू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर रघुवर दास का अभिनंदन किया.

### भाजपा नेता अभय सम्मानित किए गए

**जमशेदपुर ।** कदमा शास्त्री नगर मामले में जेल रिहाई के बाद शुक्रवार को भाजपा नेता सह हिंदूवादी नेता अभय सिंह से पूर्व मंत्री सह आजसू केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने औपचारिक मुलाकात की तथा बुके और शाल देकर सम्मानित किया. मौके पर सहिस ने कहा कि अभय सिंह द्वारा जिस मुखरता के साथ आवाज बुलंद कर लड़ाई को अंजाम दिया जाता है उसमें कही से भी कोई त्रुटि नही है. लेकिन वर्तमान सरकार उनकी आवाज दबाने के लिए अथक प्रयास कर झूठे मामले में इतने दिनों तक जबरन जेल में डाल कर रखने का काम किया. लेकिन अंततः जीत सत्य की हुई. इस सत्य का परिणाम है कि मां भगवती के दरबार में सकुशल हाजिर है. वहीं अभय सिंह ने भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पुरुखों के द्वारा सिखाया गया है कि अन्याय सहना नहीं है. अत्याचार होते देखना नहीं है और इसके विरुद्ध अगर आवाज उठाते हुए जेल जाना पड़े तो फिर से मंजूर है.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व मुखिया विधायक प्रतिनिधि बनाए गए

**गढ़वा।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के पूर्व मुखिया गढ़वा जिला 20 सूत्री सदस्य अनिल कुमार चंद्रवंशी को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है .उक्त आशय की जानकारी आशीष कुमार गुप्ता ने देते हुए बताया कि श्री चंद्रवंशी को विधायक प्रतिनिधि बनने से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यों में खुशी का माहौल है. उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि उनके विधायक प्रतिनिधि बनने से उनके पूर्व के कार्य के अनुभव के आधार पर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से अग्रसर हो सकेगा.

### राज्यपाल राधाकृष्णन को जन्मदिन की बधाई दी

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. शुक्रवार को उनका जन्मदिन था.सीएम ने ट्विट करते हुए कहा कि "राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जन्मदिन की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार. वहीं बाबूलाल मरांडी ने ट्विट करते हुए कहा है कि झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं .

### पूर्व विधायक ने कई पंडालों का किया भ्रमण

**कोडरमा ।** जयनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर बनाये गये पूजा पंडाल का पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने शुक्रवार को भ्रमण किया. जानकी प्रसाद सतडीहा, सरमाटांड़, जयनगर पश्चिमी, डंडाडीह, बेको, गोहाल, तिलोकरी सहित कई पंडालों में जाकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. मौके पर जयनगर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष वीरेन्द्र मोदी, मुखिया कौशर खान, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, महेश साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, उपमुखिया सलीम अंसारी, चंदन कुमार, बीरेन्द्र सिंह, राजकुमार यादव उपस्थित थे.

### विधायक सिन्हा ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

**धनबाद।** कोयलांचल में 90 फीसदी से अधिक पंडालों के पट शुक्रवार को षष्ठी के दिन खुल गए. झारखंड मैदान दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया और माता से आशीर्वाद लिया. हीरापुर, तेतुलतल्ला, मनईटांड़, स्टीलगेट, भूली, बैंकमोड़ में आकर्षक पंडालों को देखने के लिए शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और माता से परिवार की मंगलकामना के लिए आशीर्वाद मांगा. पंडालों के अलावा जगह-जगह पर लगे मेलों में भी षष्ठी के दिन काफी संख्या में माता-पिता बच्चों को लेकर पहुंचे.

## रघुवर दास को राज्यपाल बनाए जाने पर आजसू ने दी बधाई

- जमशेदपुर का दुलार सदैव मेरे दिल में रहेगा : रघुवर

संवाददाता । जमशेदपुर

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने पर शुक्रवार को आजसू जिला समिति ने दी बधाई. आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हे बधाई दी. मौके पर रघुवर दास ने कहा कि झारखंड प्रदेश का प्यार और जमशेदपुर का दुलार सदैव मेरे दिल में रहेगा. आजसू पार्टी ने सहयोगी दल के रूप में सदैव मेरा मान सम्मान रखा है. दोनों दलों के बीच आपसी भाईचारा हमेशा बना रहा है तथा दोनों दल एक - दूसरे के परस्पर सहयोगी रहे हैं. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के साथ जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी देवाशीष चौधरी, उमा शंकर सिंह, विनय सिंह समेत अन्य शामिल थे.



### डॉ. अजय कुमार ने लोगों से विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने बारीडीह चौक पर शुक्रवार को लोगों से मुलाकात वर्तमान में देश के हालात सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की. उन्होंने यहां दुकानदारों और अन्य लोगों से मुलाकात की. उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान पूर्व सांसद व कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि देश में कमर तोड़ महंगाई जिससे आम लोग बहुत परेशान हैं. युवाओं के समक्ष नौकरी की समस्या है. लोगों की नौकरी जा रही है. पढ़ लिख कर निकले युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा. बेरोजगारी ने विगत 20 वर्षों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

### चाईबासा में झारखंड पार्टी की 19 नवंबर को विराट रैली, तैयारी जोरों पर
# उलगुलान क्रांति दिवस को याद किया जाएगा

संवाददाता। चाईबासा

चाईबासा में उलगुलान दिवस पर झारखंड पार्टी की विराट रैली 19 नवंबर को होगी. इसकी तैयारी के लिए जिला समिति के साथ-साथ प्रखंड समिति को भी जिम्मेवारी दी गई है. झारखंड पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक सरजोमगुटू स्थित कार्यालय में शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कोलंबस हंसदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड में कई वर्षों से बालू घाटों की बंदोबस्ती सरकार की उदासीनता से नहीं हुई है. इस कारण सरकारी विकास कार्य के साथ-साथ जनता अवैध उत्खनन के बालू का इस्तेमाल करने पर मजबूर है. इससे सरकारी राजस्व की हानि के साथ अवैध उत्खनन को भी प्रोत्साहन मिल रहा है.

**बंदोबस्ती ग्राम सभा की जानी चाहिए :** झारखंड पंचायती राज अधिनियम के प्रावधान के अनुसार बालू घाटों की बंदोबस्ती ग्राम सभा की जानी चाहिए. झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिल की अदायगी का कोई समुचित तंत्र नहीं है. जिसके चलते कई कई वर्षों का बिजली बिल बकाया रह जाता है.



**खास बातें**
- तैयारी के लिए प्रखंड समिति को दी गई है जिम्मेदारी
- ग्रामीण क्षेत्र की बिजली बिल पर भी की गई चर्चा

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में कहा गया कि पोटो हो के नेतृत्व में सेरेंगसिहा के कोल्हान विद्रोह की तिथि 19 नवंबर 1837 को उलगुलान क्रांति हुई थी. इसे दिवस के रूप में याद करने के लिए आगामी 19 नवंबर 2023 को चाईबासा में झारखंड पार्टी की ओर से एक विराट रैली का आयोजन किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से चित्रसेन सिकू, पूर्व संसद सह केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद जामुदा, पूर्व सांसद सह केंद्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य, महेंद्र जामुदा, केंद्रीय सचिन सह प्रवक्ता, सरस्वती दुबे, युवा अध्यक्ष रेयांस समाड, मंगल सरदार, नितिन जामुदा उपस्थित थे.

### चाईबासा नए जिला अध्यक्ष बनने को लेकर हाईकमान बना रहे हैं रणनीति
# प. सिंहभूम में भाजपा जिला अध्यक्ष की हो सकती छुट्टी!

संवाददाता । चाईबासा

2024 लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिमी सिंहभूम में रणनीति बनानी शुरू कर दी है. इस बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी जायेगी, लेकिन पश्चिमी सिंहभूम में संगठन में बदलाव किया जाएगा. सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश पुरी की छुट्टी हो सकती है. अब उनके स्थान पर नए चेहरे को जगह दी जाएगी. बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान जिला अध्यक्ष की पकड़ नहीं होने के कारण भाजपा को नुकसान हो सकता है. इसकी वजह से अब उस व्यक्ति का ही चयन किया जा रहा है, जिनकी पकड़ ग्रामीण क्षेत्र में और शहरी क्षेत्र में अधिक है. झारखंड में लगभग 10 जिलों के जिला अध्यक्ष को बदलने की रणनीति बनाई गई है. इसमें पश्चिमी सिंहभूम भी शामिल है. पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में रांची में राज्य के कई पदाधिकारी के साथ बैठक की गई थी. इसमें कई तरह की रणनीति बनाई गई. हालांकि इस पर आधिकारिक रूप से अभी किसी तरह की घोषणा नहीं की गई है.

**पार्टी के पदाधिकारी की लड़ाई, गुटबाजी :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश पुरी समेत कुछ पदाधिकारी के बीच पिछले कुछ माह पहले चाईबासा के पोस्ट ऑफिस के पास हाथापाई हो गई थी. जिस मामले पर हाईकमान ने गंभीर रूप से जांच कराई है. जिसके कारण आपस में ही पार्टी में गुटबाजी बन चुकी है. अब इसका असर संगठन में भी देखने को मिल रहा है. कई पदाधिकारी ने हाई कमान को लिखित रूप से शिकायत कर संगठन में मतभेद होने की बात कही है. भाजपा में सक्रिय रूप से काम करने वाले कई कार्यकर्ता अब दूरियां बन चुके हैं.

**खास बातें**
- राज्य के 10 जिलों के अध्यक्ष बदलेंगे
- रांची में बाबूलाल के साथ बैठक की गई थी

### पश्चिमी सिंहभूम की सभी सीट पर जेएमएम का कब्जा

पश्चिमी सिंहभूम में कुल छह विधानसभा सीट हैं, इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक काबिज हैं. इसलिए यहां पर चुनौती भारतीय जनता पार्टी को अधिक होगी. प्रत्येक विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का वोट प्रतिशत भी अधिक है. इसके कारण यहां पर वैसे व्यक्ति को ही कमान देनी होगी, जो ग्रामीण क्षेत्र में पकड़ अधिक रखते हों, अन्यथा भारतीय जनता पार्टी को काफी चुनौती हो सकती है. लोकसभा चुनाव में सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम जिला के वोटर अपना मतदान करेंगे. दोनों जिलों को मजबूत करना भाजपा के लिए चुनौती है. इधर, भारतीय जनता पार्टी में पहले से ही अंदरूनी लड़ाई पश्चिमी सिंहभूम में चल रही है, जिसमें कई पार्टी के पदाधिकारी आपस में ही भिड़ चुके हैं. इसके कारण जनता दूरियां बनाने में लगी है.

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का विस्तार

**बोकारो ।** जरीडीह प्रखंड के भस्की स्थित मिलन चौक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की पंचायत स्तरीय बैठक शुक्रवार को खतियान आंदोलनकारी राहुल कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में समिति की भस्की पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया. इसके तहत लालू महतो संरक्षक, उमेश मुर्मू अध्यक्ष, रामगोविंद मरांडी व भारत कुमार महतो उपाध्यक्ष, मोनू कुमार महतो सचिव, उमाचरण महतो और गोविंद महतो उप सचिव, वीरेंद्र मुर्मू कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार घासी संगठन सचिव, रोहित कुमार महतो मीडिया प्रभारी तथा शैलेंद्र कुमार महतो, राजू महतो, रंजीत कुमार महतो, गणेश महतो, अघनु किस्कू, लालधन मुर्मू, प्रदीप मुर्मू, रामप्रसाद महतो, लखीकांत महतो, खगेंद्र महतो, गोपाल मांझी, सुमति वाला देवी, मनोरमा देवी, रेखा कुमारी व सोनाराम महतो कार्यकरिणी सदस्य बनाए गए हैं. बैठक में राहुल कुमार महतो ने कहा कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नेता जयराम महतो के नेतृत्व में ही झारखंड को संवारा और विकसित किया जा सकता है.



## ब्रीफ खबरें

### उपायुक्त ने की आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

**पाकुड़।** डीसी कुमार बर्णवाल की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में सड़क दुर्घटना, सर्पदंश और वज्रपात से मृत 17 व्यक्तियों के आश्रितों के बीच डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया. बैठक में अपर समाहर्त्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, सिविल सर्जन डॉ. मंटू कुमार टेकरिवाल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता राहूल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन शामिल थे.

### आउटरीच कार्यक्रम के तहत दी गई विधिक जानकारी

**पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया. शुक्रवार को पाकुड़ प्रखंड के छोटी अलीगंज, कलिदासपुर में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे कानूनी जानकारी दी गई.

### बेटिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू

**जमशेदपुर।** ट्रेन में बेटिकट और अनधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के खिलाफ रेलवे ने कार्रवाई शुरू कर दी है. पूजा सीजन में रेलवे के नियमों के विरुद्ध यात्रा करने वालों की धर-पकड़ के लिए रेलवे ने शुक्रवार से अभियान शुरू किया है. यह अभियान 27 नवंबर तक चलेगा. इसके लिए रेलवे ने सभी रेल जोनों को विशेष निर्देश जारी किया है. इसके तहत चक्रधरपुर मंडल में भी विशेष जांच के लिए टिकट निरीक्षकों व आरपीएफ की टीम बनी है.

### शिक्षा में होगा एआई चैट बॉट तकनीक का प्रयोग

**रांची।** झारखंड में शिक्षा का स्तर सुधारने और तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस चैट बॉट तकनीक अपनाने की योजना बनाई गई है. झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) शिक्षा में आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस तकनीक की संभावनाओं को लेकर रिसर्च कर रहा है. इसी को लेकर शुक्रवार को दक्षिणी छोटानागपुर और कोल्हान प्रमंडल के ब्लॉक रिसोर्स और क्लस्टर रिसोर्स पदाधिकारियों की जूम ओरिएंटेड मीटिंग की गयी.

### हाई कोर्ट में लगाए गए 101 कल्पवृक्ष

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के द्वार संख्या दो के पास 101 कल्पवृक्ष के पौधे लगाए गए. ये पौधे भारतीय वन सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ त्रिपाठी के नेतृत्व में लगाए गए. पेड लगाने वाले लगो ने ही पेड का संरक्षण करने की बात कहीं. सभी पौधे कलावती देवी और उनके पुत्र निखिल मेहूल द्वारा उपलब्ध कराया गया. सिद्धार्थ त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों से कहा कि पौधों को जमीन पर लगाने के साथ दिमाग में भी लगाएं ताकि, आप उनसे जुड़े रहें.

### रेल मंडल सभागार में डीआरयूसीसी की बैठक

**घाटशिला।** खड़गपुर रेल मंडल सभागार में डीआरयूसीसी की डीआरएम की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में घाटशिला से डीआरयूसीसी सदस्य फकीर चंद अग्रवाल शामिल हुए. बैठक में घाटशिला, चाकुलिया और राखा माइंस स्टेशन में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई. अग्रवाल ने घाटशिला प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रिक कोच इंडिकेटर लगाने, स्टेशन में पूछताछ केंद्र खोलने, घाटशिला में संबलेश्वर एक्स., गीतांजलि एक्स. और बंदे भारत ट्रेन, चाकुलिया में क्रिया योग ट्रेन व राखा में उत्कल ट्रेन के ठहराव की मांग की.

### जिला शांति समिति का वॉच टावर का उद्घाटन

**आदित्यपुर।** जिला शांति समिति के एमपी टावर (खरकाई ब्रिज के निकट) स्थित वॉच टावर का उद्घाटन एसडीएम सरायकेला पारुल सिंह एवं हेडक्वार्टर डीएसपी चंदन कुमार वत्स ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इससे पूर्व वॉच टावर पहुंचने पर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने बुके देकर एसडीम एवं डीएसपी हेड क्वार्टर सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया.

---

दुर्गा पूजा लेकर डीसी-एसएसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश, सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

# धनबाद जिले के 22 थाना क्षेत्रों में विशेष चौकसी

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद कोयलांचल में दुर्गोत्सव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस-प्रशासन ने विशेष तैयारी की है. जिले को 7 जोन में बांटकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. 22 थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है.

इस संबंध में डीसी व एसएसपी ने शुक्रवार को संयुक्त आदेश जारी किया है. सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए है. साथ ही पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार गश्ती करेगा. इसके अलावा यातयात नियमों का पालन सख्ती से कराने का आदेश दिया गया है. यह आदेश 20 से 25 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा.

**7 जोन में इन पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेवारी:** धनबाद जोन में भूमि सुधार उप समाहर्ता सतीश चंद्रा तथा डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, कतरास ज़ोन में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार सिंह व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा निशा मुर्मू, चिरकुंडा ज़ोन में कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद रामेश्वर सिंह व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदय रजक तोपचांची ज़ोन में डीआरडीए मुमताज अली अहमद तथा पुलिस निरीक्षक तोपचांची, झरिया जोन में राज्य कर संयुक्त आयुक्त अमर कांत ठाकुर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी गोविंदपुर जोन में जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक, टुंडी ज़ोन में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अरविंद कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (द्वितीय) को जिम्मेवारी सौंपी गई है.

**खास बातें**
- यातयात नियमों का पालन सख्ती से कराने का निर्देश
- जिला नियंत्रण कक्ष 20 से 25 अक्टूबर तक रहेगा सक्रिय

#### जिला नियंत्रण कक्ष के इन नंबरों पर करें शिकायत

जिला नियंत्रण कक्ष इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के रूप में शुक्रवार से काम करना शुरू कर दिया है. जिला नियंत्रण कक्ष का व्हाट्सएप नंबर 8539984741 भी जारी किया गया है. लोग अपनी समस्या की जनाकरी इस नगर पर दे सकते हैं. इसके अलावा 0326-2311217, 0326-2311807, 112, 100 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. नियंत्रण कक्ष पूजा समाप्ति तक 24 घंटे काम करेगा.

#### इन थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोड़ापोखर, तीसरा, सिंदरी, निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, तोपचांची, हरिहरपुर तथा कतरास थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी.

---

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- जयपाल सिंह आदिवासी सभा के कौन से अध्यक्ष थे – पहले
- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा कौन सा मिशन लॉन्च किया – साइकी एस्ट्रोयड
- ऑयल ऑफ़ विट्रीऑल का रासायनिक नाम – सल्फ्यूरिक अम्ल
- संगम काल में वारियर कौन था – राजस्व वसूलने वाला
- इसरो ने स्पेस ऑन व्हील्स प्रदर्शनी के लिए किसके साथ समझौता किया – विज्ञान भारती
- झारखंड में हिजला मेला कब प्रारंभ हुआ – 1880
- सूर्य की ऊर्जा का मुख्य कारण – नाभिकीय संलयन
- किस राजा ने रत्नमालिका की रचना की थी – अमोघवर्ष प्रथम
- मार्टी अहतिसारी का 16 अक्टूबर को निधन हुआ, वे कहां के राष्ट्रपति रहे थे – फिनलैंड
- देवमनिया नामक महिला किस आंदोलन से जुड़ी थी – टाना भगत आंदोलन

---

कोयलांचल में 90 फीसदी से अधिक पंडालों के खुले पट

# मां के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

**भाषा। धनबाद**



कोयलांचल में 90 फीसदी से अधिक पंडालों के पट शुक्रवार को षष्ठी के दिन खुल गए. गिने-चुने जगहों पर सप्तमी के दिन पट खुलेंगे. दुगार्पूजा में षष्ठी के दिन मां कत्यायनी की पूजा के साथ पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार और गूंजते देवी गीतों से कोयला नगरी देवी भक्ति में लीन नजर आई. शाम ढलते ही विद्युत सज्जा और पंडालों के आकर्षक नजारा के साथ-साथ मां दुर्गा का दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े. झारखंड मैदान दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया और माता से आशीर्वाद मांगा. हीरापुर, तेतुलतल्ला, मनईटांड़, स्टीलगेट, भूली, बैंकमोड़ में आकर्षक पंडालों को देखने के लिए शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और माता से परिवार की मंगलकामना के लिए आशीर्वाद मांगा. पंडालों के अलावा जगह-जगह पर लगे मेलों में भी षष्ठी के दिन काफी संख्या में माता-पिता बच्चों को लेकर पहुंचे. जहां कई तरह के झूले, जादू व मौत का कुआं का लुत्फ उठाया. भक्तों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पंडालों से लेकर सड़कों तक चप्पे-चप्पे पर जिला पुलिस और ट्रैफिक जवानों की तैनाती की गई है.

**विद्युत सज्जा से कोयलांचल हुआ रोशन:** कोयलांचल का पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार है. आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरा शहर रोशन हो गया है. पूजा पंडालों के पट खुलने के साथ ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है. पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी है. पंडालों में धूप दीप की सुगंध वातावरण में पवित्रता भर रही है. मां के दर्शन में कोई परेशानी न हो इसके लिए स्वंय सेवक और कमेटी के सदस्य कमान संभाल चुके हैं.

धनबाद के झारखंड मैदान में बने पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली. सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बच्चों के साथ मेला का लुत्फ उठाया. शनिवार को सप्तमी के दिन महाकालरात्रि की पूजा होगी. सप्तमी से षष्ठी की अपेक्षा काफी भीड़ होगी. पंडालों के आसपास व सड़कों पर बेरिकेडिंग की व्यवस्था की गई. ताकि भक्तों को मां के दर्शन के दौरान और पंडाल तक आने-जाने में परेशानी न हो.

**खास बातें**
- आकर्षक पंडालों को देखने जुटे हजारों श्रद्धालु
- चप्पे-चप्पे पर पुलिस व ट्रैफिक जवानों की तैनाती



### मानदेय नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने की हड़ताल

**चांडिल।** सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के विभिन्न विभागों में मास्टर रोल पर कार्यरत 29 कर्मियों को बीते सात माह से मानदेय नहीं मिला है. मानदेय नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने शुक्रवार को हड़ताल की घोषणा करते हुए कार्यालयों में तालाबंदी कर दी. कर्मियों ने हड़ताल पर जाने की सूचना अपने पदाधिकारियों को भी लिखित रूप से दिया है. नाराज कर्मियों ने शुक्रवार को सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के अंचल एवं प्रमंडल कार्यालय चांडिल में तालाबंदी कर दिया. परियोजना के अंतर्गत रेडियल गेट मेंटेनेंस, गैलरी मेंटेनेंस, डैम आईबी मेंटेनेंस, बिजली मेंटेनेंस, पानी सप्लाई मेंटेनेंस, अंचल कार्यालय सह प्रमंडल कार्यालय सफाई कर्मचारी समेत अन्य विभागों में दैनिक वेतनभोगी 29 कर्मचारियों को अप्रैल माह से वेतन नहीं मिला है. इससे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है. कर्मचारी पुलक कुमार सतपति ने कहा कि पदाधिकारी हर बार मानदेय देने का आश्वासन देते हैं, बावजूद इसके मानदेय नहीं मिला है.

---

सिंदरी शक्ति केन्द्र में कार्यरत कर्मियों की लंबित थी राशि

# भुगतान पर बनी सहमति



**संवाददाता। सिंदरी**

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के झरिया डिवीजन के सिंदरी शक्ति केन्द्र में कार्यरत मैनडेज कर्मियों की लंबित राशि भुगतान को लेकर आयोजित शुक्रवार से धरना प्रदर्शन को रोककर वरीय अधिकारियों ने लंबित राशि के भुगतान को 15 दिनों में करने की बात लिखित रूप से दी है.

जानकारी देते हुए नेतृत्वकर्ता भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात तक चले वार्ता के बाद इसपर सहमति बनी है. उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में मैनडेज कर्मियों और वरीय अधिकारियों के बीच लिखित सहमति बनने के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि गौशाला शक्ति उपकेन्द्र में हुई बैठक में धनबाद महाप्रबंधक हरेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीओ सुजीत कुमार सिंह एवं एक्सक्यूटिव अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति द्वारा बैठक आयोजित की गई थी. उन्होंने कहा कि लिखित सहमति पत्र में आगामी 15 दिनों के अंदर लंबित तनख्वाह मिलने तथा लंबित पीएफ जमा करने पर सहमति बनी है. हालांकि पत्र में वेतन संबंधित विसंगतियों को संवेदक से जानकारी प्राप्त कर सुधारने की बात कही गई है.

---

# एसपी ने किया ओपी थाना का निरीक्षण

**संवाददाता। साहिबगंज**



साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार देर रात जिरवाबाड़ी ओपी थाना का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने सरिस्ता, मालखाना, प्रभारी कक्ष, आगंतुक कक्ष, पदाधिकारियों के रहने व खाने-पीने की व्यवस्था, साफ-सफाई, परिसर, मुख्य द्वार, शौचालय, बिजली व लाइट की व्यवस्था, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा. इस दौरान नौशाद आलम ने रवाबाड़ी ओपी प्रभारी प्रणीत पटेल को सारी व्यवस्थाएं अपटूडेट करने का निर्देश दिया. उन्होंने रात के समय पेट्रोलिंग गस्ती ज्यादा करवाने को कहा. साथ ही समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का आदेश दिया.

---

गम्हरिया बाजार के सर्विस लेन को कराया गया खाली

# आदेश पालन में जुटा स्थानीय प्रशासन

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**



पिछले दिनों डीसी सरायकेला ने गम्हरिया अंचल कार्यालय में बैठक कर दुर्गा पूजा के मद्देनजर बाजार हाट में अतिक्रमण कर लगाए गए दुकानों को हटाने का निर्देश दिया था. जिस आदेश के आलोक में शुक्रवार को आदित्यपुर नगर निगम ने गम्हरिया बाजार के सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की. इस दौरान सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से लगे फुटपाथ दुकानदारों को भी हटाया गया. बता दें कि गम्हरिया बाजार के दोनों तरफ सर्विस रोड का बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे राहगीरों का चलना दूभर हो गया था. आए दिन इसको लेकर हो हंगामा होता था. पिछले दिनों गम्हरिया क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए गम्हरिया बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने और सर्विस रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की थी.

**खास बातें**
- पहले भी दुकानों को हटाने का दिया गया था निर्देश
- अवैध रूप से लगे फुटपाथ दुकानदारों को भी हटाया

### दोबारा अतिक्रमण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

शुक्रवार को चलाए गए अभियान में भारी संख्या में पुलिसबलों की तैनाती की गई. निगम प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के बाद अतिक्रमणकारियों को साफ शब्दों में कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि डीसी रविशंकर शुक्ला ने गम्हरिया से लेकर आदित्यपुर तक 48 घंटे में सर्विस लेन को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश स्थानीय पदाधिकारियों को दिया है. उम्मीद है यह अभियान आदित्यपुर में भी चलाया जाएगा.

---

# आरटीआई एक्टिविस्ट की सुरक्षा पुख्ता की जाए

**संवाददाता। रांची**



विभिन्न मामलों में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर चुके आरटीआई एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव की सुरक्षा को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश लेने को कहा है. पंकज यादव की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पलामू प्रमंडल में अवैध खनन की जांच एसआईटी कर चुकी है. पंकज यादव ने सैटेलाइट इमेजिनरी के माध्यम से सभी पत्थर खदानों की जांच की मांग के साथ ईडी को प्रतिवादी बनाने की अनुमति आइए के माध्यम से की है. याचिकाकर्ता का कहना है कि पलामू प्रमंडल अवैध खनन मामले की जांच ईडी बेहतर ढंग से कर सकता है, क्योंकि साहिबगंज में ईडी ने उसी पैटर्न पर जांच कर अनियमितता पकड़ी है. उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार यादव के रांची हिंसा, पलामू अवैध खनन मामला, बीरेंद्र राम मामला, न्यूक्लियस मॉल, टॉफी टीशर्ट घोटाला सहित कई संवेदनशील मामलों की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में चल रही है. पंकज यादव ने आइए संख्या 9630/2023 के माध्यम से कोर्ट में अपने ऊपर संभावित खतरों की जानकारी न्यायालय को दी थी. जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया है कि उनकी सुरक्षा पुख्ता की जाए. झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने उक्त आदेश दिया है.

### छवि रंजन की जमानत याचिका पर अब 2 नवंबर को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान ईडी की तरफ से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 2 नवंबर की तिथि निर्धारित की. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की. वहीं छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की. गौरतलब है कि ईडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है. दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है. फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री का केस है.

---

**कार्यक्रम** रोटरी क्लब के पदाधिकारी और किन्नर, किन्नरों के अधिकारों पर रखे गए विचार

# ट्रांसजेंडर वर्ग के साथ न करें भेदभाव : डॉ. ढानढनिया

**संवाददाता। रांची**



रोटरी क्लब रांची ने किन्नरों के साथ मंच साझा किया. इस दौरान रोटरी क्लब के पदाधिकारी और किन्नर, किन्नरों के अधिकारों पर अपनी अपनी बातों को रखा. इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. विनय ढानढनिया ने कहा कि समाज को ट्रांसजेंडर वर्ग के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए. उनके प्रति किसी प्रकार का भेदभाव है तो उसका त्याग करना चाहिए और उनके प्रति समानता लानी चाहिए. इनका कोई अपना परिवार नहीं है. ये हमेशा दूसरों की खुशी में अपनी खुशी तलासते है. पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि किन्नर समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़कर हम उनके जीवन में बदलाव ला सकते हैं. आर्थिक उत्थान के लिए इन्हें शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण और रोजगार का समान अवसर देना सुनिश्चित करने की जरूरत है. सदियों से चली आ रही इनके सांस्कृतिक महत्व को दरकिनार नहीं किया जा सकता है. उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर देने की जरूरत है.

#### किन्नर भी हमारे तरह देश के नागरिक

क्लब के सचिव ने कहा कि किन्नर भी हमारी तरह देश के नागरिक हैं. कानून ने उन्हें भी सभी तरह का अधिकार मिल गया है. लेकिन जागरूकता और एकजुटता के अभाव में वे सुविधाओं और अपने अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं. हमारा क्लब ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से इन्हें जागरूक बनाने में जुटा है.

#### हमें दुत्कारा जाता है: किन्नर नरगिस

रोटरी हॉल में मंच से किन्नर नरगिस ने कहा कि सामाजिक मान्यता है कि हमारी दुवाएं जिसे लग जाए वह खूब फलता-फूलता है. दुवाएं सभी को चाहिए, लेकिन फिर भी हमें दुत्कारा जाता है. हमारे साथ यह भेद क्यों है. किन्नर वर्ग सामाजिक बहिष्कार, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा की समस्या से घिरा है. किन्नर तमन्ना ने कहा कि आज की दुनिया आधुनिक हो गई है, लेकिन आज भी हमारा पेट नाच-गाना से ही चलता है. कानूनी तौर पर 2014 मिली हमें ट्रांसजेंडर की संज्ञा हमारे संघर्ष की जीत का प्रतीक है.

---

ऋण माफी व केसीसी योजना की समीक्षा

# डीसी ने पशुधन योजना का लाभ देने का दिया निर्देश



**संवाददाता। धनबाद**

उपायुक्त वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले में चल रही योजनाओं का समीक्षा की. ऋण माफी योजना एवं केसीसी योजना की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों में आ रही समस्याओं को लेकर अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं कृषि पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द निष्पादन का आदेश दिया. ई-केवाईसी में फिंगर मिसमैच, राशन कार्ड अपडेट में आ रही समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारी को जल्द समाधान करने की बात कही. डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों के छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, सावित्रीबाई फुले योजना से छात्रों को लाभान्वित करने, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से लाभुकों को आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया.

## ब्रीफ खबरें

### कर्मियों को बोनस व महंगाई भत्ता दे सरकार

**आदित्यपुर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, प्रांतीय संयुक्त सचिव प्रणव शंकर और जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा ने राज्य सरकार से मांग की है कि दीपावली के पूर्व राज्य सरकार सभी कर्मचारियों को बोनस एवं महंगाई भत्ता दे. उन्होंने बताया कि पूर्व के समझौता के आलोक में केंद्र सरकार द्वारा सभी गैर उत्पादक क्षेत्र के केंद्रीय कर्मियों को 30 दिनों के वेतन के बराबर बोनस भुगतान का आदेश निर्गत किया गया है.

### दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने जारी किया रूट चार्ट

**बोकारो।** जिला प्रशासन के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक यातायात, बोकारो द्वारा शुक्रवार को रूट चार्ट जारी किया गया. नए रूट चार्ट के अनुसार जोधाडीह मोड़ की ओर से महावीर चौक, धर्मशाला चौक से महावीर चौक, चेक पोस्ट से चास थाना, आईटीआई मोड़ (बुलेट शोरूम) से धर्मशाला मोड़,बसंती मोड़ से काली बाड़ी, शहीद ईनायत चौक की तरफ से दुर्गा पुजा पंडाल की ओर जाने वाली चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.

### अपर उपायुक्त ने जमीन का किया निरीक्षण

**घाटशिला।** गोपालपुर सूर्य मंदिर स्थित स्वर्णरेखा नदी किनारे श्मशान भूमि को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा रैयतदार की जमीन की मापी नहीं करने दिए जाने की शिकायत पर शुक्रवार को अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा ने सीआई एवं कर्मचारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया. कहा कि इस जमीन का निरीक्षण किया जा रहा है. निरीक्षण के क्रम में नदी तथा श्मशान भूमि से कितनी दूरी पर रैयती जमीन है उसी का अवलोकन किया जा रहा है. अवलोकन के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी.

### पेड़ दे रहा हादसे का आमंत्रण

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत पांडुसाई में जलमीनार के ऊपर इमली का पेड़ गिर गया है. पेड़ जलमीनार के ऊपर लटक रहा है. इससे जलमीनार का सोलर प्लेट भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है. मुख्य सड़क के किनारे स्थित इस जलमीनार के सामने से ग्रामीण आवागमन करते हैं. पेड़ के नीचे गिरने की संभावना है. वार्ड सदस्य रामदास मार्डी ने बताया कि जलमीनार के ऊपर गिरे पेड़ को हटाना आवश्यक है. महिलाएं जलमीनार के पास पानी लेने के लिए पहुंचती हैं.

### कसमार प्रखंड में चुनावी पाठशाला का आयोजन

**कसमार(बोकारो)।** कसमार प्रखंड के पोंडा, गर्री, कसमार एवं मंजुरा पंचायत के सभी बूथों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन कर मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई. इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से सटे धधकिया मुंडा टोला में स्थानीय मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार एवं बीएलओ मंजू देवी की अगुवाई में चुनावी पाठशाला में उपस्थित महिला एवं पुरुषों को ईवीएम, वीवीपैट, वोटर कार्ड, मतदाता पर्ची, मतदाता सूची समेत चुनाव से संबंधित अन्य जानकारी दी गई.

### डीसी व डीडीसी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**बेरमो।** बोकारो के डीसी और डीडीसी ने 20 अक्टूबर को जरीडीह एवं बेरमो प्रखंड के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. सुरक्षा, विधि-व्यवस्था को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की स्थिति की जानकारी ली. डीसी कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने टीम के साथ जरीडीह, जैनामोड़, तुपकाडीह, फुसरो बाजार, करगली क्षेत्र, ढोरी स्टॉफ क्वाटर, मकोली क्वाटर क्षेत्र आदि में निर्मित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया.

### पूजा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया पोस्टर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में दुर्गा पूजा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग ने श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर लगाए हैं. पोस्टर में लोगों को श्रद्धालुओं को डेंगू सहित अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी गई है. पूजा कमिटी को लोगों को जागरूकता करने के लिए ऑडियो भी दिया गया है. इस संबंध में नोडल पदाधिकारी डॉ.असद ने बताया कि शहर के प्रमुख पंडालों में जलजमाव और डेंगू के लार्वा की जांच की गई.

---

### शारदीय नवरात्र पर ईचागढ़ व आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की खुशियों पर लगा ग्रहण

# गांव की मुख्य सड़क जलमग्न, कैसे मनाएं दुर्गोत्सव

**संवाददाता। चांडिल**

चारों ओर शारदीय नवरात्र पर मनाए जाने वाले दुर्गोत्सव की धूम मची है. महाषष्ठी के अवसर पर बेलवरण के साथ मंदिर और पूजा पंडालों के पट खुल गए है. श्रद्धालु माता रानी की आराधना में लीन हो गए हैं और वातावरण में चारों ओर भक्ति का माहौल है. लोग नए वस्त्र पहनकर माता रानी के स्वागत में दर्शन-पूजन कर खुशियां मना रहे हैं. लेकिन इसी बीच ईचागढ़ और आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की खुशियों पर ग्रहण लग गया है. गांव की मुख्य सड़क पर जमा डैम का पानी श्रद्धालुओं को माता रानी के दरबार तक पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहा है.



### 1872 से हो रहा दुर्गा पूजा का आयोजन

ईचागढ गांव में राजा के शासनकाल से ही देवी दुर्गा की आराधना की जा रहा है. प्रतिवर्ष देवी का भव्य व आकर्षक प्रतिमा स्थापित पर शारदीय नवरात्र पर माता रानी का आराधना की जा रही है. राजघराने से मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ में 1872 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. पहले यहां दुर्गा पूजा के दौरान बलि देने की परंपरा थी. अब ईचागढ़ में वैष्णव मत के अनुसार दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है. दुर्गा पूजा के दौरान देवी के दर्शन के लिए आसपास के गांव के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु ईचागढ पहुंचते हैं. ऐसे में ईचागढ गांव के मुख्य सड़क पर जलजमाव से श्रद्धालुओं को परेशानी होगी.

### खोले गए रेडियल गेट

दुर्गा पूजा के दौरान चांडिल डैम के पानी से किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत ना इसके लिए डैम के दो रेडिलय गेट खोले गए है. ईचागढ़ के लोगों के आग्रह के बाद डैम का एक रेडियल गेट शुक्रवार की सुबह आधा मीटर तक खोल दिया गया है. पहले से ही डैम का एक रेडियल गेट आधा मीटर तक खुला था. अब डैम का दो रेडियल गेट आधा-आधा मीटर तक खुला है. अनुमान लगाया जा रहा है कि रेडियल गेट खोले जाने के बाद ईचागढ़ गांव के मुख्य सड़क पर जमा पानी निकल जाएगा. ऐसे में लोगों को भक्ति के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी.

---

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- गुंदेचा भाई किस संगीत कला से सम्बंधित हैं – द्रुपद
- वो खेल जिसे वर्ष 2028 के ओलंपिक में शामिल किया गया – क्रिकेट, बेसबॉल व स्कवैश
- चारुदत्त व वसंतसेना नामक नगरवधू की प्रेम कथा पर आधारित नाटक – मृच्छकटिकम्
- जावाई बांध किस राज्य में स्थित है – राजस्थान
- स्किल इंडिया ने किसके साथ साझेदारी की – कोका कोला इंडिया
- थीपुसम त्यौहार किस समुदाय द्वारा मनाया जाता है – तमिल
- भगवती सूत्र किसके बारे में जानकारी देता है – महावीर
- हिमाचल प्रदेश में किसे मिनी स्विट्ज़रलैंड कहा जाता है – खजियार
- चोरटेन किस धर्म से संबंधित शब्द है – बौद्ध
- देश में कहां पहला तिलापिया पार्वो वायरस रिपोर्ट किया गया – तमिलनाडु

---

### 22 लाख का सार्वजनिक शौचालय बन गया खंडहर

# खुले में शौच करते हैं ग्रामीण

**संवाददाता। चाकुलिया**

चाकुलिया के वार्ड नंबर 10 में सरकारी अनाज गोदाम के पास वर्ष 2015-16 में नगर पंचायत के तहत लगभग 22 लाख की लागत से निर्मित सार्वजनिक शौचालय खंडहर में तब्दील हो गया. शौचालय से सटी बीड़ी बस्ती के ग्रामीण खुले में शौच करते हैं. वर्ष 2022 में नगर पंचायत प्रशासन ने मोटी रकम खर्च कर इस शौचालय की मरम्मत भी कराई थी. बावजूद इस शौचालय का बेहतर उपयोग नहीं हुआ और शौचालय खंडहर बन गया. मालूम हो कि शौचालय के पास ही नागानल मंदिर है. मंदिर परिसर में भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है. ऐसे में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी खुले में ही लघुशंका करनी पड़ती है.


जानकारी हो कि रेलवे लाइन के किनारे रेल की जमीन से वर्ष 2021 में रेलवे ने अतिक्रमण हटाया तब रेल की जमीन पर झुग्गी झोपड़ियों में बसे करीब 35 बीड़ी मजदूर परिवारों को बिजली सब स्टेशन के पास सरकारी जमीन पर बसाया गया था. बस्ती में नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से एक भी शौचालय का निर्माण नहीं हुआ, जबकि बस्ती के पास निर्मित सार्वजनिक शौचालय उचित रख-रखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया. बीड़ी बस्ती के ग्रामीण खुले में शौच करने की मजबूरी बन गई है.

#### मजबूर ग्रामीण

- बीड़ी बस्ती के ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर
- श्रद्धालुओं को भी खुले में ही लघुशंका करनी पड़ती है



सार्वजनिक शौचालय खंडहर में तब्दील.



### एफसीआई के आसपास कोई शौचालय नहीं

मालूम हो कि वार्ड नंबर 10 में ही इस शौचालय से करीब 100 मीटर दूर एफसीआई का गोदाम है. यहां अनाज लोड और अनलोड करने के लिए अनेक ट्रक आते हैं. ट्रक चालक और खलासी भी खुले में ही शौच करते हैं, क्योंकि एफसीआई के आसपास कोई शौचालय नहीं है. अगर यह सार्वजनिक शौचालय चालू हालत में रहता तो चालक और खलासियों को भी खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ता.

### स्वच्छता के दृष्टिकोण से यह उचित नहीं

इस सार्वजनिक शौचालय के पास ही सरकारी अनाज गोदाम है. विगत कई माह से इस गोदाम में चावल मिल मालिकों द्वारा सीएमआर का चावल जमा किया जाता है. उक्त चावल को ट्रकों द्वारा एसएफसी गोदाम में परिवहन किया जाता है. इस गोदाम के पास भी ट्रकों की लाइन लगी रहती है. ट्रकों के चालक और खलासी खुले में शौच और लघुशंका करते हैं. स्वच्छता अभियान के दौर में यह स्थिति स्वच्छता की दृष्टिकोण से उचित नहीं मानी जा रही है. नगर पंचायत प्रशासन भी इस मसले पर गंभीर नहीं है.

---

### चाकुलिया प्रखंड कार्यालय में पीडीआई का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# पदाधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी

**संवाददाता। चाकुलिया**

चाकुलिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पीडीआई का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ. शिविर में प्रखंड के मुखिया, प्रभारी बीडीओ और पंचायत सचिव उपस्थित थे. बैठक में पंचायत के मुखिया ने अपनी पंचायतों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर जल्द समाधान करने की मांग की. बैठक में पंचायत के सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर सभी मुखिया को वीडियो क्लिप दिखाकर जानकारी दी गई. शिविर में विधायक समीर महंती भी उपस्थित थे. विधायक के समक्ष पंचायत के मुखिया ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और इसकी शिकायत की. मुखिया की शिकायत पर विधायक ने प्रभारी बीडीओ उपेंद्र कुमार को प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित पदाधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया.



### कार्यशाला ही पंचायत की दिशा और दशा तय करेगी

विधायक समीर महंती ने कहा कि कार्यशाला ही पंचायत की दिशा और दशा तय करेगी. प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर मुखिया अपनी-अपनी पंचायतों का विकास करें. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूत इकाई पंचायत है. सभी मुखिया को लोकतांत्रिक पद्धति में लोगों की सेवा करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है. आप ईमानदारी से जनता की सेवा करने के साथ साथ पंचायत के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं. मौके पर प्रभारी बीडीओ सह सीओ उपेन्द्र कुमार, प्रभारी एमओ गौरीशंकर साव, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानंद घटवारी, प्रखंड समन्वयक शिव शंकर बेरा, मुखिया साहेबराम मांडी, शिवचरण हांसदा, दासो हेम्ब्रम, राधानाथ मुर्मू, जादू हेम्ब्रम, पूनम मांडी, मंजू टुडू समेत अन्य उपस्थित थे.

### परसुडीह में फिर शुरू हुआ अवैध लॉटरी का धंधा

**जमशेदपुर।** परसुडीह बाजार में बीते दिनों ही पुलिस ने अवैध लॉटरी और जुआ के धंधे के खिलाफ छापेमारी करते हुए लगाम लगा दी थी. इधर, छापेमारी के एक हफ्ते के भीतर ही क्षेत्र में फिर से अवैध लॉटरी का धंधा फलने-फूलने लगा है. परसुडीह बाजार में भगीना नामक युवक द्वारा इस धंधे को चलाया जा रहा है. भगीना बाजार में घूम-घूम कर लॉटरी का अवैध धंधा कर रहा है. इससे लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं. बताया जाता है कि भगीना क्षेत्र में अन्य लोगों को भी लॉटरी बेचने के लिए प्रेरित कर रहा है. वह कमीशन पर लॉटरी बेचने का लालच दे रहा है.



---

# एक सप्ताह से चापाकल खराब ठीक कराने की लगाई गुहार

**संवाददाता। मनोहरपुर**

थाना चौक के समीप एक सप्ताह से सरकारी चापाकल खराब पड़ा है. इसकी वजह से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों ने पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता राजकिशोर शर्मा से चापाकल ठीक कराने की गुहार लगायी गई. लेकिन, अभी तक चापाकल की मरम्मती नहीं करायी गई. इसकी वजह से लोगों में पीएचडी विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है. लोगों ने विभाग के खिलाफ ठोस कदम उठाने का मन बनाया है.

**12 से अधिक परिवार के बीच एक चापाकल:** विदित हो कि थाना चौक में मात्र एक ही चापाकल है. वह भी एक सप्ताह से खराब है. इससे कारण वहां घोर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है. लोगों का कहना है कि मनोहरपुर थाना चौक टोला में 12 से अधिक परिवार के बीच एक ही सरकारी चापाकल है. वो भी एक सप्ताह से खराब पड़ा है. स्थानीय लोगों ने पीएचडी विभाग से कई बार चापाकल की मरम्मती कराने को लेकर गुहार लगायी, लेकिन विभाग ने इसे अनसुना कर दिया.



#### परेशानी बढ़ी

- पीएचडी विभाग के प्रति लोगों का बढ़ा आक्रोश
- विभाग के खिलाफ ठोस कदम उठाने पर जोर

---

### सफाई अभियान चलाकर लोगों ने की अपनें-अपनें क्षेत्रों की सफाई

# पीएचडी विभाग की खुली नींद

**संवाददाता। जमशेदपुर**

बागबेड़ा व आसपास के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग से की जा रही सफाई का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है. जुगसलाई नगर परिषद, पीएचडी विभाग के साथ-साथ अब जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने क्षेत्र में सफाई अभियान में जुट गए है. बागबेड़ा जिला परिषद सदस्य कविता परमार भी इस अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए कई इलाकों में सफाई करा रही हैं. पिछले छह दिनों से चल रहे इस अभियान के कारण क्षेत्र से काफी हद तक कचरे को साफ किया जा चुका है. इससे लोगों ने राहत की सांस ली है. शुक्रवार को अलग-अलग इलाकों में एकत्रित किए गए कचरों के ढेर को हाइवा और ट्रैक्टर के माध्यम से जुगसलाई शिव घाट के पास डंपिंग यार्ड में फेंकवाया गया.



### कई इलाकों में कचरों की सफाई

बागबेड़ा विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने बताया कि 14 अक्टूबर से सफाई अभियान निरंतर चल रहा था. क्षेत्र के कई इलाकों में कचरों की सफाई की जा चुकी है. इसमें स्थानीय जिप सदस्य, जुगसलाई नगर परिषद और पीएचडी विभाग का भी बाद में सहयोग मिला, जिस कारण कम समय में क्षेत्र की सफाई हो पाई.

### परेशान थे लोग, इसलिए की पहल

बता दें कि जिला प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से किसी तरह की पहल नहीं होने पर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बागबेड़ा महानगर विकास समिति के साथ मिलकर खुद ही सफाई करने का बीड़ा उठाया था. स्थानीय लोग अधिकारियों और उनके दफ्तरों के चक्कर काट कर ऊब चुके थे.

---

# जुगसलाई अंडरब्रिज के पास सड़क पर उड़ रही धूल, राहगीर परेशान

**संवाददाता। जमशेदपुर**

रेलवे द्वारा जुगसलाई में थर्ड लाइन को लेकर टाटा पिगमेंट के पास पुराने अंडरब्रिज पर नया सबवे का निर्माण किया गया है. दो दिन पूर्व ही इसका काम पूरा होने के बाद यहां से आवागमन भी शुरू हो चुका है. इससे लोगों को जाम से तो छुटकारा मिल गया परंतु यहां उड़ती धूल और सड़क पर बिखरे गिट्टी से लोग खासे परेशान है. लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है. वाहन के पीछे चलने वाले बाइक सवारों और पैदल चलने वाले राहगीरों को सबसे ज्यादा इस मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है. सबवे समतलीकरण के लिए डाली गई मिट्टी सड़क पर आकर जमा हो गई है, जो अब इस सड़क से गुजरने वाले वाहनों के पहिए से गुब्बार के रूप में उड़ रही है. जिससे लोगों का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है.



### बिष्टुपुर से स्टेशन को जोड़ती है सड़क

उक्त सड़क बिष्टुपुर से स्टेशन को जोड़ती है. जबकि पास ही घोड़ा चौक से जुगसलाई जाने का भी मार्ग है. रोजाना हजारों लोग इस सड़क से आवागमन करते है. पिछले कुछ दिनों से रेल विकास निगम लिमिटेड के द्वारा थर्ड लाइन को लेकर अंडरब्रिज पर नया सबवे बनाने का काम चल रहा था. इसके लिए सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया था. लोग नए अंडरब्रिज से आवागमन कर रहे थे, वहां भी बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे.

---

**छापेमारी**

### खान प्रबंधक ने सुरक्षा गार्डों के साथ कांटा घर व खुली खदान में की छापेमारी, कहा

# पुलिस के असहयोग से चोरी पर नहीं लग रहा अंकुश

**संवाददाता। कथारा (बेरमो)**

खान प्रबंधक बालगोविंद नायक ने आज सुबह सीसीएल कथारा क्षेत्र स्थित जारंगडीह परियोजना के जारंगडीह कांटा घर और खुली खदान पहुंचे. खान प्रबंधक के साथ सीसीएल जारंगडीह सुरक्षा विभाग की टीम भी मौजूद थी. इस दौरान बालगोविंद नायक ने कोयला चोरों को खदेड़ा और एक बाइक भी जब्त की.

**डेढ़ सौ की संख्या में रहते हैं कोयला चोर:** खान प्रबंधक ने कहा कि करीब डेढ़ सौ की संख्या में लोग कोयला चोरी करने पहुंचते हैं. सुरक्षा कर्मियों के साथ प्रतिदिन उन्हें खदेड़ा जाता है, लेकिन वे बेखौफ होकर दूसरे दिन फिर पहुंच जाते हैं. खदान में अवैध रूप से कोयला चोरी करते हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है.

#### करें सहयोग

- करीब डेढ़ सौ लोग आते है कोयला चोरी करने
- कोयला ले जा रहे एक बाइक को किया जब्त

### लगातार हो रही है छापेमारी

- **20 अक्टूबर :** जारंगडीह कांटा घर तथा जारंगडीह खुली खदान के कोयला स्टॉक से कोयला चोरों को खदेड़ा गया और एक बाइक को पकड़कर क्षतिग्रस्त किया .
- **19 अक्टूबर :** सुरक्षा कर्मियों ने छापेमारी कर दो टन कोयला और पांच साइकिल जब्त की.
- **12 अक्टूबर :** छापेमारी अभियान में 5 टन कोयला जब्त किया गया.
- **10 अक्टूबर :** सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान कर 2 टन कोयला जब्त किया. साथ ही 5 साइकिल क्षतिग्रस्त किए.
- **9 अक्टूबर :** छापेमारी अभियान में 20 टन कोयला जब्त, 10 साइकिल को क्षतिग्रस्त किया गया.
- **23 सितंबर :** जारंगडीह कांटा घर तथा जारंगडीह खुली खदान में खान प्रबंधक के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर 35 टन कोयला जब्त किया गया.

### पुलिस नहीं करती सहयोग

बालगोविंद नायक के कहा कि बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह क्षेत्र है. स्थानीय पुलिस कोयला चोरी को रोकने में सहयोग नहीं करती है, जिसके कारण वे बेखौफ होकर आते हैं और कोयला चोरी करके निकल जाते हैं. कोयला चोरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि कोयला चोरी करने से मना करने पर वे अभद्रता पर उतर जाते हैं और मारपीट के लिए उतारू हो जाते हैं.

---

# चेकिंग के नाम पर प्रशासन न करें परेशान : विजय महतो

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**

भारतीय जनता पार्टी के सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष विजय महतो ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि हेलमेट चेकिंग के नाम पर त्योहार के दौरान आम जनता को परेशान न करें. विजय महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि त्योहार को लेकर इस समय गांव देहात के लोग शहरों में अपने बच्चे, परिवार के साथ खरीददारी करने या उत्सव में सम्मिलित होने के लिए आते हैं. पुलिस के रवैये से लोग परेशान हैं. विजय महतो ने कहा कि उन्हें कई लोगों ने शिकायत मिली है कि आदित्यपुर पुलिया, आदित्यपुर टोल प्लाजा मोड़, कांड्रा टोल प्लाजा के समीप और सरायकेला चाईबासा रोड पर खास कर लोगों को टारगेट किया जाता है. प्रशासन जैसे इनकी ताक में रहते हैं कि हेलमेट चेकिंग के नाम पर इनका दोहन किया जाये. इस वजह से उत्सव मनाने की खुशी परेशानी में बदल जाती है. विजय महतो ने कहा कि चुनाव के समय वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे मुद्दा बनाया था, जबकि आज उनके प्रशासन का रवैया विपरित है.



भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो.

## ब्रीफ खबरें

### तालाब से पैर बंधे युवक का शव बरामद

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू चौक के पास स्थित एक तालाब से पैर बंधे युवक का शव बरामद हुआ है. शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है. बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में युवक का शव देखा. इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तालाब से शव को बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

### दो चोर हुए गिरफ्तार स्कूटी से शराब बरामद

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 14 निवासी मो जफरुद्दीन के घर पर 19-20 अक्टूबर की रात चोरी करने के मामले में बस्ती के ही शाहरुख खान और शेख असरफ को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से चोरी किए गए चांदी की पायल, दो नाक की फुल्ली और 4200 नकद बरामद किए गए है. पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इधर, पटमदा पुलिस ने स्कूटी से अवैध शराब ले जा रहे लोवाडीह निवासी गोराचांद गोराई को गिरफ्तार किया है.

### पुलिस ने नाबालिग को पीटा, शिकायत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में एक बार फिर नाबालिग की पिटाई का आरोप पुलिस पर लगा है. मामला बागबेड़ा थाना से जुड़ा है. इसे लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार एसएसपी से शिकायत करने पहुंचा. पीड़ित ने बताया कि वह गुरुवार को कच्चू बगान के पास एक निर्माणाधीन घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहा था. इतने में पुलिस आई और रेलवे की जमीन पर घर बनवाने का आरोप लगाकर पिटाई की. विरोध करने पर पुलिस उसे थाना ले गई और फिर थाना में पिटाई की.

### पिंटू सिंह के केस की अब अलग से सुनवाई

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में जेल में बंद जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह का मुकदमा अन्य आरोपियों से अलग करने का आदेश अदालत ने दिया है. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने पिंटू सिंह के आवेदन पर वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट के निर्देश के आलोक में आदेश जारी किया है. इसके साथ ही अदालत ने पिंटू सिंह को मामले में बहस करने का निर्देश दिया है.

### विकास सिंह की जमानत पर केस डायरी तलब

**धनबाद।** अवैध हथियार रखने के आरोप में धनबाद जेल में बंद अंबिकापुरम निवासी विकास सिंह की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई. अदालत ने वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद पुलिस से केस डायरी तलब की है. ज्ञात हो कि इससे पहले 11 अक्टूबर को धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने विकास की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. विकास सिंह दो अक्टूबर से जेल में बंद है.

### प्रधान सहायक की जमानत खारिज

**धनबाद।** रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए डीसी ऑफिस के रिकॉर्ड रूम के प्रधान सहायक कृष्णेंदु चौधरी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को निगरानी के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत में सुनवाई हुई. बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की. वहीं लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने जमानत का कड़ा विरोध किया. अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत देने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी.

### ससुराल में रह रहे युवक की हत्या

**महगामा।** ससुराल में रह रहे युवक अजय यादव की हत्या कर लाश को तालाब के किनारे फेंक दिया गया. घटना हनवारा थाना अंतर्गत ग्राम मनान करहरिया की है. अजय यादव विशाहा पथरगामा का रहने वाला था. उसकी शादी अंजना गांव में हुई थी. शादी के बाद से ही वह ससुराल में ही रह रहा था. शनिवार की संध्या ही घर से निकला था. रात भर घर लौट कर नहीं आया. शुक्रवार सुबह तालाब के किनारे उसकी लाश मिली.

# हाईकोर्ट जज के बॉडीगार्ड की गोली लगने से मौत

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट के जज जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गई है. बॉडीगार्ड ने आत्महत्या की है या फिर एक्सीडेंटल गोली चली है, इसकी जांच की जा रही है. यह घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है. बताया जाता है कि बलराम एक्का को गोली लगने के बाद आनन-फानन में मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

बॉडीगार्ड ने आत्महत्या की है या फिर गलती से गोली चली है, पुलिस इसकी जांच कर रही है. जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा. रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है.

**अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है मामला :** मिली जानकारी के अनुसार गुमला के रहने वाले बलराम एक्का जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड के रूप में लंबे समय से कार्यरत थे. बलराम जस्टिस के आवास स्थित एक आउटहाउस में ही रहा करते थे. शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 मिनट पर न्याय पथ स्थित जस्टिस के आवास से गोली चलने की आवाज आई. हाउस गार्ड जब मौके पर दौड़े दौड़े पहुंचे, तो देखा कि बलराम एक्का अपने कमरे के बाथरूम में खून से लथपथ पड़ा हुआ है, उसकी एके 47 राइफल भी पास में पड़ी हुई थी. आनन फानन में बलराम को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

**बलराम के एके-47 से चली है गोली**

रांची पुलिस के अनुसार बलराम के एके 47 से ही गोली चली है. गोली गले के कंठ से होते हुए सिर से बाहर निकल गई है. अंदेशा जताया जा रहा है कि बलराम के द्वारा खुद को गोली मारी गई है. मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची एसएसपी, सिटी एसपी, हटिया डीएसपी सहित एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुची. रांची एसएसपी ने बताया कि मामला आत्महत्या का है या एक्सीडेंटल फायर का इसकी जांच की जा रही है. बॉडीगार्ड बलराम झारखंड के गुमला जिला के रहने वाले थे. उनके परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है. विशेष जानकारी आगे की तफ्तीश के बाद दी जाएगी.

## आओ जानें

### इन राज्यों में इतने अंदर ट्रायल कैदी हैं बंद

| | | | |
|---|---|---|---|
| लद्दाख | : 16 | मध्यप्रदेश | : 29094 |
| जम्मू कश्मीर | : 4531 | झारखंड | : 16249 |
| हिमाचल प्रदेश | : 2024 | पश्चिम बंगाल | : 22577 |
| पंजाब | : 19510 | मेघालय | : 866 |
| चंडीगढ़ | : 718 | नागालैंड | : 326 |
| हरियाणा | : 18237 | मणिपुर | : 513 |
| उत्तराखंड | : 4674 | मिजोरम | : 640 |
| दिल्ली | : 16665 | छत्तीसगढ़ | : 12288 |
| उत्तरप्रदेश | : 90606 | ओडिशा | : 18164 |
| बिहार | : 59577 | त्रिपुरा | : 598 |
| सिक्किम | : 302 | महाराष्ट्र | : 31752 |
| असम | : 7620 | तेलंगाना | : 4796 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 121 | गोवा | : 481 |
| गुजरात | : 11599 | कर्नाटक | : 11689 |

लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक सदस्य भी धराए

# जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर बीरबल गिरफ्तार

आशीष टैगोर । लातेहार

लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर सुशील उरांव उर्फ बीरबल जी उर्फ विधायक जी और जेजेएमपी सदस्य अमरेश उरांव को गिरफ्तार किया है. एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने दोनों को लातेहार जिले के हेरहंज-मनिका मुख्य पथ से गिरफ्तार किया.

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके 47 रायफल, एक मैगजीन, 7.62 एमएम का 78 जिंदा कारतूस, एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, सात एंड्रायड मोबाइल फोन, एक बाइक समेत कई सामग्रियां बरामद की है. एसपी अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इसकी जानकारी दी.

**बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे नक्सली :** एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना के सिकित जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा, सब जोनल कमांडर सुशील उरांव उर्फ सुशील, लवकेश व शिवा समेत अन्य 12-15 उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बैठक कर रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआरपीएफ 214, 11वीं बटालियन, पुलिस पदाधिकारी व सैट के जवानों की एक छापेमारी टीम गठित की गयी.

छापेमारी टीम ने शुक्रवार सुबह सूचना वाले स्थान के पास कुछ दूरी पर छिप कर बैठी थी. इसी क्रम में हेरहंज-मनिका मुख्य सड़क की ओर से एक बाइक आती दिखायी दी. सुरक्षा बलों ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो बाइक पर बैठे दोनों लोग भागने लगे. जिसे पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया. पूछने पर एक ने खुद को जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर सुशील उरांव उर्फ बीरबल जी उर्फ विधायक बताया. वहीं दूसरे ने अपना नाम अमरेश उरांव बताया. अमरेश उरांव बाइक चला रहा था. एसपी ने बताया कि बीरबल मुख्यतः मनिका व बरवैया इलाके में अपना काम देखता है.



गिरफ्तार सबजोनल कमांडर के बारे में जानकारी देते एसपी.

**खास बातें**

- जेजेएमपी का एक और सदस्य गिरफ्तार
- भाग रहे उग्रवादियों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

**बीरबल पर अलग-अलग थानों में 35 मामले दर्ज**

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सुशील उरांव उर्फ बीरबल जी उर्फ विधायक जी का काफी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है. उन्होंने बताया कि उस पर लातेहार, पलामू व चतरा के विभिन्न थानों में 35 मामले दर्ज हैं. जबकि अमरेश उरांव पर दो मामले दर्ज हैं.

**पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है : एसपी**

एसपी अंजन ने कहा कि सीआरपीएफ की 214वीं व 11वीं बटालियन की मदद से पुलिस लगातार माओवादी एवं अन्य उग्रवादी संगठनों के खिलाफ लगातार छापामारी कर रही है. इसमें पुलिस को भी कई सफलताएं मिली है. पुलिस ने कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और कई मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं.

चांडिल : एनएच-33 पर तीन सड़क हादसे हुए

# पांच वाहनों में भिड़ंत, पांच घायल

संवाददाता । चांडिल

टाटा-रांची एनएच 33 पर चौका थाना क्षेत्र स्थित दिरलौंग के सामने एक ही स्थान पर तीन सड़क हादसे में पांच वाहनों की भिड़ंत हो गयी. इस हादसे में पांच लोग घायल हो गये. ये सड़क हादसे गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक अलग-अलग समय पर हुई. पहला सड़क हादसा दिरलौंग गांव के यश पट्रोल पंप के पास गुरुवार रात को हुई. इस हादसे में सड़क पर खड़े ट्रक को तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से ठोक दिया. जिसकी वजह से ट्रेलर चालक घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही चौका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को इलाज के लिए जमशेदपुर भेज दिया. दूसरा हादसा यश पेट्रोल पंप के पास ही हुआ, जहां सड़क पर खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को रात के अंधेरे में एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. घटना के बाद रात भर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन दिरलौंग में सड़क पर ही खड़े रह गये.



**ट्रक ने ऑटो में मारी जोरदार टक्कर**

तीसरा सड़क हादसा शुक्रवार सुबह उसी स्थान पर हुआ. यहां रांगामाटी से चौका की तरफ जा रहे एक ऑटो को ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया. जिसके बाद ऑटो सड़क किनारे जाकर पलट गया. घायलों में ईचागढ़ थाना क्षेत्र के विभिषण गोराई (ऑटो चालक), सूरज दास और कुश गोराई शामिल हैं. इसके अलावा शिक्षक अमरजीत महतो भी घायल हुए हैं.

### 18 दिन में अवैध शराब के 45 मामले दर्ज, 8 धंधेबाज गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग एक



अक्टूबर से जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला रहा है. इस दौरान विभाग ने 18 अक्टूबर तक यानी 18 दिनों में अवैध शराब के 45 मामले दर्ज किए और 8 अवैध कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि एक से 18 अक्टूबर तक 690 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब, 5800 किलो जावा महुआ, 11 लीटर देसी शराब, 843 लीटर अंग्रेजी शराब, 63 लीटर बीयर, 2900 लीटर स्प्रिट 500 लीटर रंगीन शराब की बरामदगी हुई है.

# जीएनएम नर्स को बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

संवाददाता । रांची

रातू सीएचसी में अनुबंध पर कार्यरत नर्स श्यानी हेरेंज को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में श्यानि गंभीर रूप से घायल हो गयी. आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, नर्स के दोनों हाथ और पैर टूट गये हैं. वहीं सिर पर भी गंभीर चोटें आयी है.

झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने आरोप लगाया है कि बाइक सवार पर केस दर्ज करने के लिए रातू थाना गये, लेकिन केस दर्ज नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जब तक केस दर्ज नहीं होता और बाइक सवार की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारी रातू सीएचसी में धरने पर बैठेंगे.



### गोड्डा में किरायेदार ने की मकान मालकिन की हत्या, गिरफ्तार

**गोड्डा।** किरायेदार ने मकान मालकिन की हत्या कर दी. घटना ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के खरखोदिया की है. महिला संयुक्ता देवी पांच दिनों से लापता थी. इसकी जानकारी महिला के बाहर रहने वाले बेटे को दी गई. वह पहुंचा और खोजबीन की लेकिन महिला को कुछ पता नहीं चल पाया. थक-हारकर उसने अपनी मां के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज करा दी. इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और मामले की जांच में जुट गई. वहीं जांच के क्रम में पुलिस ने महिला के घर पर किराये पर रह रहे युवक रोहित कुमार राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की. तब उसने अपना जूर्म कबूल कर लिया. उसने पुलिस को बताया कि घर में चोरी करते हुए मकान मालकिन ने उसे देख लिया था और पुलिस को सौंपने की बात कह रही थी. इसके बाद उसने रात के अंधेरे में महिला की हत्या कर दी और बोरे में शव रखकर गड्ढे में फेंक दिया.

# अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के 2 सदस्य हथियार सहित धराए



- बैंक मोड़ इलाके में अपराध की योजना बना रहे थे, पुलिस ने दबोचा

संवाददाता । धनबाद

बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के छाईगदा में अपराध की योजना बना रहे अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी. बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह चौकस है, जिसका परिणाम भी दिख रहा है. पकड़े गए बदमाशों का नाम राजू मिश्रा और दारा सिंह घटवार है. दोनों भूली के रहने वाले हैं. उनके पास दो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार राजू लूट के मामले में मुंगेर जेल की सजा काट चुका है. दोनों बदमाश पूजा में देर रात धनबाद रेलवे स्टेशन पहुंचने वालों को हथियार के दम पर लूटने की फिराक में थे. तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया.

**भूल सुधार**

### बलात्कार के अभियुक्त को 15 वर्ष की सजा

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार की अदालत ने अभियुक्त रमेश उरांव को बलात्कार का दोषी पाया है. पोक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार छह फरवरी 2021 को पीड़िता शौच के लिए गई थी, जहां आरोपी ने उसे अकेले पाकर पकड़ लिया और बलात्कार कर वीडियो बना लिया. उसके बाद आरोपी ने पीड़िता के घर जाकर उसे वीडियो दिखाते हुए बोला कि अगर तुम किसी को इस घटना की जानकारी दोगी तो इसे वायरल कर देंगे. वह कुछ लोगों को वह वीडियो वायरल कर भी दिया था. अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल 10 गवाहों को पेश किया गया. दोनों ओर से बहस के बाद अदालत ने आरोपी को भादवि की धारा के तहत दोषी पाया. वीडियो वायरल करने के आरोप को भी अदालत ने सही पाते हुए अधिकतम तीन वर्ष एवं 10,000 रूपया जुर्माना तथा बलात्कार के मामले में 15 वर्ष की सजा सुनाई है.

बैंक मोड़ स्थित मटकुरिया की घटना

# चालक की पिटाई के बाद बिगड़ा माहौल, भागा ट्रैफिक जवान





संवाददाता । धनबाद

धनबाद के बैंक मोड़ स्थित मटकुरिया में ट्रैफिक पुलिस ने टोटो चालक शिवम कुमार के साथ मारपीट कर दी. यह देख टोटो पर बैठे यात्री व स्थानीय लोग चालक के समर्थन में ट्रैफिक जवान से उलझ गए. माहौल बिगड़ता देख ट्रैफिक जवान उल्टे पांव बैंक मोड़ थाना की ओर भाग खड़े हुए. सूचना मिलते ही बैंक मोड़ थाना के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया. पुलिस टोटो चालक को वाहन के साथ थाना ले गई. इस घटना को लेकर ट्रैफिक जवानों के प्रति लोगो में काफी आक्रोश देखा गया. उन्होंने दोषी जवान के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की मांग वरीय अधिकारियों से की है.

### ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़ नकदी व हजारों के जेवरात की चोरी

**मैथन।** पंचेत ओपी क्षेत्र के पतलाबाड़ी मोड़ स्थित मां लक्खी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर चोरों ने नकदी व हजारों रूपये के जेवरात की चोरी कर ली. घटना गुरुवार देर रात हुई है. चोर दुकान का लॉकर नहीं खोल सके, जिससे सोने-चांदी के कीमती जेवरात बच गए. इस संबंध में दुकान मालिक संतोष कुमार डे ने पंचेत ओपी में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर छानबीन की. चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी लेते गये. दुकानदार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे पड़ोसियों ने फोन पर घटना की सूचना दी. वह भागे-भागे दुकान पहुंचे, तो देखा कि शटर में लगे सभी ताले टूटे पड़े हैं और शटर खुला है. दुकान के अंदर सारे सामान बिखरे पड़े थे. दुकानदार ने बताया कि करीब सात हजार रुपये नकदी सहित 12 से 15 हजार रुपये के जेवरात चोर ले गए है. पुलिस चोरों की पहचान में जुट गई है.

**जमशेदपुर** एसएसपी बनने के बाद किशोर कौशल लगातार अपराधियों पर कस रहे हैं शिकंजा

# पुलिस ने 10 दिनों में किया 1088 लंबित वारंट का निष्पादन

रोहित कुमार । जमशेदपुर

जमशेदपुर के एसएसपी बनने के बाद किशोर कौशल लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसते नजर आ रहे हैं. बीते दिनों उन्होंने शहर के सभी थानेदारों के साथ एक बैठक की और लंबित मामलों के बारे में जानकारी ली. बैठक के दौरान उन्होंने पाया कि शहरी क्षेत्र के 17 थानों में 1 अक्टूबर तक 2209 लंबित वारंट है, जिसके बाद उन्होंने सभी थानेदारों को लंबित मामलों को निपटाने का आदेश दिया.

इधर, 10 दिनों बाद शहरी क्षेत्र के थानेदारों ने 1088 यानि 41.40 लंबित वारंट का निपटारा कर दिया. एसएसपी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानेदारों को सम्मानित करने का आदेश दिया है. एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने पाया कि 17 अक्टूबर तक 2209 लंबित वारंट ऐसे हैं. जिसका निपटारा नहीं किया जा रहा है. उन्होंने शहरी क्षेत्र के थानेदारों के साथ बैठक की और सभी को लंबित वारंट को कम करने का आदेश दिया था.

इसमें सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानेदारों को सम्मानित किया जाएगा. जबकि जिन थानेदारों ने 30 प्रतिशत के कम लंबित मामलों का निपटारा किया है उनको शोकॉज किया जाएगा.

**सबसे बेहतर प्रदर्शन उलीडीह ओपी का :** एसएसपी ने बताया कि सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वालों में उलीडीह ओपी प्रभारी सोनू कुमार है. सोनू कुमार ने 16 अक्टूबर तक 68 प्रतिशत लंबित वारंट का निष्पादन किया है. जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वालों में सीतारामडेरा थाना है. सीतारामडेरा थाना प्रभारी ने सिर्फ 15 प्रतिशत मामले का ही निष्पादन किया है.

**खास बातें**

- 17 थानों में 1 अक्टूबर तक 2209 लंबित वारंट है.
- बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानेदारों को सम्मानित किया जाएगा.

**इनका प्रदर्शन रहा सबसे अच्छा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उलीडीह | 68 प्रतिशत | बागबेड़ा | 52 प्रतिशत |
| सोनारी | 61 प्रतिशत | सिदगोड़ा | 46 प्रतिशत |
| गोविंदपुर | 60 प्रतिशत | जुगसलाई | 45 प्रतिशत |
| बिरसानगर | 57 प्रतिशत | परसुडीह | 44 प्रतिशत |
| बिष्टुपुर | 57 प्रतिशत | आजादनगर | 32 प्रतिशत |
| बर्मा माइंस | 55 प्रतिशत | कदमा | 23 प्रतिशत |
| साकची | 53 प्रतिशत | गोलमुरी | 20 प्रतिशत |
| मानगो | 53 प्रतिशत | टेल्को | 20 प्रतिशत |
| सीतारामडेरा | | | 15 प्रतिशत |

# बाइक दुर्घटना में एक भाई की मौत, दूसरा हुआ घायल

संवाददाता। लातेहार



मनिका थाना क्षेत्र के नदबेलवा मोड़ के पास शुक्रवार एक अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया. बाइक में दो भाई व एक महिला सवार थी. दुर्घटना में एक भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि दूसरा भाई घायल हो गया. उसे मनिका अस्पताल में प्राथमिक इलाज कर लातेहार रेफर कर दिया गया है. मृतक की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के मांजर ग्राम निवासी सुनील सिंह (25) पिता चमन सिंह के रूप में की गयी है. जानकारी के अनुसार सुनील सिंह अपने ससुराल केडीमहुआ (मनिका) से अपने भाई लोकेश सिंह (15) व अपनी पत्नी के साथ बाइक में सवार होकर अपने गांव मांजर जा रहा था. इसी दौरान नदबेलवा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को धक्का मार दिया. इस दुर्घटना में सुनील सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि घायल भाई लोकेश सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया. पुलिस ने मृतक सुनील सिंह के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाग्य भाव में चंद्रमा है. धर्म मे मन लगेगा. पिता से लाभ होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. निवेश शुभ रहेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. विवाह के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे. संतान की चिंता रहेगी. शनि को बल दे.

**वृषभ** पूर्व में किया गया निवेश शुभ फल देगा. साथ ही कोई शुभ समाचार मिलेंगे. विवाद न करें. किसी की जमानत देने का जोखिम न लें. भविष्य की चिंता रहेगी. पुरानी पीड़ा से ग्रस्त रहेंगे. धर्म में मन लगेगा.

**मिथुन** किसी अपनों से कोई बड़ा किसी से विवाद होगा. जुवान पर काबू रखें. पर मिजाज खुशनुमा रहेगा. बेरोजगारी दूर होगी. विरोधी परास्त होंगे. जीवन आध्यात्म की तरफ मुड़ सकता है. बोलने से पहले विचार करें.

**कर्क** कर्म और व्यापार से लाभ होगा. समय रहते अपने कार्यों का विभाजन कर लें. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. विवाद से बचते हुए फालतू खर्च से बचें. अस्वस्थता के कारण मन खिन्न रहेगा. माता दुर्गा का पूजन करें.

**सिंह** रुका हुआ धन मिलने की संभावना के बीच यात्रा से लाभ होगा. अपनी आदतों को बदलें और प्रयास करें कि जो भी फैसला लें उस पर कायम रहें. आपके गलत निर्णय से संतान से मतभेद होगा. चीनी और सत्तू का दान करें.

**कन्या** व्यवसाय में नई योजना लागू होगी. कार्यस्थल में बदलाव संभव है.अनाज तिलहन के निवेश, नौकरी व यात्रा से लाभ होगा. अपनों से मन की बात कहने का अवसर मिलेगा. किसी शिव मंदिर में फल का दान करे.

**तुला** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रफुल्लित रहेगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. नौकरी में भागदौड़ रहेगी. घर-परिवार में चल रहे विवादों के कारण चिंतित रहेंगे. दूध का दान करें.

**वृश्चिक** धन का आगमन होगा. पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. नया वाहन, मशीनरी पर धन खर्च होगा. पारिवारिक कार्यक्रमों में भागदौड़ अधिक होगी. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. हनुमानजी का पूजन करें.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम है. मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा. परिणय कार्य की रुकावटें दूर होंगी. संतान सुख मिलेगा. अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा. किसी की सुनी सुनाई बातों से दूर रहें.

**मकर** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे. निवेश शुभ रहेगा. दिनचर्या व्यस्त रहेगी. संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. पेट से संबंधित रोग संभव है. प्रियजन को मन की बात बताने का अवसर मिलेगा. शिव मंदिर में फल का दान करें.

**कुंभ** आपके गलत निर्णय से खर्च अधिक होगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. किया गया छोटी यात्रा मनोनुकूल रहेंगी. परिवार में बुजुर्गों का साथ मिलेगा. शनि को खुश करें.

**मीन** पिता से कार्य में सहयोग और लाभ मिलेगा. निजी जीवन में तनाव रहेगा. नौकरी में परिश्रम अधिक होगा. कार्यस्थल पर विवाद से बचें. चोरी आदि से हानि हो सकती है सावधानी बरतें. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

## स्व. गोपेश नारायण किए गए याद



**घाटशिला ।** स्वतंत्रता सेनानी स्व. गोपेश नारायण देव का 32वां पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शुक्रवार को तेरंगा गांव स्थित उनके आवास पर किया गया. श्रद्धांजलि सभा में विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा स्वतंत्रता सेनानी गोपेश बाबू ने भारत छोड़ो आंदोलन के समय जेल यात्रा की थी. समकालीन स्वतंत्रता संग्रामी शिवप्रसाद शर्मा हरिपद पांडा, बंकिम चंद्र नाग प्रमुख रूप से एक साथ जेल यात्रा किए थे. मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई. दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई. इस अवसर पर सेनानी के पुत्र गोवर्धन नारायण देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के विकास मजूमदार, कृष्ण पाल, सिद्धार्थ महाकुड, बारिद गिरी, अनुग्रह नारायण देव मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## फिलिस्तीन के समर्थन में उतरे लोग

**जमशेदपुर ।** शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग मानगो आजादनगर ईदगाह मैदान में जमा हुए और गाजा में फिलिस्तीनियों पर हो रहे हमले के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया. तंजीम अहल-ए-सुन्नत व जमात के बैनर तले लोगों ने इजराइल मुर्दाबाद व फिलिस्तीन जिंदाबाद और युद्ध विराम के नारे लगाए. अंत में देश और पूरी मानवता की भलाई के लिए विशेषकर फिलिस्तीन में युद्ध विराम और शांति व्यवस्था के लिए दुआ की गई. एकत्रित भीड़ को संबोधित करते हुए तंजीम के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती जियाउल मुस्तफा मिस्बाही, मौलाना बुरहान उल हुदा नूरी और मौलाना शमशाद उल कादरी सादी ने कहा कि हमारा देश गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक हमेशा मजलूम फिलिस्तीनियों के समर्थन में खड़ा रहा रहा है.

### जेटीएस ने बोम्माला कोलुवु प्रतियोगिता का किया आयोजन

# अनोखे पर्व को बचाने की पहल

संवाददाता ।जमशेदपुर



तेलुगु समुदाय के अखिल भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन, अखिल भारतीय तेलुगु समुदाय कल्याण संघ (एआईटीसीडब्ल्यूए) के तत्वावधान में झारखंड तेलुगु सेना (जेटीएस) द्वारा बोम्माला कोलुवु (गुड़िया का प्रदर्शन) को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में जेटीएस के महासचिव पी. सीताराम राजू ने बताया कि राज्य शाखा जेटीएस द्वारा दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान बोम्माला कोलुवु प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है. शुरुआत में इसे जमशेदपुर में आयोजित करेंगे, जहां तेलुगु समुदाय की लगभग 1.30 लाख आबादी रहती है. उन्होंने कहा कि अगले साल से प्रतियोगिता का विस्तार राज्य के अन्य हिस्सों में किया जाएगा. प्रतियोगिता का आयोजन जेटीएस महिला विंग की अध्यक्ष जी विजया लक्ष्मी के नेतृत्व में किया जाएगा. इसका उद्देश्य झारखंड में लुप्त हो रही संस्कृति को पुनर्जीवित करना और साथ ही हमारी युवा पीढ़ी को इसके महत्व को समझाना है.

**आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में बोम्मला कोलुवु 'दशहरा' का पर्याय :** जेटीएस संयोजक जी गोपाल कृष्ण ने कहा कि छह तेलुगु परिवारों ने अब तक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दी है. दक्षिण भारत में विशेष रूप से अविभाजित आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में बोम्मला कोलुवु 'दशहरा'' का पर्याय है. बोम्मला कोलुवु मुख्य रूप से महिलाओं, अविवाहित लड़कियों द्वारा लकड़ी की सीढ़ियों व तख्तों पर गुड़िया और मूर्तियों का कलात्मक प्रदर्शन है. बोम्माला कोलुवु, नवरात्र उत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार की गुड़ियों और मूर्तियों के माध्यम से संस्कृतियों को प्रदर्शित करने और पौराणिक कहानियों को चित्रित करने का एक पारंपरिक तरीका है.

**विजेता को 1 नवंबर को किया जाएगा सम्मानित :** बोम्मला कोलुवु में लकड़ी की सीढ़ियों, तख्तों की संख्या अक्सर विषम संख्या में 1 से लेकर नौ तक होती है, जो की नवरात्र के नौ दिव्य दिनों का प्रतीक है. यह भारत के दक्षिणी राज्यों में दशहरा उत्सव या संक्रांति के दौरान व्यापक रूप से प्रदर्शित किया जाता है.

**प्रतिभागियों ने साझा किया अनुभव :** विजया लक्ष्मी ने कहा कि बोम्माला कोलुवु की व्यवस्था करने के लिए रंगों की समझ होनी चाहिए, जो परिवार के सदस्यों और दोस्तों के लिए एक साथ आने और गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का एक अवसर है. यहां मानगो के ग्रीन सिटी आवासीय परिसर की निवासी एक प्रतिभागी एस वसंती ने चार सदस्यीय जेटीएस जूरी को बताया कि वह पिछले 27 वर्षों से बिना किसी रुकावट के बोम्मला कोल्लुवु का आयोजन कर रही हैं.

लक्ष्मी, टी कविता, पी अलेख्या और मलाथी सहित चार सदस्यीय जूरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के घरों का दौरा करेगी.

**खास बातें**

- जमशेदपुर में तेलुगु समुदाय की लगभग 1.30 लाख आबादी
- झारखंड में लुप्त हो रही संस्कृति को पुनर्जीवित करना है उद्देश्य

**नौ दिनों के दौरान सुबह और शाम को पूजा करना जरूरी**

ग्रीन एन्क्लेव, कदमा की सीएच माधुरी और सुचिता अपार्टमेंट, सोनारी के टी नागमणि दो दशकों से अधिक समय से इस परंपरा का पालन कर रहे हैं।कमरे के एक छोटे से क्षेत्र में विशेष रूप से रोशनी की गई है. बसंती ने गुड़ियों के प्रदर्शन के अलावा चंद्रमा पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग का भी प्रदर्शन किया. प्रत्येक चरण में देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ लकड़ी, मिट्टी, कपड़े, पीतल और चांदी से बनी गुड़िया की व्यवस्था की जाती है. आयोजकों के लिए नौ दिनों के दौरान सुबह और शाम को पूजा करना जरूरी है. अंतिम दिन, उत्सव के अंत का संकेत देने के लिए एक गुड़िया को सपाट रखा जाता है. नौ दिनों के दौरान, बोम्मला कोलुवु देखने आने वाले रिश्तेदारों और दोस्तों को प्रसाद वितरित किया जाता है.

## आओ जानें

### जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान, बोकारो

1. परिचय- बोकारो का एक प्रमुख और मुख्य आकर्षण स्थल है जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान. यह झारखंड राज्य का सबसे बड़ा जैविक उद्यान है.
2. स्थापना- इस उद्यान की स्थापना 1980 में हुई.
3. स्थिति- यह पार्क 120 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीवों का घर है.
4. प्रबंधन- इस उद्यान का स्वामित्व और प्रबंधन बोकारो स्टील सिटी के पास है.
5. आकर्षण- चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जानवर और पक्षी हैं, जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लाए गए हैं. सफेद बाघों, शाही बंगाल बाघों और एशियाई शेरों के प्रजनन के चिड़ियाघर के प्रयास सफल रहे हैं.

## मां भवानी यूथ क्लब पंडाल का डॉ. अजय ने किया उद्घाटन



संवाददाता ।आदित्यपुर

हरिओम नगर स्थित मां भवानी यूथ क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन गुरुवार देर रात संपन्न हुआ. बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व सांसद व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया. उन्होंने संबोधन में कहा कि समाज में सेवा भाव बड़ी बात है. प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय सिंह ने दुर्गा सप्तशती की महिमा का बखान किया और किस प्रकार असुरों का मां दुर्गा ने वध किया इसका संक्षिप्त वर्णन किया. भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया. उद्घाटन समारोह में संजय पांडेय, राकेश तिवारी, सुरेश धारी, ऋषि मिश्रा, राहुल यादव, अजितेश कुमार, वीरेंद्र यादव, रामशंकर पांडेय, थाना प्रभारी राजन कुमार, बजरंग सिक्युरिटी सर्विसेज के निदेशक अमरनाथ ठाकुर, जगदीश नारायण चौबे आदि मौजूद रहे.

## रामलीला हमें करुणा, मानवता भाईचारा सिखाती है : डॉ अजय



संवाददाता ।जमशेदपुर

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार साकची में चल रही रामलीला उत्सव में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्हें रामलीला उत्सव समिति के द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर मौजूद थे. रामलीला उत्सव के 101वां वर्ष पूरा होने पर आयोजित समारोह में शामिल हुए डॉ. अजय ने अपने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की कहानी रामलीला से बढ़ कर कोई कहानी नहीं. श्री राम की कहानी हमें करुणा, मानवता, भाईचारा सिखाती है. वे प्रार्थना करते हैं कि प्रभु श्री राम अपने देश में बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई जैसी सभी मुद्दे खत्म करने की राह दिखायें और देश में भाईचारा हो, शांति बनी रहे. उन्होंने कहा कि जिस दिन लोग भगवान राम के बताये मार्ग पर चलने लगेंगे उसे दिन से यह जीवन बहुत अच्छा लगने लगेगा और समस्या अपने आप खत्म हो जाएगी.

## रामचरित मानस को आत्मसात करें : बैद्यनाथ

आशीष टैगोर ।लातेहार



शहर के अंबाकोठी में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 50वें अधिवेशन के मौके पर रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम सह मानस पाठ महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक है.

उन्होंने ब्रह्मांड से असुर रूपी बुराइयों का नाश किया. सिंह की सवारी करने वाली मां दुर्गा ने महिषासुर समेत कई असुरों का वध किया. मां दुर्गा के नौ रूपों में नवरात्र में पूजा की जाती है.

**रामचरित मानस के श्लोकों को अपने अंदर उतारने की जरुरत :** विधायक ने आगे कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए. भगवान श्रीराम ने समाज में एक मर्यादा स्थापित की थी, इस कारण वे मर्यादापुरूषोत्तम कहलाये. पिता के वचन के लिए 14 वर्षों का वनवास काटा तो नारी की रक्षा के लिए रावण जैसे असुर का नाश किया.

बैद्यनाथ राम ने रामचरित मानस को अपने अंदर उतारने की बात कही. कहा सिर्फ पाठ करने से कुछ नहीं होगा, जब तक हम रामचरित मानस के श्लोकों को अपने अंदर नहीं उतारेंगे, तब तक पाठ की सार्थकता पूरी नहीं होगी.

## रावण दहन की तैयारी अंतिम चरण में, कमेटी ने लिया जायजा



संवाददाता ।धनबाद

सिंदरी में हर साल की तरह इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम भव्य तरीके से होगा. शहरपुरा शिव मंदिर के समीप रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है. कारीगर रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं. यहां दशमी के दिन हजारों लोगों की उपस्थिति में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन होगा.

शिव मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को मंदिर कमेटी की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई. कमेटी के सचिव भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि विधि-व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुटा है. वहीं, रावण के पुतले का निर्माण कर रहे है सिंदरी निवासी राजनारायण तिवारी ने बताया कि पुतले का निर्माण आइडियोग्राफी तकनीक से किया जाता रहा है. इसके तहत पहले पुतले का स्केच तैयार कर उसे बड़ा रूप दिया जाता है. कमेटी के सदस्यों ने जाकर पुतला निर्माण कार्य का भी जायजा लिया. बैठक में कमेटी के दिनेश सिंह, रणधीर सिंह, विदेशी सिंह, रासबिहारी सिंह, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, अनिल सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, राहुल सिंह, रंजीत कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.




**तैयारी** मेले में सिविल ड्रेस में तैनात रहेंगे पुलिस बल : सिटी एसपी

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर कतरास में फ्लैग मार्च

संवाददाता ।कतरास



धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार गुरुवार देर रात कतरास पहुंचे. दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर सिटी एसपी ने शहर के प्रमुख मार्गों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया. मौके पर उन्होंने कहा कि देर रात फ्लैग मार्च करने से शहर के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है. लोग निर्भीक एवं भय मुक्त होकर मेला घूमे.

दुर्गा पूजा के देखते हुए हर चौक चौराहे पर पुलिस बल मुस्तैद हैं. मेले में भी पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात किये जायेंगे. किसी भी तरह से विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बक्शा नहीं जायेगा. उन्होंने आम लोगों से विधि व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने अपील की है.

**फ्लैग मार्च के दौरान ये लोग रहे मौजूद :** मौके पर सीटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम कमलाकांत गुप्ता, एसडीएम उदय रजक, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू, डीएसपी अमर कुमार पांडे, कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह, राजगंज थाना प्रभारी आलोक सिंह, राम कनाली ओपी प्रभारी वीके चेतन, पुटकी थाना प्रभारी रासबिहारी लाल, सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार, तेतुलमारी थाना प्रभारी रोशन कुमार एवं अन्य थाना व ओपी के थाना प्रभारी व भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहे.

**वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों का करें पालन**

मौके पर एसडीएम उदय रजक ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दिये गये ट्रैफिक नियमों का वाहन चालक पालन करें. निश्चित रूट पर ही वाहन चलायें. शहर व मेले में भीड़भाड़ नियंत्रण करने के लिए जगह-जगह पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. सभी अपने वाहन को वाहन पड़ाव में ही रखें. उन्होंने स्थानीय लोगों से ज्यादा से ज्यादा पैदल यात्रा करने की अपील की है.

# पूजा की धूम

## दुर्गोत्सव के रंग में झारखंड


रांची रेलवे स्टेशन

### विद्युत साज-सज्जा से जगमगा रहे गांव-शहर के पूजा स्थल, उमड़ने लगी भक्तों की भीड़

# लुभावने पंडालों के बीच मां का दर्शन कर धन्य हो रहे भक्त



महाषष्ठी की पूजा के साथ झारखंड दुर्गोत्सव के रंग में रंग चुका है. पंडालों के पट खुल चुके हैं और भक्त मां के दर्शन कर रहे हैं. कोरोना काल के बाद पहली बार पंडालों में इतनी भीड़ देखी जा रही है. पूजा आयोजन समितियों ने भी इस बार विशेष तैयारी की है. भक्तों की आतुरता को देखते हुए इस बार कई जगह चतुर्थी से ही पट खोल दिए गये ताकि दर्शन में उन्हें असुविधा न हो. शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी लोग पूजा के रंग में रंग गए हैं. नई साज सज्जा और थीम के साथ बनाए गए पंडाल लोगों को खूब भा रहे हैं. पौराणिक मंदिर, कलाकृतियां और नए वैज्ञानिक थीम को कारीगरों ने बड़े जतन से आकार दिया है. पंडाल लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं. दुर्गोत्सव पर झारखंड में लगने वाले मेले में भी भक्तों की भीड़ जुट रही है. इन मेलों का अपना महत्व है. रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद सहित राज्य के अन्य जिलों में दुर्गा पूजा की धूम है. **शुभम संदेश की टीम ने झारखंड के दुर्गोत्सव को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट.**


ओसीसी पूजा पंडाल बांग्ला स्कूल, रांची


इंद्रपुरी दुर्गा पूजा समिति रातू रोड बिड़ला मैदान


ज्योति संगम, रांची


बिहार क्लब, रांची


संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति, रांची

### बिहार क्लब रांची

- सूर्य ही ऊर्जा का कारक है इस थीम पर की गई है साज सज्जा.
- इंद्रधनुष की छटा के बीच भक्त मां दुर्गा का भव्य दर्शन करेंगे.
- कमाल की लाइटिंग व्यवस्था की गई है. भक्त अपने को ओला प्रकाश में होने का अनुभव करेंगे.
- प्रतिमा बंगला चाला पर तैयार की गई है.
- मां जगदंबा की प्रतिमा 13 फीट ऊंची है . पंडाल 38 फीट ऊंचा, 40 फीट चौड़ा व 91 फीट लंबा है.
- इसमें दो 40 फीट के दो गेट बनाए गए हैं. कुल बजट 25 लाख रुपए का है.

### ओसीसी पूजा पंडाल बांग्ला स्कूल

- रंगोली से इस बार दुर्गा पूजा पंडाल को सजाया गया है
- इसकी थीम रंगोली की खूबसूरती है.
- पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही रंग बिरंगी रंगोली का नजारा देखने को मिलगा.
- प्रतिमा की ऊंचाई 14 फीट तथा पंडाल की 35 फीट तथा 110 फीट लंबा है.
- पिछले 52 सालो से पूजा संपन्न हो रही है.
- इसके लिए कुल बजट 37 लाख है.

### इंद्रपुरी दुर्गा पूजा समिति रातू रोड बिड़ला मैदान

- काल्पनिक स्वरूप में है यह पंडाल
- इसकी ऊंचाई 45 फीट है. इलेक्ट्रिक शो का आयोजन किया गया है.
- जिसमें मां दुर्गा महिषासुर को आधुनिक मशीन संचालित यंत्रों से वध करतीं हैं.
- इसकी कुल लागत 10 लाख रुपए आंकी गई है.

### संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी चौक

- असुर का बड़ा मुख पांच ड्रैगन के साथ दिखाई दे रहा है
- पंडाल के अंदर आसमान पर उड़ती परियां नजर आ रही हैं.
- मां का दरबार में महिषासुर सहित अन्य चार राक्षसों का वध करते हुए दिखाया गया है.

### ज्योति संगम रांची , स्थापना 1959

- डोकरा आर्ट पर तैयार किया गया है पूरा पंडाल है.
- 13 फुट का ऊंची मां की प्रतिमा बनाई गई है.
- पंडाल में ट्राइबल आर्ट को दर्शाया गया है.
- मां की मूर्ति के ठीक सामने 7 फीट का सांड स्थापित किया गया है.
- इसका कुल बजट 12 लाख कुल है.



### धनबाद भूली ई ब्लॉक, सेक्टर 1/2 में श्री श्री सार्वजनिक शक्ति कुंज दुर्गा पूजा समिति

- मैसूर किले की थीम पर पंडाल बनाया गया है. जिसमें लगभग 5 लाख का खर्च आया है.
- 1984 से दुर्गा पूजा की जा रही है . यहां मेला नहीं लगता है.
- चन्द्रयान थ्री की लेडिंग की थीम पर पंडाल बनाया गया है.
- सेक्टर 5 में झारखंड मोड़ में 1990 से पूजा की जा रही है.
- इस वर्ष की पूजा में करीब 6 लाख का खर्च आयेगा .
- यहां छोटा मेला लगता है.






### धनबाद के सरदार पटेल नगर हाउसिंग कालोनी बरटांड़ स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा समिति

- इंडिया गेट की थीम पर पंडाल बनाया गया है.
- समिति के सचिव कुमार अभिरव ने बताया कि
- हाउसिंग कालोनी में 1999 से पूजा हो रही है .
- इस वर्ष की पूजा में करीब 7 लाख 50 हजार का खर्च आया है.
- यहां सिर्फ बच्चों के लिए मेला लगाया जाता है .

### धनबाद के भूली ई ब्लॉक स्थित सेक्टर 5 में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की नई पेशकश

- चन्द्रयान थ्री की लेडिंग की थीम पर पंडाल बनाया गया है.
- झारखंड मोड़ में 1990 से पूजा की जा रही है.
- इस वर्ष की पूजा में लगभग 6 लाख का खर्च आयेगा.
- यहां छोटा मेला लगाया जाता है.

### कदमा फार्म एरिया दुर्गा पूजा कमिटी

- पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है.
- यहां मां दुर्गा के साथ ही सभी देवी देवताओं का एक ही रंग सफेद है.
- मूर्ति की सजावट में थर्मोकोल का उपयोग किया गया है.

### एग्रिको दुर्गा पूजा कमेटी

- पूजा पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति को कारीगरों ने बहुत की आकर्षक बनाया है.
- मां दुर्गा सहित सभी देवी देवताओं को गोल्डन रंग से सजाया है.
- ऐसा प्रतीत होता है कि देवताओं की मूर्ति सोने की है. जो काफी आकर्षक है.
- कारीगरों द्वारा मूर्ति को आकार दिया गया जिससे ऐसा लग रहा है मां दुर्गा सहित अन्य देवताओं मंदिर में विराजमान है.

### सोनारी वेस्ट दुर्गा पूजा समिति (सोनारी तरुण संघ)

- स्वर्ण जयंती के अवसर पर 22 फीट ऊंची देवी दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है.
- मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पश्चिम बंगाल के कलाकार सनातन रुद्रपाल ने किया है.
- मूर्ति निर्माण में प्रकृतिक रंगों एवं सामग्री का उपयोग किया गया है.

### रानीकुदर हिंद क्लब दुर्गा पूजा कमेटी

- पूजा पंडाल में कोलकाता के कारीगरों द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति तैयार किया गया है.
- मां दुर्गा सहित सभी देवी देवताओं का एक ही रंग सिल्वर( चांदी ) है. लाइटिंग में ऐसा प्रतीत होता है जैसे मूर्ति का निर्माण चांदी से किया गया है.
- मूर्ति की ऊंचाई लगभग 15 फीट है.


कोकर चौक, रांची


एग्रिको दुर्गा पूजा कमेटी, जमशेदपुर


कदमा फार्म एरिया दुर्गा पूजा कमिटी, जमशेदपुर


सोनारी वेस्ट दुर्गा पूजा समिति, जमशेदपुर


रानीकुदर हिंद क्लब दुर्गा पूजा कमेटी, जमशेदपुर



### लातेहार : नवरंग चौक दुर्गा पूजा समिति

- 55 वर्षों से हो रही है दुर्गा पूजा
- दिखेगा केदारनाथ मंदिर का प्रारूप
- **बंगाल के कारीगरों ने 15 दिनों में प्रारुप को तैयार किया है.**
- पंडाल में करीब तीन लाख रूपये का खर्च हुए हैं.
- पूरे दुर्गा पूजा में छह से सात लाख रूपये खर्च का अनुमान है.
- **नवरंग चौक एवं आसपास के आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है.**



### आदित्यपुर : प्रवीण स्मृति सेवा समिति आदित्यपुर

- मूर्ति की ऊंचाई : करीब 20 फीट, पंडाल में कुल चार मूर्तियां हैं.
- मिट्टी की मूर्तियां बनी हैं. देवी दुर्गा के साथ कार्तिकेय, गणेश, की भी प्रतिमाएं हैं.
- मूर्तियों की खासियत है कि यह पर्यावरण फ्रेंडली है. जल में विसर्जित होने के बाद यह जल को प्रदूषित नहीं करेगी. इसके कलर भी नेचुरल रंगों से किये गए हैं.
- मूर्तियों की लागत क्रमश : 75 हजार, 30 हजार, 30 हजार और 10 हजार रुपये की है. कोन्टाइ पश्चिम बंगाल के कालाकारों ने मूर्तियों को तैयार किया है.



### सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब एस टाइप आदित्यपुर

- मूर्ति की ऊंचाई : करीब 15 फीट, पंडाल में एक ही मूर्ति है.
- मूर्तियां मिट्टी की बनी हैं. देवी दुर्गा के साथ कार्तिकेय, गणेश, की भी प्रतिमाएं हैं.
- मूर्तियों की खासियत है कि यह पर्यावरण फ्रेंडली हैं. जल में विसर्जित होने के बाद यह जल को प्रदूषित नहीं करेगा. इसके कलर भी नेचुरल रंगों से किये गए हैं.
- यहां की मूर्ति 28 हजार रुपये की हैं. कोलकाता के मायापुर के कालाकारों ने मूर्तियों को तैयार किया है.


बांधगाड़ी, रांची

### गांवा (गिरिडीह) गावां प्रखंड पिहरा में दुर्गा पूजा

- 1971 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है.
- शुभारम्भ हरिहर पांडेय के द्वारा पुत्र प्राप्ति की मन्नत पूरी होने पर किया गया था.
- इस समय उनकी आयु 101 वर्ष है.
- भगवती मंदिर लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है.
- मंदिर परिसर में लगता है भव्य मेला.
- सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल है यह उत्सव
- यहां दुर्गा मंदिर के लिए मो. नईम पिता इशाक एहसानी के द्वारा जमीन दान में दी गई है.
- यहां मुस्लिम परिवार के लोग भी प्रतिमा दर्शन और प्रसाद के लिए आते हैं.

### संस्कार भारती ने मुनका बगीचा में किया आयोजन, डांडिया सिंगर नवीन पांड्या एवं पापरी भट्टाचार्य ने बांधा समां

# वृंदावन डांडिया नाइट में बच्चों और महिलाओं संग झूमीं विधायक अंबा प्रसाद

संवाददाता। हजारीबाग

संस्कार भारती की ओर से वृंदावन डांडिया नाइट का आयोजन गुरुवार की रात मुनका बगीचा में हुआ. वृंदावन के थीम पर आधारित डांडिया नाइट का शुभारंभ ध्येय गीत एवं गणेश वंदना से किया गया. मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि एसपी मनोज रतन चोथे ने कहा कि संस्कार भारती का यह आयोजन बेहद खूबसूरत है. विधायक अंबा प्रसाद ने कार्यक्रम की भव्यता से मंत्रमुग्ध होकर घंटों बच्चों और महिलाओं के साथ डांडिया खेलती रहीं. उन्होंने उत्कृष्ट डांडिया आयोजन के



लिए संस्कार भारती के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया. संस्कार भारती के सचिव विनीत जैन ने बताया कि भारत की लोक संस्कृति में व्याप्त फूहड़ता को खत्म करने के उद्देश्य से वृंदावन डांडिया नाइट का आयोजन पहली बार हजारीबाग किया गया. इस डांडिया नाइट की विशेषता बताते हुए इनके संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया.

### इन्हें किया गया सम्मानित



समूह नृत्य में नृत्य वाटिका डांस एकेडेमी को प्रथम स्थान, परिधि खंडेलवाल एंड ग्रुप, पुष्पदीप संगीत संस्थान को क्रमश : द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. बेस्ट सोलो डांसर का खिताब रेखा पाटनी, बेस्ट डुएट डांस रश्मि रानी, प्रकाश गुप्ता के साथ वंशिका तांबी, छवि अग्रवाल, बेस्ट कॉस्ट्यूम सोनू विनायका, हर्षा जैन, बेस्ट मेकअप अंजली गुप्ता को प्राप्त हुआ. संस्था की ओर से सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. लकी ड्रॉ की विजेता मानसी सिन्हा रही. डांडिया नाइट में लोगो को डांडिया के धुन में झुमाने के लिए भारत के जाने माने डांडिया सिंगर नवीन पांड्या एवं पापरी भट्टाचार्य के ग्रुप ने बिना किसी फिल्मी गीत के केवल बेहतरीन भक्ति डांडिया गीतों से खुबसूरत समां बांधा जिस पर सभी खूब झूमे. मंच संचालन संजय तिवारी ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य प्रायोजक टोनी जैन के साथ विवेकानंद सिंह, श्रद्धानंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा एवं कार्यक्रम संयोजक अमित गुप्ता, जिला मंत्री विनित जैन, जिला अध्यक्ष कुमार केशव, क्षेत्रीय विद्या प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## न्यूज अपडेट

### देवघर सदर अस्पताल को मिली एलाइजा मशीन

**देवघर।** सदर अस्पताल में एलाइजा रीडर और वाशर मशीन का उपायुक्त विशाल कुमार ने उद्घाटन किया. इससे डेंगू, चिकनगुनिया समेत अन्य संक्रामक रोगों की जानकारी मिल सकेगी. रोगियों को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा. इस मौके पर डीसी विशाल कुमार ने कहा कि इस मशीन से 50-60 सैंपल की जांच की सकेगी. साथ ही एलाइजा मशीन के साथ इसमें वॉशर, आवश्यक किट, यूपीएस और प्रिंटर भी लगा है. इससे काम जल्दी होगा. इसकी खासियत यह है कि इससे पांच घंटों में ही मरीजों की रिपोर्ट मिल जाएगी. उद्घाटन के दौरान सिविल सर्जन, कई चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे.



### एसडीओ व एसडीपीओ के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**लातेहार।** दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था एवं विधि संधारण को लेकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया. थाना परिसर से निकले इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ मो. परवेज व एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने किया. मौके पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मौजूद थे. फ्लैग मार्च शहर के मुख्य पथ से होते हुए समाहरणालय मोड़ तक गयी. इस दौरान अधिकारियों ने दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई. उन्होंने कहा कि शांति में व्यवधान उत्पन्न करने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी.



### प्रशासनिक अधिकारियों ने किया पंडालों का निरीक्षण

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शारदीय दुर्गा पूजा में लगने वाले मेले और नवरात्रि को लेकर पूजा पंडालों का निरीक्षण शुक्रवार को अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, थाना प्रभारी एनजी केरकेट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने किया. पदाधिकारियों ने पूजा पंडाल जोरदाग, चट्टीबारियातु, केरेडारी आदि कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. सभी पूजा समिति के अधिकारियों को पूजा पंडालों में चलत साउंड में प्रतिबंध व पूजा शांति और सौहार्द से मनाने को कहा. किसी तरह की परेशानी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचना देने की बात कही. वहीं सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने, असामाजिक तत्वों पर सभी पूजा समिति के लोगों को विशेष निगरानी रखने व किसी तरह की गड़बड़ी पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की बात कही.



### अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ जेजे कॉलेज के प्राध्यापक रितेश कुमार माधव, रेल विभाग के लोको पायलट मोहन कुमार, मीडिया प्रभारी सह मानवाधिकार अपराध एवं नियंत्रण के ब्यूरो चीफ राम कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गंगा सदन की चाहत, खुशबू और अंकित, द्वितीय स्थान पर मालवीय सदन की श्रुति, अक्षय और सोनम तथा तृतीय स्थान पर निवेदिता, सदन की प्रेरणा, आर्यन एवं लक्ष्मी कुमारी रही. वहीं रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सात्विक कुमार, द्वितीय स्थान माइकल कुमार एवं तृतीय स्थान कोमल कुमारी ने प्राप्त किया.



### सुरक्षा व सफाई व्यवस्था रखने का निर्देश

**हजारीबाग।** डीसी नैंसी सहाय और एसपी चोथे मनोज रतन ने शुक्रवार को दुर्गापूजा के छठे दिन शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण कर निरीक्षण किया. वहीं विभिन्न पूजा मंडपों में मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया. डीसी और एसपी ने शहर के श्री श्री चंद्रशेखर महादेव गंगा मंदिर नूरा, छठ तालाब, बंगाली दुर्गा स्थान, बिहारी दुर्गा स्थान, बड़ा अखाड़ा, श्री शिवाजी दुर्गा पूजा समिति खजांची तालाब, बसंती दुर्गा पूजा समिति कुम्हार टोली, यशवंत नगर दुर्गा पूजा महासमिति, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हुरहुरू, दुर्गा पूजा समिति आनंदपुरी चौक, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति देवांगना चौक, कोर्रा चौक एवं शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति मटवारी गांधी पर पहुंचकर समितियों के सदस्यों से तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया.



## ब्रीफ खबरें

### बेहतर प्रदर्शन करने वाली पांच बीएलओ सम्मानित

**आदित्यपुर।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार शुक्रवार को सरायकेला पहुंचे. इस दौरान उनके द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के गम्हरिया अंचल के पांच बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) सुनीता कुमारी, सम्पा कुमारी, रुपमा सिंह, रेखा कुमारी, नेहा कुमारी को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया. बता दें कि मतदाताओं को मतदाता पंजीकरण हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से इन बीएलओ के द्वारा लघु फिल्म बनाया गया था.

### एसडीपीओ ने किया पंडाल का उद्घाटन

**किरीबुरु।** बड़ाजामदा के फुटबॉल मैदान स्थित सार्वजनिक दुर्गापूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन किरीबुरु के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर एवं युवा उद्योगपति सह समाजसेवी संजय कुमार सारडा ने संयुक्त रुप से किया. इस दौरान कमेटी के संरक्षक संजय सारडा ने एसडीओ को कमेटी की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं की बेहतर प्रतिमा बनाने वाले बंगाल के मूर्तिकार को एसडीपीओ ने सम्मानित किया. इस दौरान थाना प्रभारी, संतोष साह, राजेश सिंह आदि दर्जनों मौजूद थे.

### अंचल अधिकारी ने किया पंडालों का निरीक्षण

**चाकुलिया।** चाकुलिया के अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार ने शुक्रवार देर शाम नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उन्होंने शिल्पी महल परिसर में सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल का निरीक्षण किया. यहां पर खराब हाई मास्ट लाइट की मरम्मत करने का निर्देश नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनीस सलाम को दिया. पंडाल के पास स्थित ट्रांसफार्मर को कपड़े से घेरने का निर्देश दिया.

### डीआईजी ने किया पंडाल का उद्घाटन

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र नीमडीह थाना के चालियामा में शुक्रवार को कोल्हान के डीआईजी अजय लिंडा, सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया. चालियामा में श्रीश्री सार्वजनीन दुर्गा पूजा समिति जाडुखोल, चालियामा की ओर से इस वर्ष पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. ग्रामीणों के आमंत्रण पर डीआईजी चालियामा पहुंचे, ग्रामीणों से मिले और पूजा पंडाल का उद्घाटन किया.

### 20 अक्टूबर से 27 नवंबर तक चलेगा अभियान

# ट्रेनों में 24 घंटे टिकट चेकिंग शुरू

संवाददाता। धनबाद

दुर्गापूजा में ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए 20 अक्टूबर से 27 नवंबर तक रेलवे बोर्ड ने स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है. रेलवे सूत्रों के अनुसार, छठ पूजा 19 नवंबर को है लेकिन, यात्रियों व श्रद्धालुओं का ट्रेनों में पूजा की समाप्ति के बाद भी एक सप्ताह तक वापसी की भीड़ रहती है. दुर्गापूजा के षष्ठी से छठ बाद तक देशभर के सभी ट्रेनों में 24 घंटे स्पेशल चेकिंग होगी. चेकिंग के दौरान आरपीएफ-जीआरपी के वरीय अधिकारी, जवान से लेकर काफी संख्या में टीटीई रहेंगे. पूजा के समय में ही अधिकतर लोग बेटिकट और जनरल टिकट लेकर आरक्षित कोच में सफर करते मिलते हैं. 20 अक्टूबर शुक्रवार को भी धनबाद रेल मंडल में कई ट्रेनों व स्टेशनों पर चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान दर्जनों यात्री पकड़े गए. जिससे एक लाख से अधिक जुर्माना वसूली की गई. कई पुरुष महिला कोच में सफर करते भी पकड़े गए. पकड़े गए यात्रियों को हिदायत दी गई कि दोबारा रेलवे एक्ट का उल्लंघन करते पकड़े गए तो जेल भी जा सकते हैं.

**हेडक्वार्टर कोटा से कंफर्म टिकटों की भी होगी जांच:** हेडक्वार्टर कोटा से कंफर्म टिकट लेकर ट्रेनों में सफर करनेवाले यात्रियों भी टिकट बारीकी से पूछताछ कर जांच की जाएगी। हेडक्वार्टर कोटा से किन परिस्थितियों में कंफर्म टिकट मिला है. यात्रियों के टिकटों की जांच टीटीई व सीआईटी करेंगे. साथ में टीम का नेतृत्व कर रहे मजिस्ट्रेट भी पूछताछ कर सकते हैं. स्लीपर से लेकर एसी कोच में हर टीटीई को जांच का जिम्मा सौंपा गया है.



ट्रेन में यात्रियों की टिकट चेकिंग करते टीटीई

**खास बातें**

- रेलवे एक्ट का उल्लंघन करते पकड़े गए तो जेल
- आदेश जारी होते ही धनबाद मंडल अलर्ट

### प्लेटफॉर्म नहीं बदलने का मिला निर्देश

धनबाद समेत अन्य रेलवे स्टेशनों के स्टेशन मास्टर व स्टेशन मैनेजर को निर्देश दिया गया है कि जो ट्रेन जिस प्लेटफॉर्म पर नियमित रूप से आती है, वह उसी पर आएगी. अगर उक्त प्लेटफॉर्म पर कोई गाड़ी खड़ी है, तभी संबंधित ट्रेनों को दूसरे प्लेटफॉर्म से परिचालन किया जा सकता है. हालांकि इसकी जानकारी माइक के माध्यम से 30 मिनट पहले यात्रियों को मिल जानी चाहिए, ताकि यात्री प्लेटफॉर्म बदल कर संबंधित दूसरे प्लेटफॉर्म पर सीढ़ियों या लिफ्ट से जा सके.

### अतिरिक्त काउंटर खुलेंगे और चालू रहेंगे एटीवीएम

रेलवे सूत्रों के अनुसार भीड़ को नियंत्रण करने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जाएंगे. एटीवीएम भी चालू रहेंगे, ताकि जनरल टिकट के लिए यात्रियों को काउंटर के बाहर कतार में धक्का-मुक्की न करना पड़े. काउंटर संचालन से जुड़ी शिकायतों का निबटारा करने का जिम्मा एसीएम वन को दिया गया है. धनबाद, गोमो, कोडरमा, बरकाकाना और डालटनगंज में टिकट चेकिंग करनेवाले टीटीई 24 घंटे तैनात रहेंगे. ज्वलनशील या विस्फोटक की रोकथाम के लिए पार्सल यान की भी नियमित रूप से जांच होगी.

### पूर्व विधायक ने कई पंडालों का किया भ्रमण

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर बनाए गये पूजा पंडाल का पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने शुक्रवार भ्रमण किया. जानकी प्रसाद सतडीहा, सरमाटांड़, जयनगर पश्चिमी, डंडाडीह, बेको, गोहाल, तिलोकरी सहित कई पंडालों में जाकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. मौके पर जयनगर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी, मुखिया कौशर खान, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, महेश साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, उपमुखिया सलीम अंसारी, चंदन कुमार, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, शिशुपाल सिंह, कारू सिंह, सूरज कुमार, उमाशंकर यादव, सुभाष यादव, जितेंद्र चंद्रवंशी, लखपत यादव आदि उपस्थित थे.

### डीसी-एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया. उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे. फ्लैग मार्च रंका मोड, मेन रोड, मंझिआव मोड़, ऊंचरी, रेलवे लाइन होते हुए मदरसा रोड, बस स्टैण्ड, रामबान्ध तालाब, बैल बाजार, निमिया अखाड़ा, पुरानी बाजार, चौधराना बाजार, छठ घाट रोड, रंका रोडऊंचरी, रेलवे लाइन होते हुए मदरसा रोड, बस स्टैण्ड, रंका रोड होते हुए थाना तक पहुंची. इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि शहर के लोग शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा का पर्व मनाएं. हर्सोल्लास के साथ पर्व का आनंद लें. इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी चौकसी बरत रही है ताकि पूजा शांतिपूर्वक संपन्न हो.

### रेस्टोरेंट के उद्घाटन में पहुंचे पूर्व सासंद

# प्रतिष्ठान का खुलाना प्रगति का प्रतीक : मनोज सिंह



संवाददाता। मेदिनीनगर

होटल सुमति टावर एंड रेसिडेंसी एंड बारबी क्यू स्टेशन रेस्टोरेंट का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व सासंद मनोज कुमार व पूर्व नगर पर्षद उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर पूर्व सासंद ने कहा कि इस तरह का संस्थान खुलना किसी भी इलाके की प्रगति का द्योतक होता है. इसे इलाके के विकास का शुभ संकेत माना जाना चाहिए. पूर्व उपाध्याक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के संस्थान को खुलना, एकमात्र संस्थान का खुलना नहीं होता है, बल्कि इससे इलाके की छवि निखरती है. इसलिए कहा जाता है किसी भी शहर को आगे ले जाने में शासन-प्रशासन के साथ उद्यमियों का बड़ा योगदान होता है. इसलिए यह जरूरी है इस तरह के उद्यमियों को प्रोत्साहित करें, ताकि दूसरे लोग भी इससे प्रेरित होकर आगे आएं.

# तेंदुए की तलाश में पहुंचा वन विभाग

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

संवाददाता। किरीबुरु

सारंडा के काशिया-पेचा गांव में तेंदुआ द्वारा मंगता सुरीन की बकरी की हत्या किये जाने संबंधित खबर लगातार न्यूज में जारी होते ही वन विभाग की टीम काशिया-पेचा गांव पहुंची. ग्रामीण मंगता सुरीन ने वन विभाग को बताया की घटना वाली रात एक तेंदुआ ने उसके घर से एक बकरी को पकड़ जंगल की तरफ ले गया था. गांव के लगभग 9-10 ग्रामीणों ने पारम्परिक हथियार, टार्च व मशाल लेकर तेंदुआ का पीछा किया. गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर पीछा कर रहे ग्रामीणों को देख तेंदुआ बकरी को छोड़ भाग गया. बाद में बकरी की मौत हो गई थी. तेंदुआ का पीछा करने वाले ग्रामीणों ने वन विभाग के सामने दावा किया कि वे अपनी आंखों से टार्च की रोशनी में तेंदुआ को बकरी को टांगकर ले जाते देखा है. हालांकि वन विभाग इस घटना में तेंदुआ न होकर जंगली सूअर होने की संभावना जता रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि अगर वन विभाग तेंदुआ होने की बात से इनकार करती है तो हम ग्रामीण स्वयं उक्त तेंदुआ को जंगल में फंसरी व तार का जाल लगाकर पकड़ेंगे. पकड़ने के बाद मीडिया के सामने वन विभाग को बुलाकर पूछेंगे कि यह जानवर तेंदुआ है या जंगली सूअर. ग्रामीणों ने बताया कि वे जंगल के सभी जानवरों को अच्छी तरह पहचानते हैं. दूसरी तरफ वन विभाग ने जिन किसानों का फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है, उन्हें मुआवजा के लिए फॉर्म भरकर नुकसान का आंकड़ा के साथ जमा करने को कहा है. गांव के छह किसान वन विभाग में मुआवजा के लिए फॉर्म जमा करेंगे.



काशिया-पेचा गांव में वन विभाग की टीम को तेंदुआ की जानकारी देते ग्रामीण

**खास बातें**

- लोगों ने पारम्परिक हथियार लेकर किया तेंदुए का पीछा
- वन विभाग नहीं माना तो हम खुद पकड़ेगे तेंदुआ : ग्रामीण

# आज खुलेंगे पंडालों के पट हुई आकर्षक साज-सज्जा



संवाददाता। लातेहार

शारदीय नवरात्र के सप्तमी को शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जायेंगे. पूजा समितियों ने इसकी तैयारी तकरीबन पूरी कर ली है. इससे पहले षष्ठी तिथि को पूजा समितियों के द्वारा बेलवरण कर माता का आह्वन किया गया. शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर में पुजारी त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय के सानिध्य में बेलवरण किया गया था. मौके पर मुख्य यजमान के रूप में संजय प्रसाद सप्तनीक थे. राजा दुर्गा बाड़ी में पुरोहित नरेंद्र मिश्रा ने बेलवरण संपन्न कराया. काली मंदिर परिसर में पुजारी संतोष मिश्रा ने पूजा-अर्चना कर बेलवरण किया. सप्तमी तिथि को लेकर पूजा संघों के द्वारा अंतिम तैयारी की जा रही है. श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है. राजा दुर्गा बाड़ी में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है. वहीं सार्वजनिक काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है. सप्तमी तिथि को समिति के द्वारा एक कलश यात्रा निकाली जायेगी.

**सूचना** 

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने किए वैकल्पिक प्रबंध

# त्योहारों पर 20 नवंबर तक कोर्ट में वार्षिक अवकाश

संवाददाता। जमशेदपुर

पूजा सीजन को देखते हुए अगले 20 नवंबर तक न्यायालय में वार्षिक अवकाश रहेगा. वहीं पक्षकारों तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने वैकल्पिक प्रबंध किए हैं.

इसको लेकर 21 से 24 अक्टूबर तक विशेष न्यायाधीश कंवलजीत चोपड़ा, 25 से 27 अक्टूबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (तीन) निशांत कुमार, 28 से 29 अक्टूबर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पांच) मंजू कुमारी, 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एक) राजेंद्र कुमार सिन्हा, 5 से 11 नवंबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दो) आभास वर्मा, 12 से 20 नवंबर तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एक) घाटशिला तथा 14 से 20 नवंबर तक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा कामकाज देखेंगे.





### घाटशिला कोर्ट के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था

घाटशिला कोर्ट के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है. इसके अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा 14 एवं 17 नवंबर को जमशेदपुर, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश कुमार शुक्ला 16 नवंबर को घाटशिला, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिंह 30 अक्टूबर एवं 3 नवंबर को जमशेदपुर तथा 1 नवंबर को घाटशिला में, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आभास वर्मा 6 एवं 10 नवंबर को जमशेदपुर तथा 8 नवंबर को घाटशिला में कामकाज देखेंगे.

### फैमली कोर्ट के लिए इनको सौंपी जिम्मेवारी

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के संपादन के लिए 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय (दो) गति कृष्णा तिवारी तथा 6 से लेकर 20 नवंबर तक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अमितेश लाल कामकाज का संपादन करेंगे. वहीं 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी, 6 से 16 नवंबर तक अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी चंद्रभानु कुमार घाटशिला के प्रभार में रहेंगे.

# फर्जी शिक्षक नियुक्ति की फिर होगी जांच

अभय वर्मा। गिरिडीह

फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले की एक बार फिर जांच होगी. इस बार पांच सदस्यीय अधिकारियों की टीम मामले की जांच करेगी. तभी किसी पर कार्रवाई की जाएगी. जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने उक्त जानकारी शुक्रवार को दी. टीम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार व दो अन्य अधिकारी कमेटी में शामिल किए जाएंगे.

जानकारी के अनुसार, दशहरा के बाद इसपर फैसला लिया जाएगा. बता दें कि अब तक जो जांच प्रक्रिया चली है उसमें सभी के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं, पर राजनीतिक दबाव में विभाग ने मानवीय पहलू पर भी विचार किया है. जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया की 10 से 15 साल की नौकरी के बाद ऐसे बेरोजगार हुए शिक्षकों के भविष्य का क्या होगा, इस पर भी विचार किया जा रहा है, पर यह भी सच है की गलत हुआ है. फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी पाने वाले शिक्षकों के लगातार मामले आ रहे हैं. पर इस बार बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षक पकड़ में आए हैं. जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 225 सहायक शिक्षकों की बर्खास्तगी को सकती है. कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है.

कुल बर्खास्त होने वाले सहायक अध्यापकों में सर्वाधिक संख्या गांवा प्रखंड के हैं. गांवा के कुल 80 सहायक अध्यापकों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है. बड़ी संख्या में सहायक अध्यापकों की बर्खास्तगी को लेकर जिले के शिक्षा महकमे में खलबली मची हुई है. विभागीय सूत्रों की माने तो अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है. इससे एक दशक पूर्व बड़ी कार्यवाही की गई थी.

**खास बातें**

- 225 सहायक अध्यापक पर लटक रही है तलवार
- जांच में फर्जी पाया गया शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- आरोपियों को पठन-पाठन से किया गया है दूर

## ब्रीफ खबरें

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ महिला धरायी

**अररिया ।** सिमराहा ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुनार पट्टी मिर्जापुर के निकट से शुक्रवार को तीन सौ बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष राजनंदनी सिन्हा को प्रतिबंधित कफ सिरप के खेप रखकर ऊंचे कीमतों में नशेड़ियों को बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआई और पुलिस बलों के साथ छापेमारी कर यह कामयाबी हासिल की गई. पुलिस ने तीन सौ बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया.

### तेज रफ्तार ने ली युवक की जान, दो घायल

**कटिहार ।** कटिहार में एक तेज रफ्तार बाइक और ट्रैक्टर आपस में टकरा गए. जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए. फिलहाल घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिये कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की तफ्तीश में जुटी है. पूरा मामला जिले के पोठिया ओपी थाना क्षेत्र के पोठिया बाजार का है. बताया जाता है कि यह हादसा उस समय हुआ जब बाइकसवार तीन युवक पोठिया बाजार की ओर जा रहे थे.

### तीन दुकानों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**नवादा ।** रजौली में गुरुवार की देर रात्रि प्रखंड मुख्यालय से 200 मीटर पहले तीन फोटो स्टेट की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए का मूल्य का सामान चुरा लिया. शुक्रवार को जब दुकानदार अपने दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ था. जिस दुकान का ताला टूटा है. उसमें रिशु फोटो स्टेट, पूजा प्रिंटिंग प्रेस और चांदनी फोटोकॉपी स्टूडियो शामिल है. संचालक ने बताया कि उनके दुकान में 1 लाख 8 हजार रुपया नगद रखा हुआ था. जिसे चोरों ने ले लिया है और एक लैपटॉप जबकि अन्य दो दुकान से 30 व 10 हजार नगद की चोरी हुई है.

## मुख्यमंत्री ने पटना एयरपोर्ट पर दी राष्ट्रपति को विदाई

संवाददाता । पटना

बिहार में तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दौरे का समापन शुक्रवार को गया से रवाना हो गईं. उन्हें पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर विदाई दी. एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के साथ मंत्री विजय चौधरी, मेयर सीता साहू सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं नेता उपस्थित रहे. गया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई है. इसके बाद उनका बिहार दौरा समाप्त हो गया और वह गया से ही दिल्ली के लिए रवाना हो गई. अपने तीन दिवसीय दौरे में राष्ट्रपति ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप का उद्घाटन किया. पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका. इसके अलावा मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और पटना एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं.



## आओ जानें

### बिहार में गांव की सरकार को जानें

| | |
|---|---|
| ग्राम पंचायतों की संख्या | 8387 |
| पंचायत समिति की संख्या | 534 |
| जिला परिषद की संख्या | 38 |
| जिला परिषद सदस्यों की संख्या | 1161 |
| पंचायत समिति सदस्यों की संख्या | 11497 |
| ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या | 114691 |
| मुखिया की कुल संख्या | 8387 |
| ग्राम कचहरियों की कुल संख्या | 8387 |
| सरपंचों की संख्या | 8387 |
| ग्राम कचहरी के पंचों की कुल संख्या | 114691 |
| ग्राम पंचायत सचिव की कुल कार्यरत संख्या | 3635 |
| ग्राम कचहरी न्याय मित्र की संख्या | 6947 |
| ग्राम कचहरी सचिव की संख्या | 7474 |
| जिला पंचायत राज पदाधिकारी की संख्या | 38 |

सीएम के बयान से राजनीतिक सरगर्मी तेज, अशोक चौधरी बोले-

# भाजपा के साथ पुराने संबंध हैं इसमें गलत क्या है : अशोक

संवाददाता । पटना

मोतिहारी में भाजपा नेताओं को लेकर सीएम नीतीश कुमार के बयान से बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. वहीं, इस पर भवन निर्माण विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि नीतीश कुमार ने कहा है कि भाजपा के साथ पुराने संबंध हैं. इसमें गलत क्या है? कई ऐसे सीनियर लीडर हैं जो नीतीश कुमार के साथ थे. कई लोगों ने घर से बाहर नहीं करने के लिए नीतीश कुमार से आग्रह किया था. पहले स्वेच्छा से ये लोग घर (सरकारी आवास) खाली कर दें. नीतीश कुमार के बयान को तोड़ मरोड़ के बोल रहे हैं.

वहीं विजय सिन्हा को लेकर चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे उनमें गंभीरता नहीं हैं. उनके सवालों का हम जवाब नहीं देते हैं. वहीं, गिरिराज सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के लिए हरेक पार्टी का दरवाजा खुला है. चारों हाथ से हर पार्टी नीतीश कुमार को लेने के लिए खुला है. सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बिहार है. भाजपा के दरवाजे पर जा कौन रहा है? हर पार्टी के लोग नीतीश कुमार को अपनी ओर लेना चाहते हैं.



### खास बातें

- बोले-मुख्यमंत्री के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया
- विजय चौधरी को गंभीरता से नहीं लेते हैं

**हमने विशेष राज्य का दर्जा मांगा है:** मंत्री ने आगे कहा कि हमने विशेष राज्य का दर्जा मांगा था. नीतीश कुमार बिहार के लिए हमेशा प्रयासरत हैं. भाजपा के जंगलराज वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार संरक्षित कोई क्राइम बिहार में नहीं हो रहा है. हम किसी भी हालत में एक्शन लेते हैं.

क्राइम तो गुजरात में भी है. विपक्ष की भूमिका को भाजपा निर्वहन कर रही है. वहीं, भाजपा के द्वारा दिए जा रहे फलहार पर चौधरी ने कहा कि हम गंगा जमुना सरस्वती वाले लोग हैं. धर्म अपनाने की चीज है, अगर हमें लगेगा कि हम मस्जिद में भी जाए तो हम तीनों टाइम वहां जाएंगे. भाजपा घृणित वाले लोग हैं. डेवलपमेंट को लेकर नीतीश कुमार से भाजपा वाले क्लास लें.

### इधर, गिरिराज सिंह बोले, यह भाजपा के लिए प्यार नहीं है

**पटना ।** भाजपा के नेताओं से दोस्ती वाले सीएम नीतीश कुमार के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह भाजपा के लिए प्यार नहीं था, यह बड़े भाई और छोटे भाई के बीच का झगड़ा है. जब भी लालू यादव उन पर हावी हो गए, वह (नीतीश कुमार) कहते हैं कि वह भाजपा के साथ जाएंगे. वह लालू यादव को डराते हैं. भाजपा के साथ-साथ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के दरवाजे और खिड़कियां नीतीश कुमार के लिए बंद हैं .अब उनके पास क्या बचा है? भाजपा के दरवाजे बंद हो गए हैं. सिंह ने कहा कि भाजपा से प्रेम नहीं दिखा. बड़का भैया और छोटका भैया के बीच छक्का पंजा की लड़ाई चल रही है. आगे उन्होंने नीतीश कुमार को लेकर कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि ये गाना गाते हैं कि 'मैं मायके चली जाऊंगी, तुम देखके रहियो'.

72 घंटे के अंदर मुजफ्फरपुर पुलिस ने किया खुलासा

# जवान निकला अपहरण का साजिशकर्ता

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र से बीते 16 अक्टूबर को स्कूल से घर लौटने के दौरान 10 वर्षीय बच्चे का अपहरण हो गया था. मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था. बदमाशों ने 50 लाख की फिरौती मांगी थी. वहीं, पुलिस ने 72 घंटे के अंदर बच्चे को बरामद कर लिया है. आईटीबीपी का जवान अपहरणकर्ता निकला. बैंक लोन के पैसे को चुकाने के लिए अपहरण की घटना को अंजाम दिया था. एसएसपी राकेश कुमार ने गुरुवार को पूरी घटना की जानकारी दी. एसएसपी राकेश कुमार



ने बताया कि स्कूल से लौटने के दौरान एक बच्चे का अपहरण बाइक सवार बदमाशों के द्वारा किया गया था. मामले में पुलिस ने एएसपी टाउन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था. इसके बाद कई टीम की कार्रवाई में पता चला कि बच्चे को सीतामढ़ी जिला के रुन्नी सैदपुर क्षेत्र में रखा गया है. सूचना मिलने के बाद कार्रवाई कर बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है.

एसएसपी ने बताया कि आईटीबीपी के जवान ने अपने सगे भाई सौरव के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था. इसके लिए बच्चे के परिजन से फिरौती के रूप में 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी. वहीं, बच्चे को पहले अपने जाल में फंसाया और फिर स्कूल से लौटने के दौरान उसको बाइक पर बैठाकर लेकर चला गया. इसके बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर और सर्विलेंस के आधार पर कार्रवाई कर उसके भाई सौरव कुमार को पकड़ा गया. जबकि दूसरा फरार हो गया.

## आरा में ट्रेन से कटकर महिला और उसके दो बच्चों की मौत

संवाददाता । आरा

आरा में आरा-सासाराम रेलखंड पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के दुलौर टोला के पास शुक्रवार को ट्रेन से कटकर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों में महिला और उसके दो बच्चे हैं. मृतक महिला की पहचान दुलौर टोला गांव निवासी पिंटू सिंह की 28 वर्षीय पत्नी गुड्डी देवी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि महिला को उसके ससुराल वाले कुछ दिन से प्रताड़ित कर रहे थे. महिला के मायके वालों ने आशंका जताई है कि प्रताड़ना से परेशान होकर बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर उनकी बेटी ने जान दे दी है. मृतका के पिता शिवप्रसन यादव ने कहा कि गुरुवार से ही उनकी बेटी के साथ मारपीट की जा रही थी. जब वे बेटी से मिलने पहुंचे तो उसके और उसके बच्चों की मौत की जानकारी मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### अवैध टिकट के साथ 1 कारोबारी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में रक्सौल आरपीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेल ई टिकट काटने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि सूचना मिली थी कि छौड़ादानों में रेलवे ई टिकट का अवैध कारोबार चल रहा है. जिसके बाद वेब कार्नर नामक एक दुकान में छापेमारी किया गया. इस दौरान काउंटर पर रखे लैपटॉप एव मोबाइल दोनों की जांच की गई.

## कारोबार

### सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए करेंगे काम

**नयी दिल्ली ।** सरकार, कॉरपोरेट और गैर सरकारी संगठनों सहित लगभग 20 संगठनों ने शुक्रवार को 'सड़क सुरक्षा में सार्वजनिक-निजी भागीदारों के गठबंधन के लिए मंच' पेश किया. संगठनों ने देश में सड़क सुरक्षा परिदृश्यों को बढ़ावा देने और सुधारने के लिए सहयोग करने तथा मिलकर काम करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए. सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत जीन टॉड की उपस्थिति में इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) की भारतीय इकाई की छत्रछाया में मंच की शुरुआत की गई.

### पैकेज की दूसरी किस्त के लिए समझौता

**कोलंबो ।** श्रीलंका और आईएमएफ 2.9 अरब करोड़ अमेरिकी डॉलर के बेलआउट पैकेज में से करीब 33 करोड़ अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने के लिए एक महत्वपूर्ण कर्मचारी-स्तरीय समझौते पर पहुंच गए हैं. यह नकदी संकट से जूझ रहे देश की आर्थिक सुधार में मदद करेगा. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका की आर्थिक नीतियों तथा सुधारों का समर्थन करने के लिए विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत 48 महीने में 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित व्यवस्था को इस साल मार्च में मंजूरी दी थी.

### टीवीएस मोटर ने बाजार में किया प्रवेश

**नयी दिल्ली ।** टीवीएस मोटर कंपनी ने वेनेजुएला के बाजार में प्रवेश करने की शुक्रवार को घोषणा की. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वेनेजुएला में दोपहिया तथा तिपहिया वाहन सहित 14 उत्पाद पेश किए जाएंगे. कंपनी अपने स्थानीय वितरक एसईआरवी आईएसयूएम जेपीजी के साथ उत्पाद पेश करेगी. टीवीएस मोटर कंपनी के उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय कारोबार) राहुल नायक ने कहा, इस गतिशील बाजार में हमारी उपस्थिति...हमारी वैश्विक विस्तार रणनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.


कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 में आरबीआई गवर्नर बोले

# मौद्रिक नीति को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए. उन्होंने कहा कि इसके ऐसा होने से ही जुलाई में 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति में गिरावट सुचारू रूप से जारी रही.

कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य स्थिरता तथा वित्तीय स्थिरता एक-दूसरे के पूरक हैं और आरबीआई ने दोनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने का प्रयास किया है. सब्जियों तथा ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण सितंबर में सालाना आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत आ गई. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में 6.83 प्रतिशत



और सितंबर 2022 में 7.41 प्रतिशत थी. जुलाई में मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई. मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी में नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है. इससे पहले, पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी.

गवर्नर ने कहा, हमने नीतिगत दर पर रोक बरकरार रखी है. अब तक 2.50 प्रतिशत की वृद्धि वित्तीय प्रणाली के जरिए अब भी काम कर रही है. उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान से मौद्रिक नीति का असर तेजी से और प्रभावी रूप से दिखने लगा है.

दास ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौद्रिक नीति हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती है और इसमें आत्मसंतुष्ट होने की कोई बात नहीं है. गवर्नर ने अपने भाषण में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब तीन चुनौतियों मुद्रास्फीति, धीमी वृद्धि और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम का सामना कर रही है. घरेलू वित्तीय क्षेत्र के संबंध में उन्होंने कहा कि भारतीय बैंक तनाव की स्थिति के दौरान भी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं को बनाए रखने में सक्षम होंगे. दास ने कहा कि भारत वैश्विक वृद्धि का नया इंजन बनने के लिए तैयार है और मार्च 2024 में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है.

### सीतारमण ने कहा, जन-धन योजना सफल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2014 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) देश में वित्तीय समावेशन लाने का सबसे बड़ा साधन बनकर उभरी है. शुक्रवार को कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 के उद्घाटन के बाद सीतारमण यह बात कही.

### एनएलसी इंडिया नीलामी में लेगी हिस्सा: सीएमडी

**नयी दिल्ली ।** एनएलसी इंडिया लिमिटेड लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के खनन की संभावना तलाश रही है और प्रस्ताव मिलने पर ब्लॉक की नीलामी में हिस्सा लेगी. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली ने शुक्रवार को कहा, एनएलसी इंडिया के पास खनन की मुख्य क्षमता है. हम 1967 से खनन कार्य कर रहे हैं इसलिए हम इस क्षमता का इस्तेमाल महत्वपूर्ण खनिजों में भी करना चाहते हैं. यह बयान ऐसे समय आया है जब सरकार महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की प्रक्रिया में है. उन्होंने कहा, हम परियोजनाओं की संभावना और व्यवहार्यता तलाश रहे हैं और हम निश्चित रूप से उस क्षेत्र में प्रवेश करने की इच्छा रखेंगे क्योंकि यही भावि क्षेत्र होने वाला है.

मोटुपल्ली ने कहा, हम सभी संभावनाएं तलाश रहे हैं और महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी अभी बाकी है. तो जब ये होंगी तो हम परियोजनाओं की व्यवहार्यता की जांच करेंगे. हम उस दिशा में आगे बढ़ने को लेकर बहुत गंभीर हैं. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया का मुख्य व्यवसाय कोयला तथा लिग्नाइट खनन और बिजली उत्पादन है.

## अशोक लीलैंड ने केबिन ट्रिम लाइन का किया उद्घाटन



एजेंसी । मुंबई

वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लीलैंड ने उत्तराखंड में अपनी पंतनगर विनिर्माण सुविधा में एक महिला-केंद्रित 'केबिन ट्रिम लाइन' का शुक्रवार को उद्घाटन किया. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नई 'केबिन ट्रिम लाइन' बढ़ती मांग को पूरा करेगी. यह एक उत्पादन लाइन के रूप में काम करेगा जहां पेंट किए गए वाहन के केबिन को स्टीयरिंग सिस्टम, विंडशील्ड, खिड़कियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, हेडलाइट्स और ड्राइवर सीट जैसे महत्वपूर्ण घटकों के साथ सावधानीपूर्वक एक साथ रखा जाएगा. लीलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शेनु अग्रवाल ने कहा, हम अधिक विविध कार्यबल बनाने के महत्व में विश्वास रखते हैं. हमारे पंतनगर संयंत्र में नई महिला-केंद्रित लाइन अशोक लेलैंड में एक अधिक समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे विश्वास को बल देती है.

### संकट बढ़ा

- इजराइल-हमास युद्ध निश्चित रूप तेल बाजारों के लिए चिंता
- गुरुवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहा कारोबार

आईईए पश्चिम एशिया संकट से गैस पंप पर लंबी कतारें लगने के आसार नहीं

# मौजूदा संकट में तेज की आपूर्ति हो सकती है बाधित

भाषा । वाशिंगटन

वर्ष 1973 के अरब तेल प्रतिबंध के 50 साल बाद पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट से वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका है. हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक मूल्य वृद्धि और गैस पंप पर लंबी कतारें लगने की आशंका नहीं है.

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख ने कहा कि सऊदी अरब और रूस से तेल उत्पादन में कटौती और चीन से मजबूत मांग के अनुमान के बाद अब इजराइल-हमास युद्ध निश्चित रूप तेल बाजारों के लिए अच्छी खबर नहीं है. पेरिस स्थित आईईए के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरौल ने



बताया कि बाजार अस्थिर रहेंगे और संघर्ष से तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, जो निश्चित रूप से मुद्रास्फीति के लिए बुरी खबर है.

उन्होंने कहा कि तेल और अन्य ईंधन का आयात करने वाले विकासशील देश ऊंची कीमतों से सबसे अधिक प्रभावित होंगे. हमास के आतंकवादियों के इजराइल पर हमला करने के दिन यानी छह अक्टूबर को वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल था, जो बृहस्पतिवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा था. हमले के बाद से कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण तेल की कीमतें 96 डॉलर तक पहुंची हैं. हमास के हमले में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं. तेल

### संकट बढ़ा

- इजराइल-हमास युद्ध निश्चित रूप तेल बाजारों के लिए चिंता
- गुरुवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहा कारोबार

की कीमत इस बात पर निर्भर करती है कि इसका कितना इस्तेमाल हो रहा है और यह कितना उपलब्ध है. गाजा पट्टी प्रमुख कच्चे तेल उत्पादन वाला क्षेत्र नहीं है, फिर भी हमास-इज़राइल संघर्ष के कारण इसकी उपलब्धता को लेकर कई चिंताएं हैं. इस संघर्ष से दुनिया के कुछ सबसे बड़े तेल भंडारों वाले देश ईरान को लेकर भी चिंताएं हैं. अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण इसका कच्चे तेल का उत्पादन बाधित हो गया है, लेकिन अब भी इसे चीन तथा अन्य देशों में भेजा जा रहा है.

लिपोव ऑयल एसोसिएट्स के अध्यक्ष एंड्रयू लिपोव ने कहा कि कीमतों के निरंतर बढ़ने से वास्तव में आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होगा. इजराइल के सैन्य हमले से ईरानी तेल बुनियादी ढांचे को कोई भी नुकसान पहुंचने पर वैश्विक स्तर पर कीमतों में उछाल आ सकता है. ऐसा न होने पर भी ईरान के दक्षिण में स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का भी तेल बाजार पर असर पड़ सकता है क्योंकि दुनिया की बहुत सारी आपूर्ति जलमार्ग से होती है. लिपोव ने कहा कि जब तक ऐसा कुछ नहीं होता, तेल बाजार हर किसी की तरह पश्चिम एशिया की घटनाओं पर नजर रखेगा.

कंप्यूटर आयात का मामला

## लाइसेंस नियमों में बदलाव से होगा फायदा : जीटीआरआई

एजेंसी । नयी दिल्ली

लैपटॉप और कंप्यूटर जैसे कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी के लाइसेंस नियमों में बदलाव से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा. शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह बात बात कही.

जीटीआरआई ने कहा कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों में कल-पुर्जों को जोड़कर (असेंबल) तैयार किए गए लैपटॉप और टैबलेट को आयात प्रतिबंधों से छूट देने से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव होंगे. सरकार ने बृहस्पतिवार को इन उत्पादों के आयात के लिए जटिल लाइसेंस मानदंडों में बदलाव किया और आयातकों के लिए एक ऑनलाइन प्राधिकरण प्रणाली लागू की. नयी लाइसेंस व्यवस्था का मकसद मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे भरोसेमंद स्रोतों से आ रहे हैं. ये नियम एक नवंबर से लागू होंगे. संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के पास अब भारतीय बाजार के लिए लैपटॉप खरीदने के दो रास्ते हैं वे एसईजेड में स्थित कंपनियों से लैपटॉप खरीद सकते हैं या सीधे आयात का विकल्प चुन सकते हैं.

## सवाल तो साख बनाने का है

राजनीति में नीतियों की स्पष्टता, अधिकतम सहमति का भाव, साख, साथ, सहकार और त्याग ही वह सूत्र है, जो किसी गठबंधन की कामयाबी का आधार तैयार करता है. देश में लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता, बढ़ती आर्थिक विषमता और सद्भाव की कमजोर होती डोर महत्वपूर्ण राजनीतिक नरेटिव तो हो सकते हैं, लेकिन वोटरों का विश्वास हासिल करने के लिए जरूरी है कि गठबंधन यह भरोसा पैदा करे कि वह किसी को हराने मात्र के लिए एक साथ नहीं आया है, बल्कि उसका मकसद देश की सूरत में बदलाव लाना भी है. यह तभी संभव है, जब दीर्घकाल तक एक साथ चलने का भरोसा जनता के दिलों में उतारा जाए. इन कसौटियों पर भारत के दोनों ही प्रमुख गठबंधनों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए. एनडीए के पास एक नेता है, जिसके प्राधिकार को कोई चुनौती नहीं है. दो चुनावों में वह कामयाब हुआ है. एनडीए मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व का ही दूसरा नाम है. दस साल की सत्ता के बाद कुछ गंभीर मसले देश के सामने हैं. इसमें दो कारपोरेट घरानों के हाथों में सिमटता धन का मामला प्रमुख है. इसके साथ ही अडानी समूह को ले कर जिस तरह के खुलासे हुए है, वे भी भाजपा के सिरदर्द का कारण है. साथ ही केंद्रीय एजेंसियों के मनमाने उपयोग, विरोधियों पर होने वाली कार्रवाइयां और लोकतंत्र का सिमटता दायरा वे वृहत्तर सवाल हैं, जिन्हें लेकर विपक्षी दलों के पास एक आख्यान यानी नरेटिव मौजूद है. 26 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लाक का उभरना बताता है कि विपक्षी दल गंभीरता से भाजपा को चुनौती देने का इरादा रखते हैं. राहुल गांधी के भारत जोडो यात्रा के बाद देश का राजनीतिक माहौल बदला बदला सा दिखा भी है, लेकिन पांच राज्यों के विधान सभा के चुनाव की शुरुआत होते ही ऐसा लग रहा है कि इंडिया गठबंधन के समक्ष जिस तरह का अवसर था, उसका वह लाभ नहीं उठा पा रहा है. समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने एक्स पर लिख कर जिस तरह का असंतोष इंडिया गठबंधन के प्रति जताया है और आम आदमी पार्टी ने जिस तरह सभी पांच राज्यों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि इंडिया गठबंधन को सबसे बड़ा बेहतर शुरुआत करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है. भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के समक्ष इस तरह की कोई चुनौती नहीं है. इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी कमी तो एक वाहक दल का अभाव है. कांग्रेस को अनेक दल दिल से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और कुछ अब भी केंद्रीय एजेंसियों से भयभीत हैं. ऐसे में विपक्षी दल किस तरह 2024 के लिए वोटरों में भरोसा पैदा कर सकेंगे. हर कालखंड में कुछ लाक्षणिक समानताओं के बावजूद प्रत्येक दिन नया होता है.

> 26 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लाक का उभरना बताता है कि विपक्षी दल गंभीरता से भाजपा को चुनौती देने का इरादा रखते हैं. राहुल गांधी के भारत जोडो यात्रा के बाद देश का राजनीतिक माहौल बदला बदला सा दिखा भी है.

### सुभाषित

अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद गजभूषणम्।
चातुर्यं भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणम्॥

तेज चाल घोड़े का आभूषण है, मत्त चाल हाथी का आभूषण है, चातुर्य नारी का आभूषण है और उद्योग में लगे रहना नर का आभूषण है. आभूषण से अलग हो जाने के बाद न तो घोड़े का महत्व रह जाता है और न ही नर या नारी का.

# रघुवर के नये दायित्व का मतलब

**2019 के विधानसभा चुनाव में रघुवर को मात देनेवाले सरयू भाजपा की बिछड़ी डाल पर बाबूलाल मरांडी की तरह पुनः बैठ जाएं. दूसरा असर यह कि फरवरी 2020 में 14 साल के बिछुड़न के बाद बाबूलाल मरांडी को भाजपा में वापस लाए जाने और तत्काल नेता विधायक दल का पद दिये जाने से प्रदेश भाजपा में तीन पॉवर सेंटर का जिक्र किया जाने लगा. इस बीच 04 जुलाई को उनको प्रदेश संगठन की कमान सौंप दी गई.**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाया जाना विशिष्ट राजनीतिक घटना है. इसका दोनों राज्यों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा. लॉ ग्रेजुएट 68 वर्षीय रघुवर दास राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं, हालांकि उनका जन्म, लालन-पालन और कार्य स्थल जमशेदपुर रहा. वे ओडिशा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल की जगह लेंगे. गणित में पीजी 82 साल के गणेशी लाल सिरसा, हरियाणा के रहवासी हैं. दोनों महानुभावों के पास सुदीर्घ राजनीतिक अनुभव है. रघुवर दिसंबर 2014 से लगातार पांच साल तक झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, जबकि प्रो. गणेशी लाल के पास लंबे राजनीतिक जीवन के अलावा कॉलेज में पढ़ाने का भी अनुभव रहा है. रघुवर का अब साबका ओडिशा के मुख्यमंत्री 77 वर्षीय नवीन पटनायक से पड़ेगा. नवीन निर्विवाद नेता हैं. जनता दल से अलग होने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री रह चुके अपने पिता बीजू पटनायक के नाम पर 1997 में बीजू जनता दल की स्थापना की थी. अविवाहित नवीन की लोकप्रियता इसी से समझी जा सकती है कि वे लगातार चौथी मर्तबा ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं. वे साहित्यिक प्रवृत्ति के मजे हुए राजनेता हैं, जो केंद्र की राजनीति से खुद को दूर रखते हुए वक्त-बेवक्त भाजपा की मदद कर ही देते हैं. उनकी गिनती धीर-गंभीर, कुशल राजनेता के तौर पर होती है.शारदीय नवरात्र के चौथे दिवस 18 अक्टूबर को राष्ट्रपति भवन द्वारा अधिसूचना का ओडिशा पर कैसा प्रभाव रहेगा, यह भविष्य बताएगा. दिलचस्प बात यह कि वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा की ही रहनेवाली हैं. वे देश का सर्वोच्च पद हासिल करने के पूर्व झारखंड की राज्यपाल थीं और उनको अपने कार्यकाल के अलावा तकरीबन डेढ़ साल अतिरिक्त समय मिला था. ओडिशा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल को अपने कार्यकाल से साढ़े चार महीने अधिक समय दिया गया. वे 82 साल के हो चुके हैं. रघुवर की राजनीति जमशेदपुर में ट्रेड यूनियन से प्रारंभ हुई थी. बाद में वे मंडल अध्यक्ष से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के अलावा विभिन्न अवसरों पर प्रदेश सरकारों में नगर विकास मंत्री, वित्त मंत्री, संसदीय कार्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री रहे. इससे उनका प्रशासनिक स्कील तो स्पष्ट है, लेकिन गवर्नर के रूप में वे कौन सा जलवा दिखाएंगे, यह अभी नहीं कहा जा सकता. गवर्नर बनाये जाने के साथ उनके लिए एक अच्छी खबर है कि एसीबी जांच और केस-मुकदमों की सुनवाई मुल्तवी रहेगी. 2016 के राज्यसभा चुनाव के विवादित मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसीबी जांच का आदेश कुछ ही अरसा पहले दिया था. उनके नए असाइनमेंट का झारखंड की राजनीति पर व्यापक असर पड़ेगा. पहला तो यही कि उनके खिलाफ सरयू राय द्वारा चलाया जा रहा अभियान शांत पड़ जाएगा. बहुत संभव है, 2019 के विधानसभा चुनाव में रघुवर को मात देनेवाले सरयू भाजपा की बिछड़ी डाल पर बाबूलाल मरांडी की तरह पुनः बैठ जाएं. दूसरा असर यह कि फरवरी 2020 में 14 साल के बिछुड़न के बाद बाबूलाल मरांडी को भाजपा में वापस लाए जाने और तत्काल नेता विधायक दल का पद दिये जाने से प्रदेश भाजपा में तीन पॉवर सेंटर का जिक्र किया जाने लगा. इस बीच 04 जुलाई को उनको प्रदेश संगठन की कमान सौंप दी गई. अलग बात है कि सौ से अधिक दिन बीत जाने के बावजूद उनकी कार्यसमिति पर मौन का गहरा साया काबिज है. झारखंड भाजपा के तीन पॉवर सेंटरों में एक नाम रघुवर का भी था, जिनको महामहिम का ताज पहनाकर ओडिशा रवाना कर दिया गया. दूसरा नाम तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा का है, जो फिलहाल जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं. वे चतुर और ऊर्जावान राजनेता हैं, जो अब मौन रहने लगे हैं. बाबूलाल राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे. प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद वे वर्तमान 'इंडिया' सरकार, खासकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध जन-अभियान छेड़ने की नीयत से इन दिनों राज्य भ्रमण पर हैं. रघुवर को नया दायित्व सौंपे जाने के 48 घंटे पहले भाजपा विधायक दल के नेता पद पर अमर कुमार बाउरी की बहाली की गई, जो मूलतः बाबूलाल स्कूल की उपज रहे हैं. 2014 के चुनावों के कुछ ही दिनों बाद 2015 में जिन छह विधायकों को बाबूलाल की पार्टी जेवीएम से विलग कर भाजपा में ले आया गया था, उनमें बाउरी भी थे. उन छह में से जिन दो को रघुवर कैबिनेट में स्थान दिया गया था, उनमें एक बाउरी भी थे. कहने की बात नहीं कि दल बदलते और पद मिलते ही राजनेता अपने बॉस के आदमी हो जाते हैं. बाउरी भी हो गए थे. लेकिन अब तो खुद बाबूलाल भाजपामय हो गये हैं और उनकी पुरानी जगह पर बाउरी महोदय को ले आया गया है, तो अब वे इस-उस सभी बॉस के हैं. रघुवर की नई जवाबदेही तय होने के पूर्व 18 अक्टूबर की दोपहर तक भाजपा में भी इस बात की चर्चा होती थी कि अगर अगले साल राज्य में भाजपा/एनडीए की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री किसको बनाया जाएगा? बाबूलाल, रघुवर, अर्जुन मुंडा या बाउरी को? ढाई-तीन महीने के विचार मंथन के बाद जिसको मान-सम्मान के साथ नेता प्रतिपक्ष का दायित्व दिया गया, मौका आने पर नेता सदन के पद पर उसका हक तो बनता ही है. खैर, ये सब बाद की बातें हैं. अभी तो छह महीने में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतने और उसके छह महीने में विधानसभा चुनावों में 'अपार बहुमत' लाने का दायित्व बाबूलाल के कंधों पर है. आंतरिक तौर पर उनका मैदान निर्विवाद और निर्विघ्न कर दिया गया है. वे चाहे जिस रफ्तार से दौड़ें और फतह करें.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## हरि नाम की महिमा

पुराणों में भगवान नाम की महिमा का वर्णन तो बहुत किया गया है, पर उसका प्रत्यक्ष अनुभव क्या प्रत्येक नाम जप करनेवाले को हो रहा है क्या नाम जप करनेवाले के जीवन में युग की समस्याएं समाप्त हो गई हैं. यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है और इस समस्या के समाधान के लिए उचित नाम जपने की आवश्यकता है. इसका सूत्र देते हुए तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि हिरण्यकशिपु नास्तिकता का प्रतीक है, तो जप करने वाले को प्रह्लाद बनना पड़ेगा. अगर हम प्रह्लाद बनकर जप नहीं करेंगे, तो हमें लाभ नहीं होगा. इसका सीधा-सा तात्पर्य यह है कि हिरण्यकशिपु का नाश तब होगा, जब हमारे अंतःकरण में प्रह्लाद बनने की वृत्ति आयेगी और प्रह्लाद हिरण्यकशिपु के ही बेटे हैं. इसका अर्थ यह हुआ कि जब हम लोगों का कलियुग में जन्म हुआ है तो हम भी कलियुग के बेटे ही हैं. प्रह्लाद के बहिरंग व्यवहार से लगता है कि उन्होंने पिता की उपेक्षा की, उनके मत को अस्वीकार कर दिया. यद्यपि पिता को बड़ा महत्व दिया गया है. लेकिन भक्ति का श्रीगणेश अगर शरीर से करेंगे तो आप भक्त कभी नहीं बन पाएंगे भक्ति का श्रीगणेश जब भी होगा तो गर्भ में ही होगा गर्भ का अभिप्राय केवल माता-पिता नहीं है, अगर हम यह मान लेंगे कि जिस माता-पिता द्वारा हमारा जन्म हुआ है, वे ही हमारे मूल कारण हैं और हमें उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए. उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए तो उसका परिणाम यह होगा कि माता-पिता अगर श्रेष्ठ वृत्ति वाले हुए तो जो आदेश वे देंगे, वह उपयुक्त आदेश होगा. लेकिन अगर उनकी वृत्ति उस प्रकार की न हुई, तब हमारे समक्ष यह प्रश्न उठ खड़ा होगा कि अब हम क्या करें? इसका सरल-सा अर्थ यह है कि माता और पिता के प्रति व्यक्ति को कृतज्ञ होना चाहिए, पर उसके साथ-साथ जगत पिता और जगन्माता को नहीं भूल जाना चाहिए. इसे यों कह लीजिए कि जिन माता-पिता ने जन्म दिया, वे तो प्रत्यक्ष दिखाई दे रहे हैं पर जो मूल से प्रारंभ करेगा, उसके अंतःकरण में भक्ति का संस्कार पड़ जाएगा. प्राचीन काल में कृतज्ञता को बहुत अधिक महत्व दिया जाता था.

# खाने की बर्बादी बनाम भूख से मुठभेड़

• विमर्श

अरविंद जयतिलक

यह कितना विडंबनापूर्ण है कि हर वर्ष करोड़ों टन खाने की बर्बादी हो रही है, वहीं दुनिया में दाने-दाने के लिए मोहताज लोगों की तादाद बढ़ रही है. हाल ही में सयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022' रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ है कि दुनिया के 73.5 लोग भुखमरी के शिकार हैं. जबकि 2019 में यह संख्य 61.8 करोड़ थी. यानी गौर करें तो महज तीन साल में 12.2 करोड़ लोग बढ़ गए, जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ. 2022 में दुनिया की 11.3 फीसदी अर्थात् 90 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिला. दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2022 की ही रिपोर्ट पर गौर करें तो दुनिया भर में अनुमानित रुप से 93.10 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ, जो वैश्विक स्तर पर कुल खाने का 17 फीसदी है. रिपोर्ट के मुताबिक इसका 61 फीसदी हिस्सा घरों से, 26 फीसदी खाद्य सेवाओं व 13 ी खुदरा जगहों से बर्बाद हुआ है. यानी इस तरह दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ. बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है. खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है. दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है. यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है. खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के 73.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं और 300 करोड़ लोगों को सेतहमंद भोजन नहीं मिल पाता वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है. याद होगा गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं. इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है. वैश्विक भूख सूचकांक-2023 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 125 देशों में 111 वें स्थान पर है. रिपोर्ट के कहा गया है कि चाइल्ड वेस्टिंग की दर सबसे अधिक 18.7 फीसदी है जो अतिकुपोषित को इंगित करता है. हालांकि भारत सरकार ने इस सूचकांक को खारिज करते हुए इसे त्रुटिपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण मंशा से जारी किया गया करार दिया है. यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है. इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है. बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है. उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है. खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं, जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है. आंकड़ों के मुताबिक चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गयी है. अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे. यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है. यह शोध एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव जर्नल में प्रकाशित हुआ. एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा. इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे. गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं. चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं. इसके परिणामस्वरुप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है. अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आयी तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी.

> दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ. बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है. खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है. दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है.

# गाज़ा पट्टी को उलटी दूरबीन से मत देखिए

• देशांतर

योगेंद्र यादव

एक औसत भारतीय के लिए गाज़ा बस सिर्फ एक नाम है. जमीन की पट्टी नहीं, बस टीवी स्क्रीन की एक छोटी सी पट्टी है. जैसे कारगिल या कच्छ. उसके लिए इजराइल एक देश का नहीं, बल्कि एक द्वेष का नाम है, एक झगड़े का स्थल है. जैसे कश्मीर या मणिपुर. वह ना यहूदियों के बारे में कुछ जानता है, ना ही फिलिस्तीनियों के बारे में. वह यहूदियों और ईसाइयों में भेद नहीं कर सकता. वह मुसलमान और गैर मुसलमान के चश्मे से इस मसले को देखता है. सच यह है कि अगर इस मसले में मुसलमान न दिखता तो इजराइल में आग लगने की भी खबर हमारे टीवी पर न आती.जब दिमाग खाली हो और मन भरा हुआ हो तो विचित्र छवियों का निर्माण होता है. कल्पना की दूरबीन से इजराइल और फिलिस्तीन मुद्दे को देखने का यही परिणाम होता है. एक पक्ष मुस्लिम विरोध के चलते इजरायल के पक्ष में झूठी सहानुभूति जताता है तो दूसरा मुसलमान से हमदर्दी के चलते फिलिस्तीनियों के साथ खड़ा हो जाता है. दूरबीन से टीवी के परदे पर खेले जाने वाले इस वीडियो गेम का ना तो ऐतिहासिक तथ्यों से कुछ संबंध है, न हीं आज के सच से. लेकिन यह खेल महज एक खेल नहीं है. यह हमारे दिलों दिमाग में गहरी नफरत भर देता है. दूर देश में इंसानों के जीवन से खेले जा रहे एक खौफनाक खेल में हम अनजाने ही शामिल हो जाते हैं. खून के कुछ छींटे हमारे ऊपर भी आ गिरते हैं.कल्पना के इस खौफनाक खेल का मुकाबला सिर्फ इतिहास और तथ्यों से नहीं किया जा सकता. उसके लिए एक औसत भारतीय के पास समय और धीरज नहीं है. इस गुमराह करने वाली कल्पना के मुकाबले में एक नई कल्पना को विकसित करना होगा. शुरुआत करते हैं एक देश की कल्पना से जो आकार में हरियाणा से आधा हो, लेकिन आबादी में हरियाणा का एक तिहाई. जी बस इतना ही है इजराइल, जिसमें कोई 90 लाख लोग बसते हैं, जिनमें से 70 लाख यहूदी हैं और कोई 20 लाख अरब. गाज़ा पट्टी सिर्फ 10 किमी चौड़ी और 35 किमी लंबी जमीन है, बस दिल्ली शहर का एक तिहाई टुकड़ा. वहां कोई 20 लाख लोग बसते हैं. जरा सोचिए अगर इतने छोटे से प्रदेश पर पूरी दुनिया की तख्त अपने खेल खेलना शुरू कर दें तो उसकी क्या गत बनेगी? अगर आपको यह एक क्रूर मजाक लग रहा है तो समझ लीजिए की यही फिलिस्तीनियों की सच्चाई है. बेशक जेरूसलम यहूदियों का पवित्र स्थल है, लेकिन वहां उनकी बसाहट नहीं थी. सैकड़ों साल से वहां फिलिस्तीन लोग बसे हुए थे. 20वीं सदी में यहूदियों के साथ यूरोप में अत्याचार करने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त यूरोपीय ताकतों ने यहूदी झंझट से छुट्टी पाने के लिए उन्हें जबरदस्ती उस इलाके में जाकर बस दिया जिनसे उनका कोई जीवंत संबंध नहीं बचा था. साम्राज्यवादी बंदूक की नोक पर फिलिस्तीनियों की छाती पर यहूदियों को ले जाकर बसा दिया गया, उनकी मातृभूमि पर किसी और का देश बना दिया गया. सदियों से बसे हुए फिलिस्तीनी अपने ही पुरखों की जमीन में किरायेदार बन गए. अत्याचार के शिकार यहूदी अब फिलिस्तीनियों पर अत्याचारी बन गए. कल्पना कीजिए कि अगर ऐसा कुछ बिहार में हो जाए तो क्या कुछ होगा? वहां के मूल निवासी इन बाहरी शासकों का कैसे स्वागत करेंगे? कैसा संबंध बनेगा मूल निवासियों और आप्रवासियों के बीच? यह काल्पनिक उदाहरण आपको इजरायल में यहूदियों और फिलिस्तीनियों के संबंध को समझने में मदद करेगा. जरा सोचिए कि जिन बाहरी लोगों को दुनिया की तमाम ताकतों का समर्थन हो उसके खिलाफ मूल निवासी कैसा प्रतिरोध आयोजित करेंगे? यह सवाल आपको फिलिस्तीनियों की राजनीति समझने में मदद करेगा. उस स्थिति में बाहरी आ प्रवासियों के साथ शांतिमय तरीके से जीने की वकालत करने वालों की क्या स्थिति होगी? यह विचार आपके यासिर अराफ़ात की स्थिति समझने में मदद करेगा. क्या ऐसे में हिंसक विरोध की मांग नहीं उठेगी? आतंकवाद नहीं पनपेगा? यह सोच हमें हमास जैसे संगठनों के उद्गम को समझने में मदद करेगी. इस कल्पना से हमास की हिंसा बर्बरता और आतंकवाद सही नहीं हो जाएगा, मगर इतना समझ आने लगेगा कि इस आतंकवाद की जड़ें कहां हैं. महात्मा गांधी ने 26 नवंबर 1938 को हरिजन में लिखा था, ꞉फिलिस्तीन उसी तरह अरबों का है, जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का है या फ्रांस फ्रांसीसियों का है.

> इस कल्पना से हमास की हिंसा बर्बरता और आतंकवाद सही नहीं हो जाएगा, मगर इतना समझ आने लगेगा कि इस आतंकवाद की जड़ें कहां हैं. महात्मा गांधी ने 26 नवंबर 1938 को हरिजन में लिखा था, फिलिस्तीन उसी तरह अरबों का है, जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का है या फ्रांस फ्रांसीसियों का है.

### मीडिया में अन्यत्र

# दूरसंचार लाइसेंस शुल्क बढ़ेगा

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्णय दिया है कि दूरसंचार कंपनियों द्वारा जुलाई 1999 के बाद चुकाए गए लाइसेंस शुल्क को पूंजीगत व्यय माना जाए, न कि राजस्व व्यय. यह निर्णय दूरसंचार क्षेत्र के लिए चुनौती पेश कर सकता है, क्योंकि वह पहले ही वित्तीय तंगी से जूझ रहा है. सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस निर्णय के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय, बंबई उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय के उन फैसलों को उलट दिया है, जो दूरसंचार कंपनियों के पक्ष में गए थे. बीते वर्षों के दौरान लाइसेंस शुल्क कैसे चुकाया जाए और उसे किस मद में शामिल किया जाए, इसे लेकर कई तरह के बदलाव सामने आए हैं. इसकी वजह से नीतिगत अनिश्चितता आई है और कारोबार में अनिश्चितता पैदा हुई है. सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्णय से क्षेत्र के लिए मामला और जटिल हो सकता है. यह क्षेत्र पहले से ही दो कंपनियों के दबदबे के खतरे से जूझ रहा है. पहले की अवधि के लिए आय कर की मांग की संभावना के कारण सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने पुरानी तारीख से कर भुगतान की आशंका उत्पन्न कर दी है, क्योंकि लाइसेंस शुल्क को पूंजीगत व्यय माना जाएगा, न कि राजस्व व्यय. विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि अतीत के बकाये का आकलन करना मुश्किल होगा. उन्होंने संकेत किया कि अगर कर अधिकारी अतीत की किसी कंपनी के लिए मांग करते हैं तो भारती एयरटेल और वोडाफोन इंडिया जैसी पुरानी कंपनियों को एकबारगी काफी धनराशि चुकानी पड़ सकती है. लाइसेंस शुल्क की परिभाषा में बदलाव दिक्कतदेह हो सकता है, क्योंकि फिलहाल दूरसंचार कंपनियां लाइसेंस शुल्क को राजस्व व्यय के खाते में डालकर मुनाफे का आकलन करती हैं. अगर लाइसेंस शुल्क को पूंजीगत व्यय माना जाने लगा तो इसे लाइसेंस की अवधि यानी 20 वर्षों में चुकाना होगा और मुनाफे का आकलन भी उसी के मुताबिक किया जाएगा. इस स्थिति में लाइसेंस के शुरुआती वर्षों में कर का स्तर अधिक होगा. बीते वर्षों के दौरान नीतिगत बदलाव तथा न्यायालयीन निर्णयों से इस विषय की जटिलता को समझा जा सकता है. सन 1999 की नई दूरसंसचार नीति में कहा गया कि दूरसंचार कंपनियों को एकमुश्त प्रवेश शुल्क देना होगा और उसके बाद अपने राजस्व के प्रतिशत के रूप में वे लाइसेंस शुल्क चुकाएंगी.



(बिजनेस स्टैंड)

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## अन्नदा/आनंदा


**हजारीबाग** में एक महिला महाविद्यालय है, जिसका नाम है अन्नदा महाविद्यालय. मैंने कई लोगों के मुंह से इसका नाम आनंदा महाविद्यालय सुना है. पहले तो मैं भी भ्रमित होता रहा कि हो सकता है यही इस महाविद्यालय का नाम हो, लेकिन थोड़े से प्रयास के बाद ही समझ में आ गया कि जो ऐसा कहते या लिखते हैं, वह गलत है. इस प्रकार की गलती का कारण है अन्नदा और आनंदा का श्रुति सम भिन्नार्थक होना. सुनने में एक जैसे लगने के कारण लोग भ्रम का शिकार हो जाते हैं, लेकिन दोनों अलग अर्थ रखनेवाले शब्द हैं. इनमें बस एक ही समानता है कि दोनों संस्कृत मूल के यानी तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द हैं. पहले शब्द अन्नदा में दो शब्द हैं-अन्न+दा. यानी जो अन्न प्रदान करनेवाली हो. अन्न का मतलब है अनाज, शस्य, फसल, अनाज से बना हुआ भोजन. अन्नदा शब्द का वाच्यार्थ है वह जो अन्न देनेवाली हो, लेकिन इसका गूढ़ार्थ है पालन-पोषण करनेवाली. इसलिए कि पालन-पोषण के लिए प्रथम प्राथमिकता अन्न की ही होती है. अन्न देनेवाली कौन है? इसके उत्तर के लिए एक और प्रश्न-सबसे पहले शिशु को भोजन कौन देती है? उत्तर है मां. उसके बाद मरते दम तक एक मां अपनी संतान को खिलाती-पिलाती रहती है, अन्न प्रदान करती रहती है. अन्न हमें प्राप्त कहां से होता है? इसका उत्तर है धरती माता से. किसी फिल्म का गाना है-धरती मेरी माता, पिता आसमान. अन्नदा भगवती दुर्गा का एक नाम है, जिन्हें अन्नपूर्णा देवी कहा जाता है. आदि शंकराचार्य ने काशीपुराधीश्वरी नाम से संबोधित करते हुए इस प्रकार विनती की है-भिक्षां देहि कृपावलंबनकरी मातान्नपूर्णेश्वरी. अर्थात हे कृपा और आश्रय प्रदान करनेवाली अन्नपूर्णा मातेश्वरी, मुझे भिक्षा प्रदान करो. कहावत है जहां अन्न है, वहीं आनंद है. इसका अर्थ यह हुआ कि जो अन्न प्रदान करनेवाली है, वह निश्चित रूप से आनंद भी प्रदान करनेवाली है और जो आनंद प्रदान करनेवाली देवी है, उसे आनंदा कहा जाता है.


# अगर कहीं मैं तोता होता!

• तीर-तुक्का


डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

तोते की यही खासियत है. वाचाल होने के नाते, तोते को बात को दुहराने में विशेषज्ञता प्राप्त है. आप जो भी कहते हैं, उसे वह बिना समझे-बूझे रट लेता है. आपकी बात दुहरा देता है. बहुत से छात्र-छात्राएं विषय को समझे बिना तोता रटंती से अपनी परीक्षाओं में पास हो जाते हैं. तोते की यही खासियत चापलूसी में भी काम आती है. अच्छे-बुरे का बिना विचार किए, अपना मतलब साधने के लिए किसी की भी तारीफ़ करते रहना तोता-चश्मी कहलाती है. वस्तुतः तोते के अनेक ऐसे गुण हैं जिन्हें मनुष्य ने अपने हितार्थ अपना लिया है. तोते को हम कई नामों से पुकारते हैं. इसे पोपट और सुआ भी कहते हैं. इसका एक नाम गंगाराम भी है. पता नहीं तोते का नाम गंगाराम कैसे पड़ गया ? तोते गंगाजी के किनारे ही रहते हों, यह ज़रूरी नहीं है. गंगाजी में नहाना उन्हें पसंद है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता. फिर भी तोता गंगाराम है. नाम के बारे में सोचना वस्तुतः बेकार ही है. नाम का काम से कोई लेना-देना होता नहीं. तोता अपने मालिक का वफादार प्राणी है. मालिक के कहे अनुसार ही बोलता है. जब सरकार अन्य संस्थाओं पर, जो उस पर किसी कदर निर्भर होती हैं, (और कौन है जो सरकार पर किसी कदर निर्भर नहीं होता) अपना मालिकाना हक़ जमाने लगती हैं, तो वे संस्थाएं सरकार का तोता बन जाती हैं. ऐसे आरोप अक्सर लगते रहे हैं। अभी हाल ही में आरोप लगा था कि सरकार ने सीबीआई को अपना तोता बना रखा है. चारों तरफ से आवाजें आने लगीं कि इस तोते को मुक्त किया जाए. और सीबीआई को स्वतन्त्र रूप से काम करने दिया जाए. कभी कभी तो ऐसी परिस्थितियां भी आती हैं कि क्या किया जाए, समझ में नहीं आता. आदमी किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है और उसके हाथों के तोते उड़ जाते हैं. जो लोग मशहूर हो जाते हैं, कहते हैं, उनकी तूती बोलने लगती है. यह तूती और कुछ नहीं तोते का ही स्त्रीलिंग है. तोता मर्दानी आवाज़ में बोलता है और टांय टांय करता रहता है जबकि तूती, छोटी जाति के तोते की, बारीक और मीठी आवाज़ है. आखिर तोते को मिट्ठू बिला-वजह ही नहीं कहा जाता. तोता एक हरे रंग का पक्षी है. लेकिन हरे रंग की न जाने कितनी किस्में हैं. हल्का हरा, गहरा हरा. पता नहीं समुद्र का रंग नीला होता है या हरा, (विद्वानों की इस प्रसंग में अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है) लेकिन अंग्रेज़ी में उसे 'सी-ग्रीन' ही कहा जाता है. चलिए मान लेते हैं कि समुद्र का रंग भी हरा ही होता है. लेकिन यह है कुछ अपने ही प्रकार का एक ख़ास हरा रंग. इसी तरह तोते का भी हरा रंग अपनी ही तरह का हरा रंग है. तभी तो इसे अलग से 'तोतई रंग' कहा गया है.





# नवरात्र विशेष



आचार्य अजय कुमार मिश्रा

*कल महाष्टमी है. दिन के समय मां का पूजन होगा. अष्टमी को ही कन्या पूजन की परंपरा है (हालांकि कई लोग नवमी को भी कन्या पूजन करते हैं). कन्याओं के पूजन करने, उन्हें खीर-पूरी समेत कई तरह की मिठाई-पकवान का भोग लगाने के बाद खोइंछा, उपहार, दक्षिणा आदि देकर विदा करते हैं. इन सबके बाद भक्त रात्रि में महानिशा की पूजा करते हैं. यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण है और इसे विशेष प्रक्रिया व विधि से किया जाता है. महानिशा पूजा किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति, मां की विशेष कृपा पाने या मां को प्रसन्न करने के लिए की जाती है.*

## ऊं जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी

***अष्टमी जिस रात्रि को प्राप्त हो उसी तिथि की रात्रि में महानिशा पूजा की जाती है. यह तांत्रिक पूजा के लिए बहुत ही श्रेष्ठ समय है. बड़ी बड़ी तांत्रिक पूजाएं इस रात्रि में की जाती हैं.***

### सुख, समृद्धि, शक्ति, सौभाग्य

महानिशा का अर्थ है रात्रि का मध्य भाग. शास्त्रों में उल्लेखित है कि महानिशा पूजा में भगवती जगदंबा की उत्पत्ति होती है और मां भवानी अपने भक्तों को सिद्धि प्रदान करती हैं. मुख्यतया इस रात्रि में माता दुर्गा की पूजा तथा काली पूजा की जाती है. माता को प्रसन्न करने के लिए तांत्रिक पूजाएं कुछ विशेष विधि से की जाती है. माता काली के स्थान पर हवन पूजन इत्यादि होता है. बलि में नारियल की बलि दी जाती है. दुर्गासप्तशती के कुछ विशेष पृष्ठों का पाठ होता है. राजनीतिज्ञ गण अपने विजय के लिए इस रात्रि बंगलामुखी अनुष्ठान करवाते हैं तो रोग से पीड़ित व्यक्ति रात्रि में नदी तट पर स्थित शिव मंदिर में महामृत्युंजय, साबर आदि मंत्र का जाप करते/करवाते हैं. महानिशा की पूजा से स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है. महानिशा पूजा के समय श्रीसूक्त का भी पाठ करके धन, पद तथा प्रतिष्ठा की प्राप्ति की जा सकती है. ऋग्वैदिक श्रीसूक्तं का पाठ करके हवन करने से धन का आगमन होता है. माता काली को प्रसन्न करने के लिए कुछ तांत्रिक माता का भोग प्रसाद मंदिर में ही पकाते हैं. इस रात्रि सिद्धिकुंजिकस्तोत्र का पाठ 108, 28 या 18 बार करके सप्तश्लोकी दुर्गा तथा बंगलामुखी मंत्र पढ़कर माता को प्रसाद अर्पित कर भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है. गृहस्थ भक्त दुर्गा बीसा यंत्र, श्रीयंत्र, दुर्गा यंत्र इत्यादि का महानिशा पूजा के दौरान सिद्धि कर सकते हैं.

### इस वक्त करें पूजा

निशा पूजा पूजा सप्तमी की रात्रि 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच होती है. इस वक्त अष्टमी तिथि भी लग जाती है. रात्रि 12:00 बजे माता कालरात्रि की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है. इस पूजा में पुष्प, पुष्पमाला, कई तरह का विशेष रूप से फल अर्पित किया जाता है. मां का सोलह सिंगार किया जाता है. अष्टमी जिस रात्रि को प्राप्त हो उसी तिथि की रात्रि में महानिशा पूजा करने का विधान है. महानिशा पूजा में बलि भी दी जाती है. बलि सात्विक होती है. बलि के रूप में नारियल का प्रयोग किया जाता है. महानिशा के पूजा के दौरान माता को विशेष भोग भी अर्पित करते हैं.

### माता का यह रूप

महानिशा पूजा के दिन माता काली एवं महा गौरी के रूप में पूजी जाती हैं. सफेद वस्त्र आभूषण पहनीं, चार भुजाओं वाली माता के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा रहता है. नीचे वाले हाथ में मां गौरी त्रिशूल धारण करती हैं. बाएं और ऊपर वाले हाथ में डमरू सुशोभित रहता है. मां काली गले में नर मुंडों की माला धारण करती हैं. हाथ में रक्त का प्याला, त्रिशूल और खड़क होता है.

### ऐसे करें पूजा

12:00 बजे रात में स्नान इत्यादि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें. माथे पर तिलक इत्यादि लगा कर लाल आसन पर बैठें. महिला हैं तो बाल खोल दें, पुरुष हैं तो टीका बांध लें. दीप प्रज्वलित कर माता का ध्यान आवाहन करें. अब षोडशोपचार विधि से मां को पूजन में दूध, दही, घी, शहद, शक्कर एवं पंचामृत से स्नान कराकर माता को वस्त्र एवं सोलह सिंगार करना चाहिए. माता को इत्र, हल्दी व कुमकुम अर्पित करें. फूल व बेलपत्र की माला मां को अर्पित करें. धूप जलाएं. मां के सामने 108, 28 या 18 दीपों को प्रज्वलित करें. संभव हो तो घी का दीया जलाएं. नौ प्रकार के फल, एवं नव प्रकार के पकवान पान नारियल भी मां को भोग में अर्पित करें. आप माता की प्रतिमा की पूजा कर रहे हैं तो गंगाजल इत्यादि से उनके चरण को धोकर केसर मिला हुआ रक्त चंदन अर्पित करें. इसके बाद मंत्र पढें-

माता की परिक्रमा करें. यदि संभव नहीं है तो अपने ही स्थान पर खड़े हो कर तीन बार घूमें. माता को पुनः पुष्पादि अर्पित करें. अब सिद्ध कुंजिका का पाठ या दुर्गा सप्तशती के कुछ विशेष मंत्रों को जप पाठ करें. अंत में आरती करें. इसके बाद क्षमा प्रार्थना करें. संभव हो तो इस रात्रि जागरण करें और मां के भजन गाएं.



### इस मंत्र को पढ़ें

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
ऊं जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी,
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते॥



## राष्ट्र को जोड़ने की देशज धारणा है शक्ति पूजा



डॉ मयंक मुरारी

भारत को जोड़ने की देशज परिकल्पना का नाम है शक्ति पूजा. वैदिक युग से ही साहित्यकारों, मनीषियों ने इसे एक ऐसे विशाल और विस्तृत भौगोलिक एवं मातृसत्तात्मक इकाई के रूप में देखा है, जो हिमालय से लेकर समुद्र तक फैला है. हिमालय यानी शीर्ष पर कैलाश ( भगवान शिव यानी प्रकृति ) और समुद्र यानी अंतिम छोर पर कन्याकुमारी ( माता पार्वती यानी शक्ति ) इस विशाल देश को एक इकाई के रूप में सदैव बांधते रहे हैं. इस इकाई को प्राप्त करने वाले शासक को सदैव ही पिता का शीर्ष प्राप्त करने तथा माता के चरण छूने की चाह रही, जिसके कारण पराक्रमी और शक्तिशाली शासकों ने दिग्विजय अभियान चलाया और कई ने चक्रवर्ती की उपाधि भी प्राप्त की.

### • जाग्रत करते शक्तिपीठ

शिव और शक्तिपीठ का पूरे भारत में विस्तार ही भारतवर्ष की चौहद्दी, राष्ट्रीयता और इसके परस्पर संबंधों की कहानी बयां करती है. 12 ज्योर्तिलिंग कहां है? अमरनाथ से लेकर रामेश्वरम तक. इसी प्रकार 51 शक्तिपीठ के माध्यम से भारतवर्ष के मातृभाव को जोड़ने का सफल प्रयास किया गया. देश में शक्तिपीठ के जगहों का दर्शन कीजिए. पूर्व में असम की कामाख्या देवी तथा बंगलादेश के चिटगांव की भवानी शक्तिपीठ, तो पश्चिम में पाकिस्तान के कराची के हिगलाज की कोट्टार देवी, उत्तर में अमरनाथ में महामाया देवी और नेपाल के पशपुतिनाथ मंदिर के समीप अवस्थित गुजेश्वरी मंदिर की महाशीरा तथा मानसरोवर के समीप अवस्थित दाक्षायानी शक्तिपीठ, धूर दक्षिण में कन्याकुमारी अवस्थित है. इन शक्तिपीठ के माध्यम से देश के जनमानस ने अपने को जागृत किया.

### • माता भारतभूमि

**वेदों का उदघोष है-** भूमि माता है, मैं पृथ्वी का पुत्र है. वहीं यजुर्वेद का अमृत मंत्र हरेक संकट काल में गूंज उठा, जिसमें कहा गया कि- वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः हम जागते रहेंगे और राष्ट्र का जागृत रखेंगे. वाल्मिकि रामायण में कहा गया कि जननी जन्मभूमि च स्वर्गादपि गरीयसी यानी जननी और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है. अंग्रेजों के खिलाफ जब स्वतंत्रता का संघर्ष शुरू हुआ, तो देश के विभिन्न भागों से विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय भाव का उदघोष हुआ. इस भारतभूमि को महायोगी अरविंद एक जगनमाता! आदिशक्ति! महामाया के रूप में देखा. रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे देवि भुवन मनमोहनी..........नीलसिंधू जल द्यौत चरणतल के रूप में स्तुति गान किया. कवि बंकिम चंद ने अपनी अमर रचना वंदेमातरम् में इसे त्व हि दुर्गा दश प्रहरणधारिणी कहा. यही दुर्गा जो पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीयता के जागरण की अधिष्ठात्री देवी बन गईं.

अर्थववेद के पृथिवीसूक्त (12-1-45 ) में भूमि के बारे में कहा गया है- यह पृथ्वी अनेक भाषाओं को बोलने वाले, अनेक धर्मों के मानने वाले, विविध प्रकार के जन को धारण करती है. किंतु इन सबको एकता के अखंड सूत्र में बांधनेवाला सर्वोपरि प्रधान तत्व स्वयं मातृभूमि है. मातृरूपी यह भारतभूमि वैदिक काल से ही महज नदियां, पहाड़ों, बंजर, हरियाली खेत मात्र नहीं थे, वरन् सप्राण-सचेतन माता थीं. इस सर्वहात्री मातृभूमि के लिए वैदिक आर्य सर्वस्व त्याग करने के लिए सदैव तैयार रहते थे. वह सदैव कहते - हे माता ! हम तेरे संरक्षण के लिए सदैव जागरूक हैं और तुम पर सर्वस्व अर्पण करने के लिए तैयार हैं. यही भाव मर्यादापुरुषोतम श्रीराम के नेपाल से श्रीलंका तक की कर्मयात्रा में मुखर रहा. श्रीकृष्ण की पूर्व से पश्चिम की धर्मयात्रा में भारत को जोड़ने का कर्म ही था.

### • प्रकृति से यह है नाता

भारतीय जीवन में प्रकृति, पशु-पक्षी, रीति-रिवाज, जीवन-मृत्यु, पर्व-त्योहार और नाते रिश्तों से हमारा विविध रूप रंग-रस व गंध का सरोकार रहता है. हमारी प्रकृति और संस्कृति परस्पर पूरक हैं, परस्पर निर्भरता ही इनका जीवन सूत्र है. हम उनके साथ रिश्तों के सरोकार से विलग नहीं रह सकते, हालांकि बदलते दौर में यह ऊष्मा लगातार कम हो रही है. भारतीय जीवन में पेड़-पौधे, नदी-पहाड़, जीव-जंतू, ग्रह-नक्षत्रों को ईश्वर के रूप में स्वीकार किया गया. यह प्रकृति के साथ अपनापन का नाता है कि हम कहते हैं- धरतीमाता, गौमाता, तुलसीमाता, गंगामाता, वनदेवी, कुलदेवी. हम पीपल को पूजते हैं, सांपों को दूध पिलाते हैं, चिड़ियां को पानी पिलाते हैं और चीटियों को चीनी. यह पूज्य भाव ही हमें शोषण करने से रोकता है. इनसे जब सामाजिक जीवन में निकटता के भाव से मन नहीं भरा, तो अनंत दूर के ग्रह-नक्षत्रों को रिश्तेदार बना लिया गया. यह भारतीय जीवन का स्वभाव रहा है. विराटता के साथ सहचार्य की सीख बच्चों को मां से ही मिल जाती है. बच्चा खाना नहीं खाता, तो मां कहती है- खाना खा लो, चंदा मामा मिठ्ठाई लेकर आएंगे. कई पीढ़ियां बीत गईं, लेकिन हर पीढ़ियों के लिए चांद उसका मामा ही होता है. बरगद उसका बाबा, तुलसी उसकी माता, आकाश पिता और तारे उसके रिश्तेदार होते हैं.

बहरहाल, आज भी भारत एक राष्ट्र है, तो राजनीतिक व्यवस्था के कारण नहीं. भारतीय मानस सदैव से ही भारतवर्ष एवं इसके कण-कण को राष्ट्रीय रूप से स्वीकार किया है. आम भारतीय जब भी छुटिटयां में जाते हैं, तो वे तीर्थ स्थानों की यात्रा करना चाहते हैं. वे बाह्य प्रकृति में जाते हैं, परंतु उनके लिए प्रकृति के हर स्थान की अपनी एक पवित्रता होती है. वे अपनी सोच में धार्मिक रूप से इतने उन्मुख होते हैं कि लगभग हर पर्वत चोटी, यदि वह एक मंदिर के लिए अत्यधिक ऊंची है, किसी न किसी देवता (यानी परमात्मा के किसी न किसी गुण का प्रतिनिधित्व करता है) से जुड़ी होती है. प्रत्येक नदियां, दो नदियों का संगम, या कोई भी स्थान जहां कोई विशेष आकार हो- जैसे एक झरना या एक गुफा या कोई पेड़ जो कि विशेष आकार का हो-वह भारत में अध्यात्म का एक केंद्र बिंदु बन जाता है तथा वह उन्हें ईश्वर के अनगनित पहलुओं में से एक की याद दिलाता है. पृथ्वी माता और मां प्रकृति के माध्यम से जो कुछ भगवान हमें देता है, उस पर हम पूरी तरह से निर्भर हैं. भारत में ऐसा ही भाव है.

## नवरात्र खत्म होने से पहले अपना लें ये वास्तु उपाय




स्वामी विमलेश
वास्तु एक्सपर्ट

***नवरात्र अपनी समाप्ति की ओर है. इन दिनों वास्तु उपाय करें या तंत्र-विधान, विशेष फलीभूत होते हैं. आइए, घर में सुख-समृद्धि लाने वाले ऐसे ही वास्तु उपायों की करें चर्चा-***




- घर के मेन गेट पर मां लक्ष्मी के पैर के चिन्ह लगाना बेहद शुभ होता हैं. ध्यान रखें कि मां के पैर घर के अंदर की तरफ आते नजर आएं.




- घर या दुकान के मेन गेट के ऊपर देवी लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाएं, जिसमें मां कमल के फूल पर विराजित हों और उनके हाथों से स्वर्ण मुद्राएं गिर रही हों. ऐसा करने से घर-परिवार को कई शुभ फल मिलते हैं.



- घर या दुकान के दरवाजे पर चांदी का स्वास्तिक लगाना शुभ फलदायक माना जाता हैं. अगर चांदी का नहीं बनवा पाएं तो लाल कुमकुम से भी स्वास्तिक बना सकते हैं.



- नवरात्रि के दौरान किसी दिन घर या दुकान के मेन गेट के पास किसी बर्तन में पानी भरकर उसमें फूल डाल दें. इसे गेट की पूर्व या उत्तर दिशा में रखें. इससे घर के मुखिया को कई फायदे होंगे.



- घर के दरवाजे पर सुंदर और कई चटख रंगों से भरा तोरण बांधें. अगर तोरण आम, पीपल या अशोक के पत्तों से बनी हो तो और भी अच्छा होगा. इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं आती.




- घर या दुकान के मेन गेट पर ॐ का चिन्ह बनाएं या शुभ लाभ लिखें. ध्यान रखें ये चिन्ह दरवाजे के पूर्व या उत्तर दिशा की ओर ही बनाएं.

## रियासतों से पंडालों तक मां की जय-जय



विजय केसरी

*झारखंड सहित देशभर में जो आज दशहरा मनाने की प्रथा प्रचलित है, इसकी शुरुआत मैसूर व दक्षिण भारत से ही हुई थी. जब देश गुलाम नहीं हुआ था, तब भी देश के विभिन्न रियासतों में अश्विन मास का दशहरा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता था. तब इस दशहरा पर विभिन्न रियासतों के रजवाड़े अपने महल के आसपास दुर्गा जी की एक बड़ी प्रतिमा स्थापित कर किया करते थे जिसमें काफी संख्या में रियासत भर के आमजन शामिल हुआ करते थे. देशभर में मैसूर का दशहरा बहुत ही लोकप्रिय था. वहां के राजा अपने ही महल में दशहरा का आयोजन किया करते थे. इस आयोजन में रियासत भर से काफी संख्या में लोग जुटा करते थे. आमजन के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन भी का आयोजन होता था. विभिन्न तरह के नृत्य और वादन का भी आयोजन होता था.*

- **आदि गुरु शंकराचार्य की पहल :** भारत में ब्रिटिश हुकूमत के बाद देशीय रियासतों द्वारा दशहरा मनाने की परंपरा में कुछ कमी आई थी. तब अपने-अपने रियासतों में विभिन्न प्रमुख स्थलों पर दशहरा का आयोजन होने लगा था. बाद के दिनों में इन आयोजनों में रियासत के राजा एवं उनके प्रतिनिधि व मंत्री गण भी सम्मिलित होने लगे थे. आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा देश के चार दिशाओं में स्थापित चार धार्मिक पीठ ने समस्त देशवासियों को एक माला में पीरो दिया था. देशभर में पूर्व से स्थापित छः प्रमुख शक्ति पीठ समस्त देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का बड़ा काम किया था. आज भी इन शक्ति पीठों की कड़ियां इतनी मजबूत है कि हम सब किसी न किसी रूप से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं. देश के रियासतों के राजाओं को इन्हीं शक्ति पीठों से दुर्गा पूजा व दशहरा मनाने की प्रेरणा मिली थी.
- **पश्चिम बंगाल का असर :** जहां तक झारखंड की बात है, यहां दुर्गा पूजा मनाने की प्रथा की शुरुआत पश्चिम बंगाल की देन मानी जाती है. ऐसा कहा जाता है कि पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा मनाने की परंपरा अंग्रेजी हुकूमत से लगभग दो सौ वर्ष पुरानी है. प्रारंभ में बंगालियों के बाद स्वर्ण जाति के लोग दुर्गा पूजा मनाने में सबसे आगे आगे थे. फिर धीरे-धीरे कर झारखंड के आम लोग भी इस पूजा से जुड़ते चले गए. झारखंड की राजधानी रांची सहित हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, देवघर, गिरीडीह, गोड्डा, गढ़वा, कोडरमा आदि जिलों में इसी कालखंड में दुर्गा पूजा मनाने की प्रथा की शुरुआत हुई थी.
- **देवी मंडप :** पहले हमारे यहां देवी मंडप हुआ करता था, जो आज भी विद्यमान है. इस देवी मंडप में देवी पिंड स्थापित रहते हैं. इसकी पूजा ग्रामीण तरीके से हुआ करती है. इतने बदलाव के बाद भी यह परंपरा आज भी कायम है. देवी मंडप के प्रति भी झारखंडियों की बड़ी श्रद्धा है. अंग्रेजी शासन काल में झारखंड के विभिन्न रियासतों में भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाती थी.




राजमहल में भी दुर्गा पूजा मनाई जाती थी. रांची जिला के रातू महाराज के महल में दुर्गा पूजा बहुत ही शानदार तरीके से मनाई जाती थी. इस पूजा में आसपास के ग्रामीण हजारों की संख्या में जुटा करते थे. आज भी राजमहल से जुड़े पुराने लोग इन बातों का जिक्र करते हुए बहुत ही भावुक हो जाया करते हैं. इन राजमहलों में मिट्टी से बनी प्रतिमाएं स्थापित होती रही थी.

- **राधा-कृष्ण मंदिर की दुर्गा माता :** हजारीबाग स्थित बंगाली दुर्गा मंडप में शुरुआत में दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित हुई थी. उसके बाद बिहारी दुर्गा स्थान में दुर्गा प्रतिमा स्थापित हुई थी. फिर बाद के कालखंड में धीरे धीरे कर हजारीबाग नगर के विभिन्न मुहलों में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित होने लगी थी. हजारीबाग का सबसे पुराना राधा कृष्ण मंदिर है. इस मंदिर की स्थापना लगभग 140 वर्ष पूर्व हुई थी. यहां दुर्गा माता की छोटी प्रतिमा स्थापित है.

नौ दिनों तक चलने वाली इस पूजा का समापन दशमी के दिन होता है. देश की आजादी के बाद दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस भी बहुत ही धूमधाम के साथ संपूर्ण झारखंड में होता चला आया. दुर्गा पूजा विसर्जन के जुलूस में धीरे-धीरे कर इतनी भीड़ बढ़ती गई कि आज झारखंड के 24 जिलों में शांति स्थापना के लिए सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्तैद रहना पड़ता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मैच से बाहर हुए हार्दिक



**नई दिल्ली** । भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में लगी चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप का अगला मैच नहीं खेल सकेंगे. पुणे में गुरूवार को लगी चोट के बाद हार्दिक का स्कैन कराया गया. वह रिकवरी के लिये बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जा रहे हैं. भारत को रविवार को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से खेलना है. बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि टीम इंडिया के उपकप्तान हार्दिक पंड्या को बांग्लादेश के खिलाफ क्षेत्ररक्षण के दौरान बायें टखने में चोट लगी है. उनका स्कैन कराया गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है. बीसीसीआई की मेडिकल टीम पर उन नजर रखे हुए हैं. वह धर्मशाला नहीं जायेंगे और अब सीधे लखनऊ जायेंगे जहां टीम को इंग्लैंड से खेलना है. भारत को लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को खेलना है. न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में केएल राहुल उपकप्तान हो सकते हैं.

## मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने मलिंगा



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को श्रीलंका के पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की. इस फ्रेंचाइजी के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड की जगह लेंगे. चालीस साल के मलिंगा आगामी सत्र से पहले मार्क बाउचर की अगुवाई वाली कोचिंग दल से जुड़ेंगे जिसमें मुंबई इंडियंस टीम के उनके पूर्व साथ कीरोन पोलार्ड (बल्लेबाजी कोच) भी है. फ्रेंचाइजी का मानना था कि तीन पूर्व क्रिकेटर 'डगआउट में एक मजबूत साझेदारी बनाएंगे. मलिंगा इस फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों के गेंदबाजी कोच है जिसमें मेजर लीग क्रिकेट में एमआई न्यूयॉर्क और एसए20 में एमआई केपटाउन की टीम शामिल है. इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की कोचिंग दल का हिस्सा रहे मलिंगा ने कहा कि मैं मार्क (बाउचर), पॉली (पोलार्ड) , रोहित (शर्मा) और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं. मैं विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं जिसका दृष्टिकोण मुझे पिछले सत्र में पसंद आया था. मुंबई इंडियंस की युवा प्रतिभा में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है.

### विश्व कप : उलटफेर का शिकार हुई इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीम के बीच मुकाबला आज

# शर्मनाक हार से उबरना चाहेगी दोनों टीमें

भाषा । मुंबई

दोनों टीमों को पिछले मैच में कमजोर टीमों के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड शनिवार को विश्व कप के मैच में यहां आमने सामने होंगे तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी. विश्व कप में सर्वाधिक स्कोर (पांच विकेट पर 428 रन) का रिकॉर्ड बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में वर्षाबाधित मैच में नीदरलैंड ने हराकर उलटफेर कर दिया. यह इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की पहली हार थी. इसी तरह इंग्लैंड को दिल्ली में अफगानिस्तान ने मात दी. पचास ओवरों के विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड भले ही 4-3 का है लेकिन इस बार दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन बेहतर रहा है. दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को सौ से अधिक रनों के अंतर से हराया लेकिन डच टीम से हार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि दबाव के सामने टीम बिखर जाती है. इंग्लैंड की टीम भी हर विभाग में जूझ रही है और उसका मनोबल गिरा हुआ है. इस मैच में उसे बेन स्टोक्स की सेवायें मिल सकती है जो पहले तीन मैच कूल्हे की चोट के कारण नहीं खेल सके थे. टूर्नामेंट के पहले मैच में इंग्लैंड को न्यूजीलैंड ने हराया था. इसके बाद इंग्लैंड ने बांग्लादेश को मात दी लेकिन अफगानिस्तान से मिली हार ने उसका मनोबल गिरा दिया. तीन मैचों में 43, 20 और 9 के स्कोर के साथ जोस बटलर का मनोबल गिरा हुआ है. वहीं लियाम लिविंगस्टोन ने भी तीन मैचों में 20, 0 और 10 रन बनाये हैं. जो रूट ने दो अर्धशतक और डेविड मलान ने शतक बनाया है लेकिन बल्लेबाजों को एक ईकाई के रूप में खेलना होगा. रीसे टॉपली (पांच विकेट) , मार्क वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (चार विकेट) भी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. पिछली बार इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक 20 विकेट लेने वाले जोफ्रा आर्चर मुंबई पहुंच गए हैं लेकिन वह रिजर्व गेंदबाज होंगे और अभी वापसी का कोई इरादा नहीं है.



मैच दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा



- बड़े उलटफेर में अफगानिस्तान से हारा था इंग्लैंड
- नीदरलैंड के खिलाफ द. अफ्रीका में मिली थी शिक्सत

### अफगानिस्तान से मिली हार से आगे बढ़ चुका है इंग्लैंडः बटलर

**मुंबई।** मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अफगानिस्तान के हाथों मिली हार की निराशा को पीछे छोड़ दिया है और कप्तान जोस बटलर ने शुक्रवार को कहा कि टीम के अंदर आगामी मैचों को लेकर अच्छी बातचीत हुई है. मौजूदा विश्व कप में खेल रही टीमों में इंग्लैंड का बल्लेबाजी क्रम सबसे मजबूत है. अफगानिस्तान के खिलाफ हालांकि टीम जीत के लिए 285 रन का पीछा करते हुए महज 215 रन पर सिमट गयी थी. बटलर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले यहां कहा कि हार को पचाने के लिए आगे के मैचों पर ध्यान देने के लिए हमें कुछ दिन मिले. हमारे बीच कुछ अच्छी बातचीत हुई और कल रात अभ्यास के दौरान खिलाड़ी जोश में थे और जीत की भूख अधिक थी.

### टीमें

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), जो रूट, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम कुरेन, डेविड विली, आदिल रशीद, मार्क वुड, रीसे टॉपली, गुस एटकिंसन.

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स.

## 'जाइंट किलर' नीदरलैंड को हराना चाहेगा श्रीलंका



मैच सुबह 10:30 बजे से खेला जाएगा

भाषा । लखनऊ

खिताब की प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका को हरा चुकी नीदरलैंड टीम खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को विश्व कप के मैच में इसी लय को कायम रखना चाहेगी. धर्मशाला में पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराने वाली नीदरलैंड टीम यह साबित करने की कोशिश में होगी कि उसकी वह जीत कोई तुक्का नहीं थी. नीदरलैंड को हालांकि शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ डाउड और कोलिन एकेरमैन टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके जिससे मध्यक्रम पर दबाव बना. दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम का आत्मविश्वास बढा है और इस लय को वह श्रीलंका के खिलाफ भी कायम रखना चाहेगी. स्टार हरफनमौला बास डि लीडे गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी में भी बेहतर करना होगा. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत ने डच टीम के लिये टॉनिक का काम किया है और अब उसकी नजरें 12 साल में पहली बार विश्व कप खेलते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने पर लगी है. दूसरी ओर श्रीलंका के लिये गेंदबाजी चिंता का सबब है. अभी तक टीम एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है. बल्लेबाजी में उन्होंने दो मैचों में 300 से अधिक का स्कोर बनाया. श्रीलंकाई आक्रमण का दारोमदार एक बार फिर दिलशान मदुशंका पर होगा जो अभी तक सात विकेट ले चुके हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर खेले गए मैच में उनकी गेंद को स्विंग मिला था और अब डच टीम के खिलाफ वह इसी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे. लखनऊ में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम फायदे में रही .

## वॉर्नर और मार्श ने पाक गेंदबाजों को धोया

भाषा । बेंगलुरु

आस्ट्रेलिया के ससलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने और मिचेल मार्श की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 367 रनों का लक्ष्य दिया. वॉर्नर ने टीम के लिए शानदार 163 रन बनाए वहीं मार्श ने आक्रामक 121 रनों की पारी खेली. दोनों खिलाडियों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को जमकर धोया. हालांकि शाहीन अफरीदी ने टीम को वापसी करायी और पाकिस्तान के पांच विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की 400 रनों तक नहीं पहुंच पायी. वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तन की शुरुआत शानदार रहीं. खबर लिखे जाने तक पाकिस्तान ने 42.3 ओवरों में सात विकेट के नुक्सान पर 281 रन बनाए थे.



### ऑस्ट्रेलिया ने लगायी रिकॉर्ड की झड़ी

- यह चौथी बार है जब विश्व कप में दोनों सलामी बल्लेबाजों ने शतक जमाये हों और आस्ट्रेलिया के लिये यह पहली बार है.
- वॉर्नर और मार्श के बीच 259 रन की साझेदारी टूर्नामेंट के इतिहास में पहले विकेट के लिये दूसरी सबसे बड़ी और आस्ट्रेलिया के लिये पहली सबसे बड़ी साझेदारी है
- वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथा शतक जड़ा
- वॉर्नर का विश्व कप में यह पांचवां शतक है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के ही रिकी पोंटिंग की बराबरी की.
- मार्श अपने जन्मदिन पर वनडे शतक जमाने वाले छठे खिलाड़ी बन गए और ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी बने. विश्व कप में ऐसा करने वाले वह रोस टेलर के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं .
- विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा पांच दोहरी शतकीय साझेदारी के भारत के रिकॉर्ड की ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी कर ली

## बैडमिंटन : डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची सिंधू

ओडेन्से (डेनमार्क)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने दुनिया की 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सुपानिदा कटेथोंग पर आसान जीत के साथ शुक्रवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19 21-12 से अपने नाम कर दो सप्ताह में दूसरी बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी. पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को फाइनल में पहुंचने के लिए तीन बार की विश्व चैंपियन कैरोलिना मारीन या तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की ताई त्जू यिंग की चुनौती का सामना करना होगा. सिंधू और कटेथोंग के बीच यह छठा मुकाबला था। इस मैच से पहले सिंधू 3-2 की जीत-हार के रिकॉर्ड से बेहतर स्थिति में थी लेकिन थाईलैंड की खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को इंडिया ओपन 2022 और 2023 में मात दी थी. सिंधू ने शुक्रवार को तकनीकी रूप से बेहतर खिलाड़ी को हराकर पिछली असफलताओं को पीछे छोड़ा. काटेथोंग ने सिंधू को कोर्ट में थकाने पर जोर दिया. सिंधू हालांकि इसके लिए तैयार थीं और उन्होंने तेज गति वाली रैलियों को जारी रखा. सिंधू ने कुछ क्रॉस कोर्ट फोरहैंड लगाये और अंक बटोरने में सफल रही.

## सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग में झारखंड के हर्ष ने जीता गोल्ड

संवाददाता । रांची

आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल में 19 से 21 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता में झारखंड के हर्ष ने गोल्ड मेडल जीता. प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के हर्ष राज खलखो रांची के 8 आयुवर्ग में 300 मी. में स्वर्ण पदक एवं प्रिशा ओझा



ब्रांज मेडल पर कब्जा किया. रोलर स्केटिंग संघ के सचिव सुमित शर्मा एवं धनबाद जिला अध्यक्ष डॉ. राजार्षी भूषण एवं सचिव रजनीश कुमार पटना जाकर खिलाडियों को बधाई दी.

## नेशनल एथलेटिक्स में झारखंड की बसंती जीता रजत

सुकेश कुमार । चाईबासा

पश्चिम सिंहभूम जिला की एथलीट बसंती कुमारी ने चंडीगढ़ मे आयोजित अंडर- 23 नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10000 मीटर के स्पर्धा में रजत पदक जीता. बसंती हाल में ही वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जिसका आयोजन चीन में हुआ था. जिला ओलंपिक संघ के सचिव सह कोच अजय कुमार नायक ने



बताया कि पिछले दिनों बसंती कुमारी को एस आर रूंगटा ग्रुप के हेड एवं संघ के संरक्षक मुकुंद रूंगटा जी के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया. उस सहयोग से बसंती अपना डायट एवं किट का कमी पूरा कर रही है. सविवार को 5000 मीटर की दौड़ है, पिछले वर्ष वसंती ने 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था.

बसंती के उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक मंत्री जोबा माझी, जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक विधायक दीपक विरुवा, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, संरक्षक मुकुंद रूंगटा, अध्यक्ष नितिन प्रकाश उपाध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल नीरज संदवार, केशव चंद्र मिश्र, गौरीशंकर महतो, सचिव अजय कुमार नायक, कोषाध्यक्ष दीपक पासवान, संयुक्त सचिव कश्मीर, अर्जुन विजय, सह सचिव संजीव, ओंकार, नरेंद्र, पूनम, पवन, लखींद्र समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी.

### रांची जोरों-शोरों से हो रही है विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी

# टीम बस व आयोजकों की गाड़ियों पर लगाए गए स्टिकर

शुभम किशोर । रांची

भारत में पहली बार विमेंस एशियम चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा हैं. इसके लिए जोरों-शोरों से तैयारी की जा रही है. झारखंड सरकार इस टूर्नामेंट की मुख्य स्पॉन्सर है. इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार, जिला प्रशासन और आयोजकों द्वारा तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है. सीएम हेमंत सोरेन भी लगातार बैठक कर इसकी मोनिटरिंग कर रहे हैं. रांची के चौक चौराहे पोस्टर से पट चुके हैं. इसके साथ ही प्रतियोगिता के



प्रचार के लिए टीम बस और आयोजकों की गाड़ी में स्टिकरिंग की गई है. वहीं हॉकी स्टेडियम भी जोहार एशिया के पोस्टर से पट चुका है. बता दें कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी. सविता कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि दीप ग्रेस एक्का उनकी सहायक होंगी. भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा.

### कहां रुकेंगी टीमें



टीमों के आने का सिलसिला 22 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा. भारतीय टीम और जापान की टीम 22 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी. कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चाइना और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी. भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम, जापान, थाइलैंड की टीम बीएनआर चाणक्या और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी.

### भारत जीत का दावेदार - भोलानाथ सिंह

हॉकी इंडिया के महासचिव तथा हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने खास बातचीत में बताया की उन्हें पूरी उम्मीद है की भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनेगी. वर्तमान की भारतीय टीम काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में चाइना के खिलाफ गोल से चुक गयी थी भारतीय टीम, नहीं तो वहां भी हम गोल्ड जीतते.

### जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों जगशेर सिंह खांगुरा, बोरनिल आकाश चांगमइ और तन्वी शर्मा ने चीन के चेंगडू में चल रही बैडमिंटन अंडर -17 और अंडर -15 जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. लड़कों के अंडर- 15 वर्ग में जगशेर ने चीन के एमए चू शुआन को 21-14, 21-13 से हराया जबकि बोरनिल ने कोरिया के पार्क जुंग बिन को 21-19, 22-20 से मात दी. तन्वी शर्मा ने चीनी ताइपै की लियाओ जुइ चि को 20-22, 21-15, 21-15 से हराया. लड़कियों के अंडर 17 युगल वर्ग में तन्वी और रेशिका को चीन की फू शिन यि और किन शि यांग ने 21 -10, 22 -20 से मात दी. जगशेर और बोरनिल लड़कों के अंडर -15 सेमीफाइनल में आमने सामने होंगे जबकि तनवी का सामना लड़कियों के अंडर 17 सेमीफाइनल में थाईलैंड की अन्यापत पी से होगा.

## फील्ड अपडेट

### नावाडीह ने बिचारिया को 31 रनों से हराया



**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड के ग्राम बिचरिया रॉयल क्लब के द्वारा नॉक आउट क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. उद्घाटन मैच नावाडीह और बिचारिया के बीच खेला गया, जिसमें नावाडीह ने 31 रन से जीत हासिल की. मैच का उद्घाटन जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने फीता काटकर किया. इस मौके पर गोपाल यादव ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से नवयुवकों का उत्साह बढ़ता है और वह मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रहते हैं. ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. बस उन्हें निखारने की जरूरत है. साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नौकरी देने का भी काम कर रहे हैं. वहीं उपस्थित प्रमुख विजय सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेलों को बढ़ावा मिलता है.

### एमपीएलः फुलवरिया ने गोहाल को हराया



**कोडरमा/जयनगर।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत नईटांड़ ग्राम मेसौंधा में जय हिन्द किसान क्लब के तत्वावधान में एमपीएल नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. उद्घाटन मैच फुलवरिया और गोहाल के बीच खेला गया, जिसमें फुलवरिया की टीम जीत हासिल की . प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी शामिल हुई. वहीं मैच का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस दौरान मौके जिप सदस्य केदारनाथ यादव, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया राजकुमार यादव, देवनारायण यादव, गणपत यादव, बलदेव यादव, सुरेंद्र भाई मोदी, अरमान खान आदि मौजूद थे.

### झारखंड की टेनिस वॉलीबॉल टीम पुणे रवाना



**रांची / आदित्यपुर।** 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर अंडर -16 एवं जूनियर - अंडर 18 आयु वर्ग की बालक और बालिका राष्ट्रीय टेनिस वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन टेनिस वालीबॉल संघ एवं टेनिस वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में पुणे के शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बेलेवाड़ी हो रहा है. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम गुरुवार को पुणे के लिए रवाना हुई. यह जानकारी टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव ब्रजेश प्रसाद ने दी. **सब जूनियर बालक वर्ग** - अंशु प्रसाद( कप्तान), रीहन कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, सनी राज, आदित्य कुमार सिंह, शिव शम्भू उपाध्याय, मिक्स्ड डबल्स में प्रिंस कुमार, कोच सृजल कुमार सिंह **जूनियर बालक वर्ग** - रौनक कुमार ( कप्तान), अभिजीत विश्वास, आशीष राज, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार, शिवम मिश्रा, मिक्स्ड डबल्स में आयुष कुमार, कोच श्वेत सिंह.

# दुर्गा पूजा की धूम...



भोपाल में दीये की आरती



प्रयागराज में नवरात्रि महोत्सव



नादिया के पंडाल की प्रतिमा



ठाणे के दुर्गा पूजा पंडाल में गरबा करतीं महिलाएं.



कोलकाता के पंडाल में पूजा करते केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

## ब्रीफ खबरें

### वाशिंगटन में फायरिंग चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** मध्य वाशिंगटन में 19 वर्षीय एक हमलावर ने को चार लोगों को गोली मार दी, जिनमें से तीन की मौत हो गई इसके बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली. टॉपेनिश पुलिस प्रमुख जॉन क्लेरी ने एक बयान में बताया कि एक व्यक्ति ने तड़के पांच बजे यहां एक मकान में 13 वर्षीय एक किशोर और 18 एवं 21 वर्षीय दो युवतियों की गोली मारकर हत्या कर दी. हमलावर ने 21 वर्षीय एक अन्य युवक को भी गोली मारी. युवक अस्पताल में भर्ती है.

### मोइत्रा मामला : वकील ने अपना नाम वापस लिया

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की नेता एवं सांसद महुआ मोइत्रा के वकील ने उच्च न्यायालय में दायर उस याचिका से जुड़े मामले में शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया, जिसमें भाजपा के नेता एवं सांसद निशिकांत दुबे, एक वकील, कई सोशल मीडिया मंचों और मीडिया संस्थानों को मोइत्रा के खिलाफ कोई भी अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने, प्रसारित करने या प्रकाशित करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है. वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने इस मामले से खुद को उस समय अलग कर लिया.

### तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने यात्रा रद्द की

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की नवंबर-दिसंबर में होने वाली सिक्किम और कर्नाटक की यात्रा उनके स्वास्थ्य के मद्देनजर चिकित्सकों की सलाह पर रद्द कर दी गई हैं. उनके यहां स्थित कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में दलाई लामा को ''फ्लू'' हो गया था. चिकित्सकों के अनुसार, ये यात्राएं दलाई लामा के पूरी तरह से स्वस्थ होने में बाधा डाल सकती हैं. दलाई लामा को हाल में हुई फ्लू की बीमारी के मद्देनजर कित्सकों ने सख्त सलाह दी है कि उनके लिए यात्रा ठीक नहीं होगी.

### ऋषि सुनक वार्ता के लिए मिस्र जाएंगे

**लंदन।** इजराइल-गाजा संघर्ष के पश्चिम एशिया के दूसरे हिस्सों में प्रसार को रोकने के उद्देश्य से वार्ता के लिये ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शुक्रवार को मिस्र की यात्रा करेंगे. सऊदी अरब में गुरुवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ सार्थक चर्चा के बाद मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के साथ उनकी बातचीत होगी. बैठक के बाद सुनक ने ट्वीट किया था, युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ मेरी एक महत्वपूर्ण और सार्थक बैठक हुई.

### चार पाक सैनिक, 8 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान की अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा से सटे अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार पाकिस्तानी सैनिक और आठ आतंकवादी मारे गए. पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान जनजातीय जिले के गेरियम इलाके में जब सेना ने एक आतंकवादी परिसर पर छापा मारा तो मुठभेड़ में छह आतंकवादी और चार सैनिक मारे गए.

## पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ गलियारे की पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

# दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस सेवा शुरू



संवाददाता। साहिबाबाद

**किया शुभारंभ**

- ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है
- समारोह में योगी आदित्यनाथ व हरदीप पुरी भी शामिल रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड का शुक्रवार को उद्घाटन किया और इस खंड पर चलने वली नमो भारत ट्रेन में यात्रा की. मोदी ने साहिबाबाद और दुहाई डिपो स्टेशन को जोड़ने वाली इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और इसी के साथ भारत में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की शुरुआत हो गयी. यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है. प्रधानमंत्री को यात्रियों और ट्रेन के चालक दल के सदस्यों से बात करते भी देखा गया. उद्घाटन समारोह दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के साहिबाबाद स्टेशन पर हुआ. इस गलियारे का काम पूरा हो जाने के बाद दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा का समय एक घंटे से भी कम हो जाएगा. इस समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद थे.

**रेल सेवा 21 अक्टूबर से यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी :** भारत की पहली सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा 21 अक्टूबर से यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई जायेगी. इस ट्रेन में कई उच्च-प्रौद्योगिकी सेवाएं और यात्री सुविधाएं हैं. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अधिकारियों ने पहले बताया था कि सेवाएं सुबह छह बजे शुरू होंगी और रात 11 बजे तक उपलब्ध रहेंगी. साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच प्राथमिकता वाले खंड में पांच स्टेशन हैं – साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) 'सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा के लिए आरआरटीएस गलियारे का निर्माण कर रहा है.

एनसीआरटीसी केंद्र सरकार और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम है. एनसीआरटीसी को दिल्ली और मेरठ के बीच भारत के पहले आरआरटीएस के निर्माण की देखरेख का काम सौंपा गया है. पूरे 82.15 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस को जून 2025 तक चालू करने का लक्ष्य है.

### प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु मेट्रो के दो हिस्सों का किया उद्घाटन

भाषा। बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बेंगलुरु मेट्रो पर्पल लाइन के बैयप्पनहल्ली से कृष्णराजपुरा और केंगेरी से चल्लाघट्टा तक मेट्रो रेल सेवाओं से संपर्कता में सुधार होगा और लाखों यात्रियों को फायदा होगा.

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के दो हिस्सों का लोकार्पण करने के बाद यह बात कही. प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद में देश के पहले 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड का उद्घाटन भी किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु मेट्रो रेल की दो लाइनें कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी. अनुमान है कि हर दिन आठ लाख लोग यात्रा करेंगे. मैं मेट्रो रेल लाइन के शुभारंभ पर कर्नाटक के लोगों को बधाई देता हूं. बेंगलुरु मेट्रो पर्पल लाइन पर बैयप्पनहल्ली से कृष्णराजपुरा और केंगेरी से चल्लाघट्टा मार्ग को औपचारिक उद्घाटन की प्रतीक्षा किए बिना, नौ अक्टूबर से सार्वजनिक सेवा के लिए खोल दिया गया था. इस मिलाकर, 66 स्टेशनों के साथ 'नम्मा मेट्रो' की कुल परिचालन लंबाई बढ़कर 74 किमी हो गई है और दैनिक सवारियों की संख्या 7.5 लाख से अधिक हो गई है.



**देश का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क**

नम्मा मेट्रो का उद्घाटन 12 साल पहले हुआ था और यह देश का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है. व्हाइटफील्ड (कडुगोडी) से चल्लाघट्टा तक पर्पल लाइन के बीच पूर्व–पश्चिम गलियारा अब कुल 43.49 किमी की लंबाई में फैला है जिसमें 37 स्टेशन शामिल हैं. इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी) में 2031 तक 317 किलोमीटर लंबे मेट्रो रेल नेटवर्क को मंजूरी दे दी है, जिसमें से 217 किलोमीटर लंबा मार्ग संचालन, निर्माण या योजना चरण में है. उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु एक तेजी से बढ़ता हुआ शहर है और यातायात यहां एक बड़ी समस्या है.

## आओ जानें

### सर्वाधिक सक्रिय एयरलाइंस (दैनिक उड़ानें)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अमेरिकन एयरलाइन : | 5,483 |
| 2. | डेल्टा एयर लाइन्स : | 4,629 |
| 3. | यूनाइटेड एयरलाइंस : | 4,213 |
| 4. | साउथवेस्ट एयरलाइंस : | 4,080 |
| 5. | रयानएयर : | 3,098 |
| 6. | चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस : | 2,144 |
| 7. | चाइना साउदर्न एयरलाइंस : | 2,052 |
| 8. | इंडिगो : | 1,853 |
| 9. | टर्किश एयरलाइंस : | 1,819 |
| 10. | बीजिंग एयरलाइंस : | 1,586 |



## तूफान में बदल सकती है अरब सागर की निम्न दबाव प्रणाली

भाषा। नयी दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम अरब सागर के ऊपर दबाव का एक क्षेत्र में विकसित हो गया है, जिसके 21 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है. इस साल अरब सागर में यह दूसरा चक्रवाती तूफान होगा. हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण के लिए अपनाए गए फॉर्मूले के अनुसार इसे 'तेज' कहा जाएगा. आईएमडी के अनुसार चक्रवाती तूफान के रविवार को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने तथा ओमान के दक्षिणी तटों एवं पास के यमन की ओर बढ़ने का पूर्वानुमान है. हालांकि, मौसम विज्ञानियों ने चेताया है कि कभी-कभी तूफान पूर्वानुमानित पथ से भटक सकते हैं, जैसा कि चक्रवात 'बिपरजॉय' के मामले में देखा गया था. 'बिपरजॉय' जून में अरब सागर में बना था.

### दशहरे में बारिश के आसार

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में शुक्रवार को निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से ओडिशा के तटीय जिलों में दशहरा के मौके पर वर्षा होने की संभावना है, क्योंकि आईएमडी ने 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है. आईएमडी के क्षेत्रीय केंद्र ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है. 23 अक्टूबर के आसपास इस तंत्र के और मजबूत होने की संभावना है.

## विपक्ष के बारे में सब कुछ जानते हैं फडणवीस

# 'ड्रग माफिया को बचाया जा रहा'

भाषा। नासिक



**लगाए आरोप**

- मादक पदार्थ माफियाओं के दोस्त विधानसभा में बैठे हैं
- राज्य में मादक पदार्थ के विरोध में करेंगे मार्च

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने मुंबई पुलिस द्वारा 300 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग 'मेफेड्रोन' जब्त किए जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर राज्य में मादक पदार्थ माफिया को बचाने का आरोप लगाया. महाराष्ट्र में मादक पदार्थ के बढ़ते खतरे के विरोध में नासिक में एक मार्च में शामिल होने से पहले राउत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि फडणवीस विपक्ष के बारे में सब कुछ जानते हैं. वह मादक पदार्थ माफिया के बारे में कैसे नहीं जानते? वह माफिया और उन लोगों को बचा रहे हैं जो हफ्ता ले रहे हैं. राउत ने 300 करोड़ रुपये मूल्य की मेफोड्रोन जब्त किए जाने के मामले के मुख्य आरोपी ललित पाटिल को महज एक मोहरा बताते हुए कहा कि वास्तव में मादक पदार्थ माफियाओं के दोस्त विधानसभा में बैठे हैं. यह महाराष्ट्र की दुर्दशा है कि हमारे पास ऐसा गृह मंत्री (फडणवीस) है. ललित पाटिल की गिरफ्तारी के बाद राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं. बुधवार को पाटिल की गिरफ्तारी की खबर आने के कुछ घंटों बाद, फडणवीस ने कहा था कि जल्द ही एक बड़ा खुलासा होगा. राउत ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक और मंत्री हफ्ता लेते हैं. उन्होंने कहा कि एक विधायक ड्रग माफियाओं से 16 लाख रुपये हफ्ता लेता है और ऐसे छह विधायक हैं.

## गाजा पट्टी में हमले जारी, जमीनी हमले का आदेश भी जल्द

# अमेरिका ने कई मिसाइलों को मार गिराया

संवाददाता। खान यूनिस

इजराइल के रक्षामंत्री द्वारा सैनिकों को गाजा को भीतर से देखने यानी व्यापक स्तर पर जमीनी हमले के लिए तैयार होने के आदेश दिये जाने बीच गुरुवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले जारी रहे. इजराइली वायु सेना ने गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग पर हमले किये, जहां फिलिस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा गया था. हालांकि यह जानकारी सामने नहीं आयी है कि जमीनी स्तर हमला कब शुरू होगा.

खबर है कि गाजा में अधिकारी मिस्र से आ रही आवश्यक मानवीय सहायता का प्रबंधन कर रहे हैं. गाजा के अस्पताल में घट रही चिकित्सा आपूर्ति और जनरेटरों के लिए ईंधन के इंतजाम की कोशिश कर रहे हैं. बात यहां तक पहुंच गयी है कि चिकित्सक अंधकार में डूबे वार्डों में मोबाइल की रोशनी में सर्जरी करने को विवश हैं. एनेस्थीसिया से लेकर अन्य आवश्यक दवाओं के अभाव में संक्रमित घावों के इलाज के लिए सिरके (विनेगर) का इस्तेमाल हो रहा है.



**गाजा पट्टी में निर्दोष फिलिस्तीनियों को दुनिया नजरअंदाज नहीं कर सकती :** राष्ट्रपति जो बाइडन ने युद्ध के बीच इजराइल की सुरक्षा के लिए अटूट समर्थन का वादा करते हुए कहा कि घिरे हुए गाजा पट्टी में निर्दोष फिलिस्तीनियों को दुनिया नजरअंदाज नहीं कर सकती. बता दें कि इजराइल की यात्रा से वाशिंगटन लौटने के कुछ घंटों बाद बाइडन ने गुरुवार रात ओवल कार्यालय से एक संदेश प्रसारित किया. अपने संबोधन में आम फिलिस्तीनी नागरिकों और गाजा को नियंत्रित करने वाले आतंकवादी समूह हमास के बीच अंतर बताया. उन्होंने गाजा में मौजूदा युद्ध को यूक्रेन पर रूसी हमले से तुलना करते हुए कहा कि हमास और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं. इराक और सीरिया में अमेरिकी शिविरों पर ड्रोन हमले किये जा रहे हैं.

## विजयभेरी यात्रा — हल्दी किसानों को प्रति क्विंटल 15 हजार तक समर्थन मूल्य देने का आश्वासन दिया

# तेलंगाना चुनाव : राहुल गांधी ने किए लुभावने वादे

भाषा। जगतियाल (तेलंगाना)



**खास बातें**

- तेलंगाना में आगामी 30 नवंबर को चुनाव होंगे
- राहुल गांधी ने किया रोड शो राज्य सरकार को घेरा

तेलंगाना के जगतियाल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि हल्दी किसानों को प्रति क्विंटल 12,000 रुपये से 15,000 रुपये तक के हिसाब से समर्थन मूल्य मिले. यहां पार्टी की 'विजयभेरी' यात्रा के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार सत्ता में आती है तो यह भी सुनिश्चित करेगी कि किसानों को उनकी हर फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 500 रुपये अधिक मिले. उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां चीनी मिल को दोबारा शुरू करेगी. गांधी ने दोहराया कि अगर सत्ता में आए तो कांग्रेस तेलंगाना सहित भारत में जातिगत जनगणना कराएगी. कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) शासन द्वारा करायी गयी जाति जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं. राहुल ने कहा, दिल्ली (केंद्र में) सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पिछले आंकड़े जारी करेगी और नई जाति जनगणना भी कराएगी. उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में आने पर पार्टी तेलंगाना में भी जाति जनगणना कराएगी. वायनाड सांसद ने बीआरएस, भाजपा, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर निशाना साधते हुए कहा वे मिलीभगत से काम करते हैं और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाला संगठन संसद में भाजपा का समर्थन करता है. राहुल ने कहा कि तेलंगाना के साथ उनका रिश्ता पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के समय से रहा है। उन्होंने दोहराया कि राज्य में आगामी चुनाव दोराला (सामंती सरदारों के) तेलंगाना और प्रजाला (आम जनता के) तेलंगाना के बीच है. इस बीच, गांधी यहां एक रोड शो के दौरान सड़क किनारे एक ढाबे में रुके और डोसा बनाने में हाथ आजमाया. कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने बच्चों को कुछ चॉकलेट भी दीं.

# चांद में मानव भेजने की कवायद शुरू, इसरो की परीक्षण उड़ान आज

- रॉकेट (टीवी–डी1) के सफल प्रक्षेपण का होगा प्रयास

एजेंसी। श्रीहरिकोटा

इसरो अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की यात्रा शनिवार को शुरू होगी. इसरो एकल-चरण तरल रॉकेट के प्रक्षेपण के जरिये पहला क्रू मॉड्यूल परीक्षण करेगा. यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया जाएगा. इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है. इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास करेगी,

### योजना के 2025 में अमल में आने की उम्मीद

इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है. इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा,

## बदल रही है बूढ़ा पहाड़ की तस्वीर, पढ़ रहे हैं बच्चे, हो रहा है विकास

# 'लाल आतंक' का साया खत्म

**संजीत यादव । पलामू**

बूढ़ा पहाड़ में आईईडी ब्लास्ट और गोलियां की तड़तड़ाहट से लोग सुबह की किरणें और शाम की लाली देखना भूल गए थे. गोलियों की तड़तड़ाहट और आईडी ब्लास्ट की आवाजें सुनकर लोग घर में ही डर से छुपे रहते थे. बच्चे पढ़ने के बजाय गोलियां की तड़तड़ाहट की गिनती गिना करते थे, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं. सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के कारण बूढ़ा पहाड़ से नक्सली भाग खड़े हुए. बूढ़ा पहाड़ के विभिन्न गांवों में लोग अब सुबह की किरणें और शाम की लाली दोनों देखना शुरू कर दिया है. बच्चें भी गोलियों की तड़तड़ाहट की गिनती छोड़ पढ़ाई कर रहे हैं.

**सीआरपीएफ ग्रामीणों को दे रहे हौसला :** सीआरपीएफ की 172वीं बटालियन बच्चों को पढ़ा रही है. सीआरपीएफ की ओर से बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा के साथ खेलकूद और भोजन की भी व्यवस्था की गई है. बच्चों को बेसिक शिक्षा देने का काम सीआरपीफ के जवान कर रहे हैं. जो सुविधाएं एक प्राइवेट स्कूल में होती हैं वैसी ही सुविधाओं यहां भी उपलब्ध है, जिसके चलते बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी रुचि ले रहे है. सीआरपीफ के इस कार्य की सराहना बच्चों के माता-पिता भी खूब कर रहे हैं. माओवादी बच्चों का इस्तेमाल करते थे, लेकिन समय ऐसा बदला कि यहीं बच्चें आज पाठशाला में पढ़ाई कर रहे हैं, जो कभी बंदूक उठाते थे.

**60 किमी के दायरे में फैला है बूढ़ा पहाड़ इलाका :** नक्सलियों के गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ झारखंड के गढ़वा, लातेहार और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ सीमा में करीब 60 किमी तक फैला हुआ है. 90 के दशक के बाद से कुछ समय पहले तक यह नक्सलियों का सबसे सेफ जोन माना जाता था. लंबी लड़ाई के बाद सुरक्षाबलों और झारखंड पुलिस ने इसे नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया. इसके बाद झारखंड सरकार की ओर से लगभग 100 करोड़ की लागत से बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना के तहत कई योजनाएं शुरू की गई.

**आने वाले दिनों में होंगे काफी बदलाव : एसपी :** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि आने वाले दिनों में काफी बदलाव होने वाला है. लोगों की परेशानी को दूर किया जा रहा है. दरसअल बूढ़ा पहाड़ और उसके आस पास एक दर्जन के करीब सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित किए गए हैं. यहां कभी माओवादियों के ट्रेनिंग कैंप हुआ करते थे. अगस्त सितंबर 2022 से इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान शुरू की गयी थी. सुरक्षाबलों के अभियान के बाद माओवादियों को इलाके को छोड़ कर भागना पड़ा. अब बूढा पहाड़ पर सुरक्षाबलो का कब्जा है. पहाड़ में बदलाव होने लगी है.





### चल रही हैं कई विकास योजनाएं

बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना के तहत ग्रामीणों को मिनी ट्रैक्टर, पंपसेट, बीज, कृषि उपकरण और राशन किट उपलब्ध कराये जा रहे हैं. इसके अलावा तालाबों का जीर्णोद्वार, तालाब निर्माण, गाय और बकरी पालन समेत 100 से अधिक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा हैं. बूढ़ा पहाड़ इलाके में बसे विभिन्न गांवों में अब बाजार सजने लगे हैं. सुरक्षाबलों की मौजूदगी के कारण माओवादियों का खौफ खत्म होने लगा है. सुरक्षाकर्मी भी बुनियादी जरूरतों के सामान की खरीदारी गांव की छोटी-छोटी दुकानों से करने लगे हैं. सामानों की बिक्री बढ़ने से गांव के लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगी है. जबकि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने के कारण खेती-किसान और पशुपालन की मदद से भी ग्रामीण आत्मनिर्भर बन रहे हैं.

### मूलभूत सुविधाओं पर दिया जा रहा ध्यान

बूढ़ा पहाड़ के गांवों तक पहुंचने के लिए कई पुलिया का निर्माण किया जा रहा है. कच्ची सड़कों की भी मरम्मत की गई है. अब ग्रामीण आसानी से साइकिल अथवा मोटरसाइकिल से आवागमन करने लगे है. जबकि सड़क पहले से बेहतर होने के कारण ग्रामीण दुकानदार जरूरत के सामान भाड़े के वाहन से गांव तक ले जाने लगे हैं. लोग को सुरक्षा देने के लिए राज्य पुलिस और सीआरपीएफ ने जगह-जगह पर कैंप स्थापित किया है. इस कैंप में कई जवान तैनात हैं.

### आईजी राजकुमार लकड़ा ने बढ़ाया हौसला

ग्रामीणों की समस्या और नक्सल अभियान में तैनात जवानों की हौसला बढ़ाने के लिए पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने गुरुवार को बूढ़ापहाड़ और इलाके में ज्वाइंट टास्क फोर्स का जायजा लिया. इस दौरान गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय, अभियान एसपी विवेकानंद और सीआरपीएफ 172 बटालियन के अमरेंद्र भी मौजूद थे. सबसे पहले आईजी बूढा पहाड़ गए, वहां उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की. कैंप में पढ़ रहे हैं बच्चे को मिठाई और चॉकलेट बांटे. सभी बच्चों से नाम पूछे और बच्चों को पढ़ाया. सभी बच्चों के साथ बैठकर फोटो भी खिंचवाया. इस दौरान उन्होंने इलाके में नया थाना खोलने की बात कही. बूढ़ापहाड़ से सटे बड़गड़ के इलाके में यह थाना खोले जाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा.

### बदल रहा है माहौल, पढ़ रहे हैं बच्चे : आईजी

आईजी राजकुमार लकड़ा ने दावा किया कि बूढ़ापहाड़ के इलाके की माहौल बदल रहा है. यहां अब बच्चे भी पढ़ाई कर रहे हैं. इस इलाके के लिए कई प्रोजेक्ट की घोषणा की गई है और ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है. इसके बाद आईजी छत्तीसगढ़ के पुंदाग स्थित सीआरपीएफ कैंप गए. पुंदाग में झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीआरपीएफ कंपनी तैनात है. बूढ़ा पहाड़ के पुंदाग पिकेट से छत्तीसगढ़ और झारखंड के इलाके में अभियान चलाया जाता है.

## आओ जानें

### 21 अक्टूबर का इतिहास

1296 अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली
1577 गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की.
1727 रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये.
1918 मार्गेट ओवन ने 1 मिनट में 170 वीपीएम की टाइपिंग स्पीड के साथ विश्व रिकार्ड स्थापित किया.
1934 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना सिंगापुर में की.
1948 संयुक्त राष्ट्र ने आण्विक हथियार नष्ट करने के रूस के प्रस्ताव को ठुकराया.
1951 भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई.
1959 चीन और भारत की सेनाओं में भिडंत.
1970 नारमन इ बारलॉग को नोबेल का शांति पुरस्कार दिया गया.
1990 दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी व अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ की.

## सीबीएसई क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# विद्या भारती चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर की टीम बनी चैंपियन



**संवाददाता । हजारीबाग**

सीबीएसई क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट का ताज विद्या भारती चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर ने पहना. इस टीम ने शुक्रवार को फाइनल मैच में जमशेदपुर के ही बीएसएस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सोनारी को 3-2 गोल से पराजित किया. वहीं मेजबान टीम संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग तीसरे स्थान पर सेकेंड रनर अप रहा. तीनों टीमों को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के एसपी मनोज रतन चोथे और संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर रोशनर खलखो एसजे ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब बीएसएस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सोनारी जमशेदपुर के खिलाड़ी को मिला. इससे पहले सेमीफाइनल में बीएसएस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सोनारी जमशेदपुर और संत जेवियर स्कूल के बीच खेला गया. वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच संत जॉन्स स्कूल तथा विद्या भारती चिन्मया जमशेदपुर के बीच हुआ. इन मैचों में बीएसएस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सोनारी जमशेदपुर तथा विद्या भारती चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया. साथ ही इन दोनों टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए योग्यता हासिल की. मौके पर फादर रंजीत मरांडी एस जे, धनंजय सिंह आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया. प्राचार्य ने एसपी को बांस का बालवृक्ष और मोमेंटो देकर स्वागत किया.

### खास बातें

- बीएसएस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सोनारी बना उपविजेता
- एसपी व संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य ने बांटे पुरस्कार

# सेलकर्मियों ने जेनरल ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन

**संवाददाता । किरीबुरु**

बोनस एवं अन्य मांगों को लेकर सेल की मेघाहातुबुरु खदान के सेलकर्मियों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जेनरल ऑफिस के सामने शुक्रवार को प्रदर्शन किया. एटक मेघाहातुबुरु के सचिव गुंजन कुमार ने बताया कि दुर्गापूजा का पर्व शुरू हो चुका है, लेकिन आज तक सेल प्रबंधन ने सेलकर्मियों को सम्मानजनक बोनस नहीं दिया है. प्रबंधन के इस रवैया की वजह से सेल प्रबंधन व सेलकर्मियों के बीच गहरी खाई बनती जा रही है. उन्होंने कहा कि हमारी मांग 50 हजार रुपये एवं ट्रेनिज को 45 हजार रुपये बोनस की है, लेकिन प्रबंधन 22600 रुपये देने की बात कह रहा है. इसके अलावे 39 माह से लंबित एरियर का भुगतान, रात्रि भत्ता में वृद्धि, ठेका मजदूरों को भी रात्रि भत्ता के अलावे उनकी कार्य योग्यता के अनुसार अर्द्ध कुशल व कुशल श्रेणी का वेतन देने की मांग की जा रही है. ठेका मजदूरों को अकुशल श्रेणी का काम के नाम पर लिया जाता है, लेकिन उनसे अर्द्ध कुशल व कुशल श्रेणी का काम लिया जाता है. एक-एक मजदूर पिछले 10 वर्षों से अकुशल मजदूर के रुप में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रोन्नति देकर पैसा नहीं बढ़ाया जा रहा है. इस आंदोलन में गुंजन कुमार, सुरेश पान, वीर सिंह मुंडा, राजकुमार प्रसाद, रघुवीर सिंह, नईम आलम, बीरबल गुड़िया आदि दर्जनों मौजूद थे.



# गिरिडीह के गावां में एक साथ निकली दो अर्थी, गम में डूबे लोग

**संवाददाता । गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड स्थित पिहरा पश्चिमी पंचायत के बाराडीह में एक घर से दो अर्थी एक साथ निकली. 75 वर्षीय सहोदरी देवी पति छोटन महतो की गुरुवार की शाम मौत हो गई. सहोदरी की मौत के बाद उसकी बहु 38 वर्षीय अनीता देवी पति जागेश्वर प्रसाद यादव को प्रसव पीड़ा होने के बाद सदर हॉस्पिटल कोडरमा में भर्ती करवाया गया, जहां उन्होंने एक पुत्र को जन्म दिया. प्रसव होने के बाद उसकी स्थिति खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया. नवजात को तिलैया के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है. जहां उसका इलाज किया जा रहा है. सास का शव आंगन में ही पड़ा था, तब तक बहु का शव भी शुक्रवार को घर आ गया. दोनों शव को एक साथ अंतिम संस्कार के लिए श्मशान ले जाया गया. मृतका अनीता की पांच बेटियां हैं.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# भौतिक विषय के अलग-अलग कोर्सों की पढ़ाई कर बना सकते हैं बेहतर कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद**

इंजीनियरिंग और भौतिकी इस दुनिया में एक अहम किरदार निभाते हैं. इंजीनियरिंग हमारे दिन-प्रतिदिन के टूल्स के डिजाइन और विकास के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं भौतिकी का संबंध इस बात से है कि ब्रह्मांड के विभिन्न घटक एक दूसरे के साथ कैसे बातचीत करते हैं. इन महत्वपूर्ण वैज्ञानिक विषयों को मिलाकर, इंजीनियरिंग भौतिकी में एक अनोखा इंटीग्रेशन शामिल है, जो यह थ्योरेटिकल भौतिकी, इंस्ट्रूमेंटेशन और संचार के अध्ययन को शामिल करता है. यदि आप इंजीनियरिंग शाखाओं के तहत इस डोमेन को आगे बढ़ाने में रुचि रखते हैं, जो विज्ञान के थ्योरेटिकल और प्रैक्टिकल दोनों पहलुओं को संतुलित करता है, तो ऐसी कई संभावनाएं हैं जिन्हें आप चुन सकते हैं. चाहे आप अंतरिक्ष, पदार्थ या भौतिक दुनिया के दिलचस्प तत्वों की खोज के बारे में सोच रहे हों तो भौतिकी में कॅरियर आपके पेशेवर जीवन में चमत्कार कर सकता है. जबकि अधिकांश भौतिकी स्नातक अनुसंधान विभागों में काम करते रहते हैं, उनमें से कुछ शिक्षा, रक्षा, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक क्षेत्र, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और सामग्री और कंप्यूटिंग और आईटी में प्रोफाइल प्राप्त करना पसंद करते हैं.

### अनुसंधान और विकास


जो लोग शोध में दीर्घकालिक कॅरियर बनाने की योजना बना रहे हैं, वे एमएससी फिजिक्स, एमफिल या पीएचडी का विकल्प चुनने पर विचार कर सकते हैं. इससे उभरते शोधकर्ताओं को एक विशिष्ट क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करने के लिए अधिक गहन और विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी. संभावित क्षेत्र नैनोटेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी, खगोल भौतिकी, वायुमंडलीय, महासागरीय और ग्रह भौतिकी, जलवायु विज्ञान, कण भौतिकी, मौसम विज्ञान और एयरोस्पेस गतिशीलता हो सकते हैं.

### अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान

क्या आपने कल्पना चावला की शिक्षा के बारे में पढ़ा है. यह जानना काफी दिलचस्प है कि यदि आप भौतिकी का अध्ययन करते हैं तो आपको वास्तव में उनके जैसा अंतरिक्ष यात्री बनने का मौका मिल सकता है. हालांकि यह आसान नहीं है, क्योंकि एयरोस्पेस डिवीजन के भीतर भूमिकाएं सीमित और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हैं. प्रशासनिक और प्रशिक्षु भूमिकाओं के विपरीत, उच्च पद प्राप्त करने के लिए, आपको निश्चित रूप से मास्टर डिग्री की आवश्यकता होगी. ब्रह्मांड का अध्ययन करने से लेकर, अंतरिक्ष यान और उपग्रहों से डेटा एकत्र करने, रेडियो और ऑप्टिकल दूरबीनों को संचालित करने से लेकर नई सामग्रियों और प्रौद्योगिकी की जांच करने तक, एक खगोलशास्त्री की अनंत जिम्मेदारियां होती हैं.

### स्वास्थ्य देखभाल

भौतिक विज्ञानी चिकित्सा उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को बनाने, समीक्षा करने और बनाए रखने के लिए बायोमेडिकल इंजीनियरों के साथ ओवरलैप कर रहे हैं. भौतिकी में अपने कॅरियर को पटरी पर लाने के लिए, स्नातकों को कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, रेडियोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और न्यूक्लियर मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में नियोजित किया जाता है. चिकित्सा भौतिकी में मास्टर डिग्री के अलावा भौतिकी, विकिरण का पता लगाने और सामग्री विज्ञान का अच्छा ज्ञान आपको चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनियों, अनुसंधान केंद्रों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और शैक्षणिक संस्थानों में आगे बढ़ने में मदद करेगा.



### ऊर्जा

जब हम नवीकरणीय या गैर-नवीकरणीय ऊर्जा का सर्वेक्षण करते हैं, तो ऊर्जा क्षेत्र के भीतर भौतिकी में कॅरियर गतिशील होता है. अधिकांश भौतिकी स्नातक तेल और गैस कंपनियों में कार्यरत हैं. पेशेवर नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके, सबसे कुशल तरीके से जीवाश्म ईंधन भंडार निकालने का लक्ष्य रख रहे हैं. जीवाश्म ईंधन भंडार की कमी के कारण, बिजली कंपनियां सौर और पवन ऊर्जा जैसे ऊर्जा स्रोतों के रूढ़िवादी विकल्पों का विस्तार कर रही हैं. इससे अनुसंधान और विकास में कॅरियर के अवसरों की संभावित वृद्धि हुई है.

### तकनीकी

प्रौद्योगिकी क्षेत्र हमेशा नए अवसरों, विकास, नवाचार, चुनौतियों और कॅरियर पथों का एक निरंतर स्रोत रहा है. जो लोग भौतिकी में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं उनके पास रोबोटिक्स, नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी में अन्य विशेषज्ञों के साथ काम करने के लिए बहुत सारे अवसर हैं. अपेक्षाकृत नया और सबसे रोमांचक मार्ग होने के कारण, भौतिकविदों के लिए रोजगार और अनुसंधान के अवसर खुले हैं. भौतिकी में डिग्री होने के अलावा, व्यक्तियों को आदर्श रूप से समस्या-समाधान के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना चाहिए, जटिल विचारों को संप्रेषित करना चाहिए और बजटीय बाधाओं के तहत एक टीम में काम करने में सक्षम होना चाहिए. सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अनुसंधान केंद्र और तकनीकी कंपनियां दुनिया भर से प्रतिभाशाली और नवोन्वेषी शोधकर्ताओं को रोजगार देने के लिए उत्साहित हैं.

### भू-भौतिकी और मौसम विज्ञान

रडार, उपग्रह छवियों, मौसम स्टेशनों और रिमोट सेंसर से डेटा एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने में गहरी रुचि के साथ, आप भौतिकी में अपना कॅरियर बना सकते हैं. ये शोधकर्ता जलवायु परिवर्तन की वास्तविकताओं की जांच करने और दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्रिय रूप से शामिल हैं. विशिष्ट अनुसंधान कार्य में मौसमी और महासागर पूर्वानुमान और जलवायु भविष्यवाणी, परिवर्तनशीलता और परिवर्तन की निगरानी, परिष्कृत कंप्यूटर कार्यक्रमों में डेटा स्थानांतरण, कम दूरी के पूर्वानुमान के कंप्यूटर मॉडल में सुधार और वायु प्रवाह की जांच शामिल है. मौसम विज्ञान विभाग में काम करने के इच्छुक छात्रों को मौसम स्टेशनों, उपग्रह छवियों, रडार और रिमोट सेंसर से डेटा इकट्ठा करने और उनका विश्लेषण करने में गहरी रुचि होनी चाहिए. जबकि मौसम विज्ञानी दैनिक मौसम पूर्वानुमान और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करते हैं, भूभौतिकीविद् प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में चिंतित हैं.

### भौतिकी के कोर्स

- बैचलर ऑफ साइंस- खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान
- बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स)- भौतिकी
- ऑनर्स-भौतिकी के साथ विज्ञान स्नातक
- खगोल विज्ञान में विज्ञान स्नातक
- अंत विषय भौतिकी में विज्ञान स्नातक
- भौतिकी, खगोल भौतिकी में विज्ञान स्नातक
- एप्लाइड फिजिक्स में बैचलर ऑफ साइंस- एप्लाइड फिजिक्स
- कला स्नातक भौतिकी
- फाउंडेशन के साथ बैचलर ऑफ फिजिक्स
- विज्ञान भौतिकी के सहयोगी
- खगोल विज्ञान में विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- विज्ञान-भौतिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- एमएससी भौतिकी
- सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस
- भौतिकी में विज्ञान के परास्नातक
- क्वांटम प्रौद्योगिकी के मास्टर
- सामग्री विज्ञान इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग डिग्री
- एप्लाइड फिजिक्स में मास्टर ऑफ साइंस
- भौतिकी में पीएचडी
- खगोल भौतिकी में पीएचडी

### फिजिक्स के इंजीनियरिंग कोर्स

- विद्युत अभियन्त्रण
- इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- अंतरिक्ष इंजीनियरिंग
- एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
- विमान इंजीनियरिंग
- विमान रखरखाव इंजीनियरिंग
- औद्योगिक इंजीनियरिंग
- उत्पादन व्यवहारिक
- पाइपिंग इंजीनियरिंग
- स्वचालन इंजीनियरिंग
- मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
- असैनिक अभियंत्रण
- खनन अभियांत्रिकी
- पर्यावरणीय इंजीनियरिंग
- भू - तकनीकी इंजीनियरिंग
- वास्तुशिल्पीय इंजीनियरिंग
- अग्नि एवं सुरक्षा इंजीनियरिंग
- इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण इंजीनियरिंग

### भौतिकी के लिए भारत के शीर्ष विश्वविद्यालय

- भारतीय विज्ञान संस्थान
- भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी)
- भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
- हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- फर्ग्यूसन कॉलेज

### टॉप जॉब

- इंडस्ट्रियल इंजीनियर
- रिसर्च साइंटिस्ट
- फिजिसिस्ट
- फाइनेंशियल एनालिस्ट
- एयरोस्पेस इंजीनियर
- मेडिकल फिजिसिस्ट इंजीनियर
- ऑप्टिकल इंजीनियर
- डेटा एनालिस्ट
- न्यूक्लियर एंड मटेरियल्स साइंटिस्ट



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)